CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 26-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFP User: manoj.pandey@timesofindia.com Time: 02-26-2026 00:39 Color:

कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित) > गुरुवार, 26 फरवरी 2026 > फाल्गुन 7 शक संवत 1947 फाल्गुन शुक्ल दशमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पेज 14 > मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow/twitter.com/nbtlucknow Vol.8 no.56

NBT
नवभारत टाइम्स

T20 वर्ल्ड कप का सुपर मुकाबला आज
▸p12

मुंबई में अनिल अंबानी का घर कुर्क
▸p13

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

भारत Vs जिंबाब्वे मैच आज। भारतीय टीम को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए जिंबाब्वे के खिलाफ बड़ी जीत की जरूरत है। मैच चेन्नै में शाम 7 बजे से होगा।

20 20

दूसरा मैच
सा. अफ्रीका Vs वे. इंडीज
अहमदाबाद, शाम 3 बजे से
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

SC ने NCERT में आठवीं की सोशल साइंस की किताब में जुडिशरी में करप्शन से जुड़े चैप्टर पर जताई चिंता, कहा...

'किसी को भी न्यायपालिका की छवि खराब करने की इजाज़त नहीं'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने NCERT में आठवीं की सोशल साइंस की किताब में जुडिशरी में करप्शन से जुड़े चैप्टर पर गंभीर आपत्ति जताई है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने बुधवार को कहा कि किसी को संस्था की छवि खराब करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

नई किताब में जुडिशरी की प्रमुख चुनौतियों के तौर पर करप्शन और लंबित मामलों का जिक्र किया गया है। कोर्ट के सामने सीनियर वकील कपिल सिब्बल और डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने यह मुद्दा उठाते हुए तर्क दिया कि करप्शन का जिक्र चयनात्मक तरीके से किया गया है, मानो अन्य क्षेत्रों में ऐसी समस्या न हो।

चीफ जस्टिस ने कहा कि इस मुद्दे पर पहले ही आदेश पारित कर स्वतः संज्ञान लिया है। इससे बार और बेंच दोनों चिंतित हैं और हाईकोर्ट के जस्टिस भी परेशान हैं। यह एक सोची-समझी चाल प्रतीत होती है। मैं अधिक कुछ नहीं कहूंगा। वहीं, जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा कि पुस्तक की संरचना संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर के अनुरूप नहीं लगती।

विवादित चैप्टर हटाएंगे: NCERT

एनसीईआरटी ने कहा कि निर्णय में चूक के कारण अनुचित पाठ्य सामग्री छप गई है। शिक्षा मंत्रालय ने न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित विवादास्पद पाठ्यपुस्तक का वितरण रोकने का निर्देश दिया है। संबंधित अधिकारियों से परामर्श के बाद विवादित पाठ्यसामग्री दोबारा लिखी जाएगी।



> किसी भी कीमत पर संस्था की निष्कलंकता पर आंच नहीं आने देंगे। कानून अपना रास्ता अपनाएगा।
> - सुप्रीम कोर्ट

'यादव जी की लव स्टोरी' के टाइटल पर रोक से इनकार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म के टाइटल पर रोक या नाम बदलने की मांग वाली विश्व यादव परिषद की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। कोर्ट ने रेकॉर्ड पर मौजूद सामग्री देखने के बाद कहा कि टाइटल में ऐसा कोई शब्द या विशेषण नहीं है, जो यादव समुदाय को गलत रूप में दिखाता हो। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि यह मामला 'घूसखोर पंडित' से अलग है, जहां टाइटल में नकारात्मक शब्द जुड़ा था।

BNSS के प्रावधानों को चुनौती देने वाली अर्जी खारिज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) के उन प्रावधानों के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी, जिनमें सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों को अभियोजन निदेशक और सेवारत न्यायिक अधिकारियों को अभियोजन का उप निदेशक और सहायक निदेशक अपॉइंट करने की इजाजत दी गई है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि याचिका गलत है और इसमें कोई कानूनी आधार नहीं।

सोना लॉकर में सो रहा है?
सोना लीज़ पर दें
प्रति वर्ष 5%* तक अधिक सोना पाएं
myGold
For more details: +91-90 4445 4178

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 3 और 12

मुकद्दस रमजान
इफ्तार गुरुवार
सुन्नी : 6:07 PM
शिया : 6:17 PM
सहरी शुक्रवार
सुन्नी : 5:08 AM
शिया : 5:02 AM

फटाफट खबरें

टैक्स छूट के लिए बताना होगा रिश्ता

नया इनकम टैक्स ऐक्ट एक अप्रैल से लागू होगा। सरकार ने इससे जुड़े आयकर फॉर्म का ड्राफ्ट भी जारी किया है। इसमें हाउस रेंट अलाउंस (HRA) पर टैक्स छूट के लिए यह भी बताना होगा कि मकान मालिक से कोई रिश्ता है या नहीं। ▸▸ पेज-11

इस माह का वेतन और पेंशन 28 तक

यूपी सरकार ने राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों को 28 फरवरी तक वेतन-पेंशन जारी करने का फैसला किया है। होली 3 मार्च को है। त्योहार प्रभावित न हो, इसके लिए सरकार ने यह फैसला किया है।

अप्रैल से E20 पेट्रोल की बिक्री अनिवार्य

1 अप्रैल 2026 से 20% तक एथनॉल मिश्रण और न्यूनतम 95 रिसर्च ऑक्टेन नंबर (रॉन) वाले E20 पेट्रोल की बिक्री अनिवार्य होगी। पेट्रोलियम मंत्रालय ने इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है।

हैपी मॉर्निंग

टिंकू: क्या कर रहे हो भाई?
पिंकू: खा रहा हूं
टिंकू: अकेले-अकेले?
पिंकू: यार, मम्मी से ताने खा रहा हूं, आ जा तू भी खा ले...

अर्थसार

सेंसेक्स	82,276.07	(+50.15)
निफ्टी	25,482.50	(+57.85)
रुपया/US डॉलर	90.95	(-0.01)
रुपया/यूरो	107.35	(+0.20)

सराफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
लखनऊ	₹1,64,160
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
लखनऊ	₹2,85,000

मौसम

न्यूनतम तापमान 15.4°
अधिकतम तापमान 30.4°
सूर्यास्त गुरुवार 6:05 | सूर्योदय शुक्रवार 6:33

बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के यहां आयकर छापे

लखनऊ समेत छह शहरों में 30 से अधिक ठिकानों पर पहुंची टीमें

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी के विधायक उमाशंकर सिंह के ठिकानों पर आयकर विभाग ने बुधवार को छापे मारे। खबर लिखे जाने तक लखनऊ समेत छह शहरों में छापेमारी जारी थी। इस दौरान चार करोड़ रुपये से अधिक नकदी और बैंक लॉकरों से जुड़े दस्तावेज मिलने की खबर है। कई बेनामी संपत्तियों के सुराग भी मिले हैं। अधिकारियों के मुताबिक, यह छापेमारी कई दिनों तक जारी रह सकती है।

आयकर के 50 से अधिक अधिकारियों की अलग-अलग टीमों ने सुबह 11 बजे लखनऊ, बलिया, सोनभद्र, कौशांबी, मीरजापुर और प्रयागराज में 30 से ज्यादा ठिकानों पर एकसाथ छापे मारे। तीन टीमों ने राजधानी के गोमतीनगर के विपुल खंड स्थित उमाशंकर के आवास, उनकी कंपनी छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन के कॉरपोरेट ऑफिस और वजीर हसन रोड पर करीबी ठेकेदार फैजी के ठिकानों पर दस्तावेज की जांच की। छापेमारी के दौरान पूर्व विधायक राकेश प्रताप सिंह उमाशंकर के घर पहुंचे, लेकिन उन्हें एंट्री नहीं दी गई।

आपको बता दें कि उमाशंकर छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी और साईं राम इंटरप्राइजेज के नाम से सड़क और खनन से जुड़े कार्य करते हैं। बीते वर्ष कैग ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि सोनभद्र में अवैध खनन कार्यों से करीब 60 करोड़ रुपये की राजस्व की हानि हुई थी। पिछले साल विजिलेंस ने भी आय से अधिक संपत्ति की शिकायत पर जांच शुरू की थी।

04 करोड़ रुपये से अधिक नकदी और बैंक लॉकर के दस्तावेज मिले

आयकर विभाग ने बुधवार को लखनऊ के गोमतीनगर में बसपा विधायक उमाशंकर (इनसेट) का आवास भी खंगाला।

बाराती बनकर पहुंचे आईटी अफसर

सोनभद्र और बलिया में आयकर अफसर बाराती बनकर पहुंचे। वाहनों पर शादी समारोह से जुड़े स्टिकर लगे होने के कारण लोगों को भ्रम हुआ, लेकिन कुछ ही देर में स्पष्ट हो गया कि वाहनों में बाराती नहीं, बल्कि आयकर अधिकारियों की टीम है। सोनभद्र में साईं राम इंटरप्राइजेज कंपनी के नाम से खनन का कारोबार करने वाले उमाशंकर के करीबी सौरभ गुप्ता समेत कई खनन कारोबारियों के ठिकानों को खंगाला गया। बलिया में उमाशंकर के पैतृक आवास पर पहुंचते ही टीम ने पूरे परिसर को घेर लिया और घर में मौजूद सभी सदस्यों के मोबाइल फोन कब्जे में ले लिए। आवास पर मौजूद विधायक के भाई और छात्र शक्ति इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के डायरेक्टर रमेश सिंह से अधिकारियों ने लंबी पूछताछ की और कई दस्तावेज कब्जे में लिए। टीम ने गांव के पास स्थित कंपनी के प्लांट पर पहुंचकर उसे सील कर दिया। रसड़ा स्थित विधायक के आलीशान होटल में छापेमारी की गई।

छापों पर मंत्री दिनेश प्रताप ने उठाए सवाल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: उमाशंकर के यहां पड़े छापों पर प्रदेश सरकार के मंत्री ने ही सवाल उठाए हैं। उद्यान एवं कृषि विपणन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने छापे के दौरान ही 'X' पर लिखा कि आयकर सहित सभी संस्थाओं को पता है कि उमाशंकर सिंह दो वर्ष से अधिक समय से जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। उनका सारा समय और पैसा सांसें बचाने में व्यय हो रहा है। सभी व्यवसाय लगभग बंद हो गए हैं। उमाशंकर के समधी दिनेश ने यह भी कहा कि इन परिस्थितियों में कोर्ट भी दुर्लभतम अपराधी में दोषमुक्त कर देता है। ऐसे कठिन दौर में कौन संवेदनहीन राजनेता या संस्था पीड़ा देने की सोच सकती है, प्रभु इन्हें सद्बुद्धि दे। वहीं, बसपा प्रमुख मायावती ने भी इन छापों को गलत ठहराया।

यूपी में ₹11 हज़ार करोड़ का निवेश करेंगी जापानी कंपनियां

तोक्यो पहुंचे सीएम योगी, कई सेक्टर्स में हुए MoU

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

सिंगापुर दौरा खत्म करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को जापान की राजधानी तोक्यो पहुंचे। उनके नेतृत्व में यूपी के प्रतिनिधिमंडल ने जापानी कंपनियों के साथ 11,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए एमओयू किए। ये समझौते कुबोटा कॉरपोरेशन, मिंडा कॉरपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे ऐंड कंपनी, सीको एडवांस, ओऐंडओ ग्रुप, फूजी सैनरीन नेबी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट के साथ हुए।

योगी ने तोक्यो में कोनोइके ट्रांसपोर्ट के सीनियर मैनेजिंग एग्जिक्यूटिव ऑफिसर शोजी तानाबे से मुलाकात की। कंपनी यूपी में लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउसिंग सेक्टर में निवेश कर सकती है। सीएम ने कहा कि यूपी का भौगोलिक व औद्योगिक परिदृश्य अब निवेशकों के लिए असाधारण अवसर प्रस्तुत कर रहा है। राज्य सीधे डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) से जुड़ा है, जिससे माल ढुलाई की गति तेज होगी। मुख्यमंत्री ने यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डिवेलपमेंट अथॉरिटी क्षेत्र में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क का उल्लेख करते हुए कहा कि यह परियोजना जापानी कंपनियों के लिए अत्यंत अनुकूल इकोसिस्टम उपलब्ध कराती है।

▸▸ दंगे, कर्फ्यू से बढ़कर दीपोत्सव और निवेश की पहचान बना यूपी: पेज-2

जापान की राजधानी तोक्यो में बुधवार को सीएम योगी का गर्मजोशी से स्वागत हुआ। योगी ने जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी से भी मुलाकात की (इनसेट)।

इन क्षेत्रों में निवेश के लिए समझौते

- कृषि यंत्र निर्माण
- औद्योगिक मशीनरी निर्माण
- ऑटोमोबाइल
- इलेक्ट्रॉनिक्स
- औद्योगिक प्रिंटिंग एवं ग्राफिक्स
- हॉस्पिटैलिटी
- रियल एस्टेट

उगते सूरज की धरती को 'आदित्य' का नमस्कार

तोक्यो पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "अभी जापान की राजधानी तोक्यो पहुंचा हूं। उगते सूरज की नवोन्मेषी भूमि को प्रभु श्री राम की पावन धरा से 'आदित्य' का नमस्कार।" तोक्यो में उनका स्वागत यामानाशी प्रांत के वाइस गवर्नर जुनिचि इशिदेरा ने किया। इस अवसर पर जापान में भारत की राजदूत नगमा एम मलिक और भारतीय समुदाय के सदस्य भी उपस्थित रहे।

ट्रंप ने भारतीय सौर उत्पादों पर लगाया 126% टैरिफ

10% ग्लोबल टैरिफ के अतिरिक्त होगा यह शुल्क

■ पीटीआई, नई दिल्ली

अमेरिका ने भारत पर अनुचित सब्सिडी दिए जाने का आरोप लगाते हुए कुछ भारतीय सोलर इंपोर्ट पर 125.87% का काउंटरवेलिंग ड्यूटी (CVD) यानी प्रतिपूर्ति शुल्क लगाने की घोषणा की है। इंडोनेशिया और लाओस से आयातित प्रॉडक्ट पर भी अलग-अलग टैरिफ लगाने की घोषणा की है। यह शुल्क अमेरिकी प्रशासन द्वारा 24 फरवरी से सभी देशों पर घोषित 10 प्रतिशत शुल्क के अतिरिक्त है।

भारत वर्तमान में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश है। अमेरिका का मानना है कि इससे इन देशों के निर्यातकों को घरेलू सोलर एनर्जी प्रोड्यूसरों के उत्पादों की तुलना में कम कीमत पर अपने उत्पाद बेचने की अनुमति मिलती है।

सौर कंपनियों के शेयर में गिरावट

कुछ भारतीय सौर उत्पादों पर अमेरिका में 125.87% का प्रारंभिक प्रतिपूरक शुल्क लगाए जाने की घोषणा के बाद सौर क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के शेयर में बुधवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। बीएसई पर वारी एनर्जीज के शेयर में 10.47%, प्रीमियर एनर्जीज के शेयर में 6.27%, विक्रम सोलर के शेयर में 5.45% और स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के शेयर में 1.05% की गिरावट दर्ज की गई। ▸▸ पेज-11

पाकिस्तान के पीएम ने कहा था, करोड़ों लोग मारे जाते: ट्रंप

■ पीटीआई, न्यू यॉर्क: अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने उनसे कहा था कि अगर उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने के लिए दखल नहीं दिया होता तो 3.5 करोड़ लोग मारे गए होते। ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को 'नष्ट' करने का दावा भी किया। ट्रंप ने अवैध प्रवासियों के लाइसेंस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। एक हादसे का जिक्र करते हुए कहा कि ट्रक चालक एक अवैध प्रवासी था जिसे जो बाइडन ने देश में आने दिया था। अधिकतर अवैध प्रवासी अंग्रेजी नहीं बोलते और दिशा, गति, खतरे या स्थान जैसे बुनियादी सड़क संकेतों को भी नहीं पढ़ सकते।

बरसाना में घूंघट की ओट से बरसी लाठियां

मथुरा के बरसाना में बुधवार को लट्ठमार होली खेली गई। श्रीजी मंदिर में दर्शन के बाद नंदगांव के हुरियारे ध्वजा लेकर पीली पोखर पहुंचे। दोपहर बाद रंगीली चौक पर लट्ठमार होली शुरू हुई, जहां हुरियारिनों ने घूंघट की ओट से प्रेमभाव से हुरियारों पर लाठियां बरसाईं। हुरियारों को घुटनों के बल बैठकर ढाल पर वार झेलने पड़े।

टीचर की हत्या करने वाले हेड कॉन्स्टेबल को उम्रकैद

■ भाषा, मुजफ्फरनगर: विशेष एससी-एसटी कोर्ट ने साल 2024 की यूपी बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी के दौरान सरकारी शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की हत्या के दोषी हेड कॉन्स्टेबल चंद्र प्रकाश यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश सीताराम ने उसे IPC-302 व 504 और एससी-एसटी अधिनियम के तहत दोषी मानते हुए एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया।

> तंबाकू न देने पर मारी थी गोली

जानकारी के मुताबिक, 17 मार्च 2024 को यूपी बोर्ड की कॉपियां एसडी इंटर कॉलेज में लाई गई थीं। देर होने के कारण टीम कॉलेज के मेन गेट के बाहर खड़े वाहन में ही रुकी रही। वहां ड्यूटी पर मौजूद चंद्र प्रकाश बार-बार धर्मेंद्र से तंबाकू मांग रहा था। इससे इनकार करने पर चंद्र प्रकाश ने कार्बाइन से गोलियां चलानी शुरू कर दीं। इससे धर्मेंद्र को कई गोलियां लगीं और उनकी मौके पर मौत हो गई थी। घटना के बाद मामला दर्ज कर चंद्र प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया गया था। गिरफ्तारी के बाद से वह जेल में है।

यूपी बोर्ड

हाईस्कूल की परीक्षा में सात सॉल्वर छात्राएं गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, वाराणसी

गाजीपुर में बुधवार को यूपी बोर्ड हाईस्कूल की विज्ञान की परीक्षा के दौरान एक कॉलेज में सात सॉल्वर छात्राएं पकड़ी गईं। ये सभी दुल्लहपुर के जलालाबाद स्थित मां वीणा वादिनी इंटर कॉलेज में भैरवपुर के पं. रमापति वैद्य इंटर कॉलेज की छात्राओं की जगह परीक्षा दे रही थीं। वहीं, रमाशंकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लौवाडा में एक युवक अपने भाई की जगह परीक्षा देते पकड़ा गया।

बदली गई थी फोटो

जांच में सॉल्वर बनी छात्राओं के प्रवेश पत्र की फोटो पर संदेह हुआ। इस पर उनका बायोमेट्रिक सत्यापन करवाया गया तो हकीकत सामने आ गई।

साझेदारी... इस्राइल की संसद में मोदी का संबोधन, 26/11 हमले का भी जिक्र किया

आतंकवाद पर दोहरा रवैया नहीं चलेगा: PM

■ NBT रिपोर्ट/पीटीआई, नई दिल्ली/येरुशलम

पीएम मोदी ने बुधवार रात इस्राइली संसद को संबोधित किया। उन्होंने आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस के साथ गाजा पीस योजना को दीर्घकालिक शांति के लिए जरूरी बताया। कहा कि इसी में फलस्तीन मुद्दे को सुलझाया जाना शामिल है। 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा किए गए आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा, 'हम आपके दर्द को महसूस करते हैं, हम आपके शोक में आपके साथ हैं। कहीं भी आतंकवाद हर जगह शांति के लिए खतरा है। भारत ने लंबे वक्त तक आतंकवाद का दंश झेला है।

पीएम ने 26/11 के मुंबई हमले में इस्राइली नागरिकों समेत बेगुनाहों के जान गंवाने को याद किया और कहा, हमारी भी आतंकवाद के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति है, जिसमें कोई डबल स्टैंडर्ड नहीं है। भारत दृढ़ता के साथ इस्राइल के साथ खड़ा है। आगे भी खड़ा रहेगा। आतंकवाद का मकसद समाज को अस्थिर करना, डिवेलपमेंट को रोकना और भरोसा खत्म करना है। आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए लगातार और मिलकर दुनियाभर में कार्रवाई करने की जरूरत है, क्योंकि कहीं भी देर होने से हर जगह शांति को खतरा होता है। ▸▸ पेज 13

> नागरिकों की हत्या और आतंक को किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। -नरेंद्र मोदी

> मोदी ने गाजा पीस प्लान को शांति के लिए जरूरी बताया

मोदी को इस्राइली संसद 'नेसेट' का सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' दिया गया।

इस्राइली पीएम के साथ मोदी की बैठक

प्रधानमंत्री मोदी और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू ने बुधवार को बैठक की, जिसमें उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई मुद्दों और क्षेत्र में महत्वपूर्ण घटनाक्रमों पर चर्चा की।

साझे इंफ्रा को लेकर आगे बढ़ेंगे: PM

पीएम ने कहा कि इस्राइल इनोवेशन का पावर हाउस है और भारत बढ़ती इकॉनमी। हम व्यापार, निवेश प्रवाह और साझे इंफ्रा को लेकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देश FTA के लिए काम कर रहे हैं, इससे ट्रेड में नए अवसर मिलेंगे।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 26-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG12 User: cci Time: 02-25-2026 23:24 Color:

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) । गुरुवार, 26 फरवरी 2026

न्याय केवल किया ही न जाए, बल्कि होता हुआ भी दिखाई देना चाहिए।
- लॉर्ड डेनिंग, ब्रिटिश न्यायाधीश

करप्शन पर बात हो

NCERT की किताबों के कंटेंट को लेकर पहले भी विवाद हो चुके हैं, लेकिन इस बार मामला न्यायपालिका से जुड़ा है। कक्षा 8 की एक किताब में जुडिशरी में करप्शन की बात कही गई है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने इस पर सख्त ऐतराज जताते हुए कहा कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम नहीं करने दिया जाएगा। सोर्सेज के हवाले से खबरें हैं कि NCERT इस अंश को हटा सकता है।

भ्रष्टाचार समस्या । ट्रांसपेरेंसी इंटरनैशनल की इसी महीने जारी रिपोर्ट के मुताबिक, करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में 182 देशों के बीच भारत की रैंक 91 है। पिछले साल के मुकाबले देश ने 5 स्थान का सुधार जरूर किया, पर भ्रष्टाचार अब भी बड़ी समस्या है। इसकी वजह से तमाम सरकारी योजनाएं और नीतियां अपना असर खो देते हैं और आम लोगों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हालांकि जब बात जुडिशरी की आती है, तो भावनाएं बदल जाती हैं।

AI Image

NCERT किताब विवाद

जस्टिस वर्मा केस । जब तमाम उम्मीदें कमजोर हो जाती हैं, तब अदालतों से आस जगती है। लेकिन, इस भरोसे की कुछ कीमत भी है और वह है पारदर्शिता व जवाबदेही। कोई भी सिस्टम करप्ट नहीं होता, उसे चलाने वाले चंद लोग ही होते हैं। देश की न्यायिक व्यवस्था को भी इस मामले में कुछ सवाल झेलने पड़े हैं। जस्टिस यशवंत वर्मा के करप्शन का मामला पिछले साल मार्च का है और अभी तक यह अंजाम तक नहीं पहुंचा है। दिसंबर में ही सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई थी कि करियर के आखिरी में बड़े फैसले देने का ट्रेंड बढ़ रहा है। जरूरी नहीं कि करप्शन पैसों का ही हो।

लंबित मामले । अदालतें भरोसे का नाम हैं, पर यह भी सच है कि आम आदमी अदालतों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहता। मुकदमे सालों-साल चलते हैं और खर्चीले हैं। विभिन्न अदालतों में लगभग 4.9 करोड़ केस पेंडिंग हैं। जिला अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक - न्यायाधीशों के तमाम पद खाली हैं, जिससे न्याय की रफ्तार बहुत धीमी हो जाती है।

अच्छी पहल । भारतीय न्यायपालिका की इस मायने में तारीफ होनी चाहिए कि पारदर्शिता के लिए वह खुद पहल करती है। मसलन, पिछले साल मई में शीर्ष अदालत के न्यायधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने पर सहमति जताई थी। इसने न्यायपालिका की गरिमा को और बढ़ा दिया। सुप्रीम कोर्ट को फिर उसी तरह की पहल करते हुए कोई रास्ता निकालना चाहिए। इस विवाद में सबक NCERT के लिए भी है कि केवल एक संस्था पर बात क्यों, जबकि करप्शन देश की सबसे आम समस्या है।

गुस्ताख़ी माफ़

नैतिकता की स्विंग

'मॉर्निंग वॉक जल्दी निपटाइए, आज हमारे साथ चलना है। हम सब मिलकर आवाज उठाएंगे। हमें बताना ही होगा कि ये जो कर रहे हैं, हम उसका कड़ा विरोध करते हैं।' श्रीमान क ने आदतन गुड मॉर्निंग का नारा लगाया था, पर मिस्टर ए ने उसे किनारे कर दिया। उन्होंने कुछ ऐसा तेवर दिखाया, जैसे रिवर्स स्विंग लगा रहे हों।

अखिलेश प्रताप सिंह

जरूरत से ज्यादा भकोसा हुआ माल कोलेस्ट्रॉल में न बदल जाए, इस चिंता में मैं दौड़ लगा रहा था, पर इनकी बातचीत सुन रुक गया। मिस्टर ए ने कहा, 'भाई साब, न तो हमारी रेजिडेंट वेलफेयर असोसिएशन से पूछा, न मार्केट असोसिएशन से, अपने हिसाब से फैसला कर लिया कि हमारे इधर भारी-भरकम डेटा सेंटर बनाएंगे।'

श्रीमान क ने इसे अच्छा बताया, पर मिस्टर ए भड़क गए। 'यह सेंटर कितनी बिजली चूसेगा, कुछ पता भी है? बिजली महंगी होगी तो हमारे मत्थे ही तो बोझ आएगा। इन सेंटरों की कूलिंग में बहुत पानी लगता है। हमारे इधर तो वॉटर सप्लाई पहले ही सुबह-शाम वाली है। डेटा सेंटर बन गया तो हमारा क्या होगा? कुछ पढ़ा-लिखा भी कीजिए।'

श्रीमान क ने उन्हें सांस लेने का मौका देने की गरज से कहा, 'लेकिन यह तो विकास का काम है। क्या आप नहीं चाहते कि सभी लोग आगे बढ़ें?' विकास का नाम सुनते ही मिस्टर ए नरम पड़ गए। 'विकास तो होना ही चाहिए। पर ऐसी चीजें दूसरे स्टेट में भी तो बना सकते हैं, कोई गांव-कस्बा हो। वहां पानी-बिजली कम भी हो तो चल जाएगा। इधर तो आफत हो जाएगी। इसलिए हम लोग सड़क जाम करने जा रहे हैं।' श्रीमान क ने उन्हें समझाया, 'सड़क जाम करना ठीक बात नहीं है। यह लोकतांत्रिक तरीका नहीं है। फिर हमारे शहर में जो लोग बाहर से आए हैं, वे क्या सोचेंगे? आप अधिकारियों को ज्ञापन दीजिए। वे जरूर सुनेंगे।' तभी अपने बदमाश बल्लू बाश्शा की आवाज सुनाई दी। 'दौड़ पूरी कीजिए अंकल। इधर हो तो आफत-उधर हो तो स्वागत, नैतिकता की ये रिवर्स स्विंग तो चलती रहेगी।'

एकदा

संकलन : दीनदयाल मुरारका

सज्जनता उपाधि नहीं

जेम्स चार्ल्स स्टूअर्ट का जन्म 19 जून 1566 को एडिनबर्ग महल में हुआ। एलिजाबेथ प्रथम के निधन के बाद उन्हें इंग्लैंड की राजगद्दी मिली और उन्होंने स्वयं को ग्रेट ब्रिटेन का राजा कहा। जेम्स अपने राजकोष को बढ़ाने और संपन्न बनाने के लिए जाने जाते थे। कहा जाता है कि इसके लिए वह धन लेकर उपाधियां भी दिया करते थे। वह जानते थे कि उपाधि से महानता नहीं आती, फिर भी कुछ लोगों के अहंकार को संतुष्ट कर राजकोष भरना उन्हें सही लगा रहा था। एक दिन एक व्यक्ति उनके पास आया और उसने उनसे निवेदन किया, 'महाराज, मुझे सज्जन की उपाधि दे दीजिए। इसके लिए जो भी धन चाहिए, वह देने के लिए मैं तैयार हूं।' जेम्स मुस्कुराए और बोले, 'मैं तुम्हें लॉर्ड, ड्यूक या दार्शनिक बना सकता हूं, पर सज्जन नहीं। सज्जनता खरीदी नहीं जाती, वह तो संस्कारों से जन्म लेती है।' यह सुनकर वह व्यक्ति निरुत्तर हो गया। यह प्रसंग सिखाता है कि पद और प्रतिष्ठा बाहर से मिल सकते हैं, पर चरित्र भीतर से निर्मित होता है।

Subrata Dhar

संघ के मुताबिक किसी को लालच या छल से धर्म बदलने पर मजबूर करना ग़लत

घर वापसी पर क्या है RSS की सोच

अवधेश कुमार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरसंघचालक मोहन भागवत देशभर के दौरे पर हैं। इस दौरान उनके भाषण और सवाल-जवाब चर्चा में हैं। ये यात्राएं संघ के शताब्दी वर्ष के तहत पहले से तय थीं। संघ से जुड़े सवालों के जवाब खुद भागवत दे रहे हैं। पहले ऐसा नहीं हुआ, जब इतने विस्तार से संघ के विभिन्न पहलुओं के बारे में खुद संघ प्रमुख ने बताया हो। इसमें दो बातें खास लगती हैं - सरसंघचालक का ब्राह्मण होना और मुस्लिमों के साथ RSS का रिश्ता।

जाति अहम नहीं । अक्सर यह सवाल उठता है कि संघ प्रमुख ब्राह्मण ही क्यों होते हैं? जैसा भागवत ने बताया, संघ की शुरुआत ऐसे समाज में हुई जहां ब्राह्मणों की संख्या अधिक थी, इसलिए शुरुआती कार्यकर्ता और संस्थापक भी अधिकतर ब्राह्मण थे। लेकिन, रिसर्च करने वाले और संघ को करीब से जानने वाले बताते हैं कि यहां पद जाति के आधार पर नहीं, काम और समर्पण के आधार पर मिलता है। संघ में कौन किस जाति का है, यह व्यवहार में दिखाई नहीं देता। नेतृत्व में अलग-अलग जातियों के लोग हैं। सरसंघचालक का चयन आपसी विश्वास और सहमति से होता है, जाति वहां मुद्दा नहीं होती।

सद्भाव जरूरी । सवाल यह भी उठता है कि संघ जातीय भेदभाव और संघर्ष खत्म करने के लिए क्या रास्ता बताता है? भागवत के अनुसार, तनाव और विषमता तब पैदा होती है, जब हम खुद को एक देश और एक मातृभूमि की संतान के रूप में नहीं देखते। यहीं पर हिंदू होने का भाव महत्वपूर्ण है। वह कहते हैं कि ऊंच-नीच से ऊपर उठकर आपसी सद्भाव बढ़ाना जरूरी है। जो पीछे रह गए हैं, उन्हें सहारा देकर आगे लाना चाहिए। समस्या है कि जाति विहीन समाज की बात करते हुए भी व्यवहार में जाति भेद बढ़ाने वाले बहुत हैं। इसका समाधान किसी एक सरकार या संगठन से नहीं होगा, समाज के हर व्यक्ति को प्रयास करना होगा।

धर्म परिवर्तन । कुछ लोग मुस्लिम समाज और उनकी 'घर वापसी' के मुद्दे पर भी सवाल उठाते हैं। संघ प्रमुख का कहना है कि भारत के सभी मुस्लिमों के पूर्वज हिंदू थे। वे बाहर से नहीं आए, उन्होंने अपना धर्म बदला। जहां तक उनकी हिंदू धर्म में वापसी का सवाल है, तो किसी को लालच, दबाव या छल से धर्म बदलने के लिए मजबूर करना गलत है। लेकिन, अगर कोई अपनी इच्छा से आना चाहे, तो उसे रोका नहीं जाना चाहिए। ऐसे लोगों की जिम्मेदारी फिर हिंदू समाज को लेनी चाहिए। इस विषय पर बोलने पर अक्सर तीखी प्रतिक्रिया होती है। कुछ मुस्लिम नेताओं, जैसे अरशद मदनी ने कड़ी आपत्ति जताई। हालांकि भागवत ने जबरन 'घर वापसी' की बात नहीं कही, उनका वक्तव्य केवल स्वेच्छा से लौटने वालों को लेकर था।

संघ की सोच

- भारत पहले से ही हिंदू राष्ट्र, घोषित करने की जरूरत नहीं
- संघ प्रमुख के चयन में सहमति अहम, जाति मुद्दा नहीं
- सेकुलरिज्म को सम्प्रदाय तटस्थता के रूप में समझा जाए

शाखा में मुस्लिम । यह सवाल भी बहुत उठता है कि क्या शाखा में मुसलमान आते हैं? जवाब यही है कि शाखा में आने वालों को जाति या मजहब से नहीं, केवल हिंदू के रूप में देखा जाता है। संघ की सोच के अनुसार, भारत में रहने वाले सभी लोग सांस्कृतिक रूप से हिंदू हैं, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो। स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरविंद जैसे महापुरुषों ने भी यही बात कही थी।

हिंदू राष्ट्र । यह भी पूछा जाता है कि क्या संघ संविधान से सेकुलर शब्द हटाकर हिंदू राष्ट्र घोषित करना चाहता है और तिरंगे की जगह भगवा लहराना चाहता है? मोहन भागवत ने इसका जवाब यह दिया कि भारत हिंदू राष्ट्र है, इसे घोषित करने की जरूरत नहीं। समस्या वहां से हुई, जब भारत पर पश्चिमी राष्ट्रों की परिभाषा लादी गई। भारतीय चिंतन में राष्ट्र एक जीवन दर्शन है, जिसे लोगों ने जीवन शैली के रूप में अपनाया है। संघ ने कहा है कि देश में कभी किसी पंथ या मजहब की धार्मिक स्वतंत्रता खत्म नहीं होगी, क्योंकि यह भारत और हिंदुत्व के चरित्र के विपरीत है।

कोई दुश्मन नहीं । शताब्दी अभियान के दौरान आई बातों पर ध्यान दें तो कई गलतफहमियां दूर हो सकती हैं। साथ ही भारत राष्ट्र, राजनीति, जाति, समाज, सेकुलरिज्म, विकास, शिक्षा, संस्कृति और रोजगार जैसे मुद्दों पर व्यापक समझ बनती है। संघ की सोच है कि सेकुलरिज्म को धर्मनिरपेक्षता नहीं, सम्प्रदाय तटस्थता के रूप में समझना चाहिए। संघ के सतत विस्तार का उत्तर भागवत की इस पंक्ति में है कि हमारा कोई विरोधी नहीं, हमारे लिए दो ही श्रेणी हैं - एक जो हमारे साथ हैं और दूसरे, जो साथ आने वाले हैं। यह छोटा, लेकिन असाधारण आचरण सूत्र है। अगर यह मान लें कि जो आज साथ नहीं हैं, वे कल साथ होंगे, तो कोई विरोधी या दुश्मन नहीं रह जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विचारक हैं)

कांटे की बात

न्यूज रिपोर्ट्स में 600...700...जैसे एक्यूआई के आंकड़े दिए जाते हैं, जो मुंबई के बारे में सच नहीं हैं। प्रदूषण घटाने के लिए आपको BMC जैसी एजेंसियों के बनाए नियमों पर अमल करना होगा।

पंकजा मुंडे, पर्यावरण मंत्री, महाराष्ट्र

रामानुजन दे सकते हैं सेमीफाइनल का फॉर्म्युला

असंभव संवाद

T20 विश्व कप में एक हार ने टीम इंडिया के सारे समीकरण बिगाड़ दिए हैं। भारत सेमीफाइनल में पहुंचेगा या नहीं, और जीत कितनी बड़ी होनी चाहिए - अटकलें लग रही हैं। टीम इंडिया की Probability जानने को एक क्रिकेट फैन पहुंच गया है महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के पास।

AI Image

रामानुजन ने पॉइंट्स टेबल को देखा और फिर सामने टीम इंडिया की जर्सी पहने और मुंह पर तिरंगा पेंट लगाए प्रशंसक से कहा, 'Probability थिअरी समझने के लिए ब्लेज पास्कल के पास जाना चाहिए था।' 'सर, उसके लिए वक्त में और पीछे जाना पड़ता। मामला अर्जेंट है। हमारे समय के गणितज्ञ फैन्स कह रहे हैं कि हमें 500-600 रन बनाने होंगे। तो हमारी क्या संभावना है, आप किसी फॉर्म्युले से बता सकते हैं?' 'उतनी ही संभावना है, जितना तुम्हें टीम पर और टीम का खुद पर भरोसा। गणित की तो हां है, पर विषय साइकोलॉजी का भी हो गया है।' प्रशंसक को राहत मिली, 'गणित की ही टेंशन थी, मन तो मजबूत है। वैसे पाकिस्तान की Probability बता सकते हैं क्या...?'

- शैलेंद्र पांडेय

जनता जंक्शन — इरफ़ान

ए फॉर अपील, बी फॉर बेल और सी फॉर केस

तीखेलाल

AI Image

हम लखनऊवा

एडवोकेट हरवीर सिंह- यार तीखेलाल, लोग जरा-जरा सी बात पर इतना लड़ते क्यों हैं?

तीखेलाल- ताकि तुम लोगों का धंधा चले। लोग लड़ेंगे नहीं तो कोर्ट-कचहरी और थाने बनाए ही क्यों गए? यह भी पूछने की बात है।

हरवीर- अरे नहीं तीखे भाई, आज मन बहुत खराब है। हमारे मित्र वकील साहब गांव में जमीन के विवाद में गए थे। उन्हें रिश्तेदारों ने ही पीट-पीटकर मार डाला। लोग जमीन-जायदाद के लिए कितना गिरते जा रहे हैं।

तीखेलाल- ओह, यह तो बड़े दुख की बात है। पर क्या कहें हरवीर भाई, जमीनों का युद्ध बहुत खतरनाक है। जितना दिखता है, उससे कहीं ज्यादा। एक पीढ़ी कोर्ट जाती है और फिर उसकी अगली तीन-चार पीढ़ियां इस कोर्ट से उस कोर्ट तक लड़ती हैं। हारने वाला तो खैर हारता ही है लेकिन जीतने वाला, जीत के भी हारता है क्योंकि वह बहुत कुछ खो देता है।

हरवीर- सही कहा भाई, हम अपने करीबी लोगों में ही देख रहे हैं। चाचा-ताऊ अब बच्चों को गोद में नहीं उठाते, बल्कि बच्चों को बताते हैं कि देखो ये वही चाचा या ताऊ हैं जिन्होंने हमारे हिस्से का रास्ता कब्जिया लिया।

तीखेलाल- बच्चे भी बेचारे ए से एप्पल, बी से बॉय और सी से कैट के बजाए ए फॉर अपील, बी फॉर बेल और सी फॉर केस सीखते हैं।

हरवीर - पहले दादा-दादी राजा-रानी की कहानी सुनाते थे और अब नाती-पोते सुनते हैं कि घर के रिश्तेदारों से फलाना केस 1990 से चल रहा है। हम जीत के करीब हैं और दादा जी जब तक जीतते हैं तब तक चलने-फिरने के काबिल नहीं बचते या फिर ऊपर ही चले गए होते हैं। उनके अहम और गुस्से की लड़ाई में खानदान के बच्चे रिश्तों का आनंद उठाने के बजाए, दुश्मनी पाले बैठे रहते हैं।

तीखेलाल- सच कहूं तो अगर इंसान थोड़ा सा सब्र कर ले और छोड़ना सीख ले तो असल में वह काफी कुछ पा सकता है। खोने से बच सकता है, लेकिन लालच और गुस्से वाला ब्लड प्रेशर उसे रोक देता है। बीपी तो ससुरा स्टेटस सिंबल बन गया है। जिसका जितना ज्यादा बीपी, उसका उतना बड़ा स्वाभिमान।

हरवीर- जमीनों के चक्कर में अब रिश्तेदारी ऐसा पेड़ बन गया है जिसकी जड़ों में अब पानी नहीं बल्कि स्टे ऑर्डर और तारीखें डाली जाती हैं। दीवानी के इस पेड़ से अक्सर फौजदारी के फल टपकते हैं।

तीखेलाल- ईश्वर जायदाद के झगड़े में मारे गए वकील साहब की आत्मा को शांति दे, लेकिन सच तो यही है कि हमने रिश्तों को विरासत नहीं, मुकदमा बना दिया है और मुकदमे की खासियत होती है कि यह ज्यादातर कभी खत्म नहीं होता, बस वारिस बदलता रहता है।

चांदी के सिक्कों ने लोकतंत्र को बढ़ावा दिया

अभिषेक मिश्र

टाइम मशीन

AI Image

प्राचीन यूनान को आमतौर पर लोकतंत्र, दर्शन और विज्ञान की जननी कहा जाता है। लेकिन, कुछ लोगों को ही पता है कि इस बौद्धिक उभार के पीछे मुद्रा और व्यापार भी था। चांदी के सिक्कों ने न केवल यूनान की अर्थव्यवस्था बदली, बल्कि इसने लोगों की सोच, समाज की बनावट और धर्म तक को प्रभावित किया। दार्शनिक और इतिहासकार जेनोफोन के जीवन से इस परिवर्तन को बखूबी समझा जा सकता है।

साइरस के सैनिक । एथेंस में जन्मे जेनोफन (xenophon) एक संपन्न परिवार से ताल्लुक रखते थे। उनकी आय मुख्य रूप से खेती पर निर्भर थी। जवानी के दिनों में वह फारसी राजकुमार साइरस द यंगर की सेना में शामिल हुए। साइरस ने अपने भाई के खिलाफ विद्रोह छेड़ा था। हालांकि, वह युद्ध में हार गए, लेकिन विदेशी जमीन पर फंसे यूनानी सैनिकों को जेनोफन ने सुरक्षित निकाला। इसका जिक्र उन्होंने अपनी किताब 'एनाबेसिस' में भी किया है।

आर्थिक सोच का नजरिया । उनकी दूसरी किताब 'ओइकॉनामिक्स' और भी ज्यादा चर्चित हुई। घर, धन और संसाधनों के सही प्रबंधन पर आधारित इस किताब को शुरुआती आर्थिक सोच के नजरिये से भी महत्वपूर्ण माना गया। जेनोफन के समय यूनानी सोच में बड़े बदलाव होने लगे थे। उसी समय सुकरात, प्लेटो, अरस्तू, हेरोडोटस जैसे विचारकों ने ज्ञान के नए आयाम खोले। यह बदलाव केवल विचारों से नहीं, बल्कि आर्थिक ढांचे के परिवर्तन से भी जुड़ा था।

टेट्राड्रैक्म सिक्कों की धूम । तब एथेंस के पास खेती के लिए जमीन नहीं थी। इसलिए, वह खाने-पीने की चीजों के लिए आयात पर निर्भर था। व्यापार और मुद्रा के जरिये इसकी भरपाई की। एथेंस के दक्षिण में चांदी की खानों से बड़ी संख्या में सिक्के ढाले गए। ये सिक्के कई क्षेत्रों में फैल गए। सिक्कों की वजह से बार्टर सिस्टम की परेशानी खत्म हुई।

बदल गया समाज । सिक्कों ने पूरा समाज बदल दिया। अब कानून, अधिकार और भागीदार की दरकार होने लगी। शासकों ने भी आम लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत किया। अब एथेंस का अगोरा यानी बाजार सिर्फ खरीद-फरोख्त का अड्डा नहीं था। अब वह चर्चा, शिक्षा, राजनीति का केंद्र बन गया।

वस्तु के दो मूल्य । जेनोफन ने समझाया कि किसी चीज के उपयोग और विनिमय जैसे दो मूल्य होते हैं। उपयोग मूल्य यानी वह हमारे काम की है या नहीं, जबकि विनिमय मूल्य उसकी बाजार में कीमत है। यही विचार आगे चलकर अर्थशास्त्र की नींव बना। उन्होंने घर को साझेदारी माना और कहा कि पति-पत्नी, दोनों को सहकर्मी की तरह मिलकर घर चलाना चाहिए। तब के लिहाज से यह प्रगतिशील सोच थी। हालांकि, बढ़ते व्यापार और धन के साथ समाज में असमानता बढ़ी।

तरक्की के कई कारण । हालांकि, यह भी सच है कि प्राचीन यूनान की तरक्की सिर्फ दार्शनिकों की वजह से नहीं हुई। चांदी के सिक्कों के चलन से व्यापार बढ़ा। व्यापार बढ़ने से समाज में बदलाव आया और लोगों की सोच बदली। इसी बदलाव ने तर्क, लोकतंत्र और विज्ञान जैसी नई धारणाओं को जन्म दिया। आज भी कुछ ऐसा ही हो रहा है। डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन बैंकिंग और वैश्विक व्यापार ने हमारी अर्थव्यवस्था और सामाजिक संबंध बदल दिए हैं। यानी प्राचीन इतिहास की तरह आज भी आर्थिक बदलाव ही बड़े सामाजिक और बौद्धिक बदलावों की नींव बन रहे हैं।

रात से भयभीत हो गए तो सुबह का प्रकाश कभी नहीं आ पाएगा

जैन मुनिश्री तरुणसागर जी

महावीर पेड़ के नीचे ध्यान मग्न थे। पेड़ पर आम लटक रहे थे। कुछ बच्चे भी खेल रहे थे वहां। वे पत्थर फेंककर आम तोड़ने लगे। एक पत्थर महावीर को लग गया और उनके सिर से रक्त बहने लगा। बच्चे डर गए। बोले, 'प्रभु! हमें माफ करें, हमारे कारण आपको कष्ट हुआ है।' प्रभु बोले, 'नहीं, मुझे कोई कष्ट नहीं है।' 'तो फिर आपकी आंखों में आंसू क्यों?' महावीर बोले, 'पेड़ को तुमने पत्थर मारा तो इसने तुम्हें मीठे फल दिए, पर मैं तुम्हें कुछ नहीं दे सका, इसलिए मैं दुखी हूं।'

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

भोजन में और सब कुछ हो, सिर्फ नमक न हो तो भोजन बेकार है। मंदिर में और सब कुछ हो, सिर्फ मूर्ति न हो तो मंदिर बेकार है। अस्पताल में और सब कुछ हो, सिर्फ डॉक्टर न हो तो अस्पताल बेकार है। गाड़ी में और सब कुछ हो, सिर्फ ब्रेक न हो तो गाड़ी बेकार है। जीवन में और सब कुछ हो, सिर्फ मन की शांति न हो तो जीवन बेकार है।

संसार दुख नहीं है। संसार के प्रति जो आसक्ति है, वह दुख है। मकान में आग लगी। पिता जोर-जोर से रोने लगा। पड़ोसी ने कहा, 'यह मकान तो कल तुम्हारे बेटे ने बेच दिया था।' पिता का रोना एकदम बंद हो गया। बेटा दौड़ता आया और बोला, 'पिताजी! मकान जल रहा है और आप...।' पिता ने कहा, 'लेकिन, तुमने तो यह मकान बेच दिया है ना!' पुत्र बोला, 'बेचने की बात चली थी, मगर बिका नहीं।' इतना सुनना था कि पिता फिर दहाड़ मारकर रोने लगा। अपनापन है, इसलिए रोना आता है।

कड़वे प्रवचन

कठिनाइयों से घबराइए मत। रात से भयभीत हो गए तो सुबह कभी नहीं आएगी। मजबूती से आगे बढ़िए, बस! सुबह होने को ही है। अपने मन को मजबूत कीजिए। कमजोर मन से यहां कुछ नहीं होता। याद रखें- मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। जो मन से हार गया, समझ लो उसकी नैया डूब गई। जो मन से मजबूत हो गया, समझ लो सिकंदर बन गया।

(साभार : डायमंड बुक्स)

रीडर्स मेल

संवाद बंद न हो

25 फरवरी का संपादकीय 'किसकी विफलता' में सही कहा गया है कि लखनऊ वाली घटना के पीछे सिर्फ पढ़ाई का दबाव मुख्य वजह नहीं थी। आज के समय में सामाजिक तानाबाना इतना बिखर गया है कि रिश्तों के बीच दूरियां बढ़ रही हैं। इससे संवेदनशीलता का कहीं न कहीं अभाव रहता है। आए दिन ऐसी खबरें आती हैं कि स्टूडेंट्स पढ़ाई, सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक दबाव में आत्महत्या कर रहे हैं। यह काफी चिंताजनक मसला है। ऐसे मामलों में परिवार में बेहतर माहौल कायम करने में संवाद का रास्ता कारगर साबित हो सकता है।

पैथर तोमर, विज्ञान गंज

फटाफट खबरें

क्रिप्टो पर स्थिति करें साफ: कोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : ओडिशा हाई कोर्ट ने क्रिप्टोकरंसी से जुड़े एक मामले में यह स्पष्ट करने को कहा है कि देश में कानूनी लिहाज से क्रिप्टोकरंसी का क्या दर्जा है। कथित क्रिप्टो ट्रेड से जुड़े होने के चलते कुछ बैंक खातों को फ्रीज किए जाने के मामले में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अधिकारियों से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

'स्मार्टफोन निर्यात में भारत नंबर-1'

■ पीटीआई, नई दिल्ली : केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को बताया कि स्मार्टफोन अब भारत का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट (निर्यात) आइटम बन गया है। साल 2025 में भारत ने 30 अरब डॉलर (करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये) के स्मार्टफोन दुनिया भर के देशों को बेचे हैं।

केंद्र सरकार ने इनकम टैक्स के नए ड्राफ्ट फॉर्म पेश किए हैं

रेंट पर टैक्स छूट के लिए बताना होगा मकान मालिक से रिश्ता

AI Image

■ पीटीआई, नई दिल्ली : इनकम टैक्स विभाग टैक्स चोरी रोकने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए नए नियम और फॉर्म लेकर आया है। अब घर का किराया दिखाकर टैक्स बचाने वालों को अपने मकान मालिक के साथ रिश्ते की जानकारी देनी होगी। कंपनियों के ऑडिट और पैन कार्ड के नियमों को भी कड़ा किया गया है। ये सभी बदलाव नए इनकम टैक्स ऐक्ट 2025 का हिस्सा हैं, जो इस साल 1 अप्रैल से प्रभावी होंगे। सरकार ने अभी ड्राफ्ट को आम लोगों की राय के लिए जारी किया है। आने वाले महीने फाइनल नियम और फॉर्म नोटिफाई कर दिए जाएंगे।

नए 'फॉर्म 124' में किरायेदार को यह बताना होगा कि उसका मकान मालिक के साथ क्या रिश्ता है। टैक्स एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे फर्जी या बढ़ा-चढ़ाकर दिखाए जाने वाले किराये के दावों पर लगाम लगेगी, क्योंकि शुरुआत में ही सब कुछ साफ-साफ बताना होगा। हाउस रेंट अलाउंस (HRA) के लिए कर्मचारी को किराये की जानकारी देनी होती है।

विदेशी कमाई पर टैक्स छूट में सख्ती

■ एक्सपर्ट्स का कहना है कि जो लोग ईमानदारी से किराया दे रहे हैं उन्हें कोई डरने की जरूरत नहीं है। लेकिन जो लोग बिना किसी भुगतान या मालिकाना हक के झूठे दावे करते हैं, उन्हें पकड़ना अब आसान होगा।

■ ड्राफ्ट फॉर्म्स में विदेशी कमाई पर टैक्स छूट के मामले में भी सख्ती की गई है। अब अकाउंटेंट्स को विदेशी टैक्स पेमेंट के सबूत, पेमेंट की रसीद और नियमों की बारीकी से खुद जांच करनी होगी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इससे उन मामलों में थोड़ी मुश्किल हो सकती है जहां विदेशी कंपनियों से मिलने वाली टैक्स रसीदों में पूरी जानकारी अलग-अलग नहीं होती।

■ कंपनियों के लिए पैन (PAN) कार्ड के आवेदन को लेकर भी नियम सख्त हुए हैं। अब कंपनियों को एक डिक्लेरेशन देना होगा कि उनके पास पहले से कोई पैन नहीं है। नया टैक्स ऑडिट 'फॉर्म नंबर 26' अब और भी ज्यादा सख्त हो गया है।

अहम बातें

- **HRA पर सख्ती**: अब किरायेदार और मकान मालिक का रिश्ता बताना जरूरी होगा, ताकि फर्जी किराये की रसीदों को रोका जा सके।
- **दो पैन कार्ड पर रोक**: कंपनियों को लिखित में देना होगा कि उनके पास पहले से कोई पैन कार्ड नहीं है।
- **विदेशी कमाई**: विदेशी टैक्स क्रेडिट का दावा करने के लिए अब ज्यादा पुख्ता सबूत और ऑडिटर्स की जांच जरूरी होगी।
- **ऑडिट की अहमियत**: कंपनी के खातों में ऑडिटर गड़बड़ी पाता है, तो सीधा असर टैक्स की देनदारी पर पड़ेगा।

देश के सोलर दिग्गजों का दावा, नहीं पड़ेगा US ड्यूटी का असर

भारतीय सोलर सामानों पर 126% अमेरिकी ड्यूटी

■ पीटीआई, नई दिल्ली : अमेरिका ने भारत से आने वाले कुछ सोलर सामानों पर 125.87% की शुरुआती काउंटरवेलिंग ड्यूटी (एक तरह का सुरक्षा टैक्स) लगाने का ऐलान किया है। अमेरिका ने भारत सरकार की ओर से इंडस्ट्री को दी जा रही सहायता को मुद्दा बनाया है। लेकिन भारतीय सोलर दिग्गजों ने साफ कर दिया है कि वे इसके लिए पहले से तैयार थे। विक्रम सोलर, वारी और प्रीमियर एनर्जीज जैसी बड़ी कंपनियों का कहना है कि उनकी सप्लाई चेन और बिजनेस मॉडल इतने मजबूत हैं कि इस फैसले का उनके काम पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा।

भारत की ताकत?

भारत अपने देश में रिन्यूएबल एनर्जी के उत्पादन को बढ़ाने और विदेशों पर निर्भरता कम करने के लिए कई कदम उठा रहा है। इसमें सोलर एनर्जी सबसे अहम है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सोलर पावर पैदा करने वाला देश है। भारत के सोलर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सोलर मॉड्यूल, सोलर सेल्स, इंगॉट्स और वेफर्स जैसी अहम चीजें शामिल हैं। देश के अंदर ही इन्हें बनाने से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है और विदेशों पर निर्भरता कम होती है।

इंडस्ट्री की राय, भारत पहले से ही तैयार

- **असर सीमित**: बड़ी भारतीय सोलर कंपनियों ने अमेरिका द्वारा लगाए गए नए टैक्स को अपने बिजनेस के लिए बड़ा खतरा नहीं माना है।
- **विकल्प तैयार**: कंपनियां पहले से ही उन देशों से सामान मंगा रही हैं जहां टैक्स कम है, जिससे वे अमेरिकी सख्ती से बच पा रही हैं।
- **घरेलू फोकस**: कई कंपनियां पूरी तरह भारतीय बाजार पर निर्भर हैं, इसलिए उन पर विदेशी टैक्स का कोई असर नहीं है।
- **रणनीति में बदलाव**: भारतीय कंपनियों ने पिछले कुछ समय में अमेरिका को होने वाले एक्सपोर्ट में कटौती की है और अपना ध्यान देश के अंदर बढ़ रही मांग पर लगाया है।

AI Image

शेयर बाजार पर असर

भारतीय सोलर सामानों पर 126% की इंपोर्ट ड्यूटी की खबर का असर बुधवार को शेयर बाजार पर दिखा। दिन के उच्चतम स्तर से करीब 674 अंक नीचे आकर सेंसेक्स आखिर में 50.15 अंक (0.06%) की मामूली बढ़त के साथ 82,276.07 पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला निफ्टी 57.85 अंक (0.23%) चढ़कर 25,482.50 पर बंद हुआ। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स 0.59% और मिडकैप इंडेक्स 0.37% चढ़कर बंद हुए।

बैंकों के 'डार्क पैटर्न' खेल से ग्राहक परेशान : सर्वे

AI Image

■ NBT रिपोर्ट :LocalCircles के सर्वे के मुताबिक ग्राहकों ने ऑनलाइन बैंकिंग प्लेटफॉर्म्स पर 8 अलग-अलग तरह के डार्क पैटर्न्स की शिकायत की है। इनमें ड्रिप प्राइसिंग (छिपे हुए चार्ज), बास्केट स्नीकिंग (बिना बताए कुछ जोड़ देना) और फोर्स्ड एक्शन सबसे आम हैं, जिनका सामना हर दो में से एक ग्राहक को करना पड़ रहा है। रिजर्व बैंक का फैसला पूरी तरह ग्राहकों के हक में है। हालांकि, यह भी ध्यान देने वाली बात है कि कई बैंक आज भी पुराने और सुस्त ढर्रे पर चल रहे हैं। रिजर्व बैंक (RBI) ने बैंकों के लिए जुलाई 2026 तक 'डार्क पैटर्न' (ग्राहकों को गुमराह करने वाले तरीके) से मुक्त होना अनिवार्य कर दिया है।

चार्जेस पर धोखा?

- 22% : बहुत-बार
- 42% % कभी-कभी
- 30% : कभी नहीं

गुमराह वाली भाषा?

- 13% : बहुत बार
- 32% : कभी-कभी
- 18% : शायद ही कभी
- 31% : कभी नहीं

किस तरह की परेशानी?

- 64% ग्राहक: छिपे हुए चार्जेस से परेशान।
- 57% ग्राहक: बिना सहमति के एक्स्ट्रा चार्ज के शिकार।
- 51% ग्राहक: जबरन दूसरी सर्विस लेने पर मजबूर।
- 46% ग्राहक: बार-बार नोटिफिकेशन (Nagging) से त्रस्त।
- 46% ग्राहक: वादे से अलग सर्विस मिलने के शिकार।
- 45% ग्राहक: उलझाने वाली भाषा में फंसे।
- 45% ग्राहक: सर्विस बंद करने की मुश्किल शर्तों में उलझे।
- 37% ग्राहक: ऐप के गुमराह करने वाले डिजाइन का शिकार।

AI की नई ताकत के साथ आया गैलेक्सी S26

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सैमसंग ने गैलेक्सी S26 सीरीज को लॉन्च किया है, यह ऐसे AI अनुभवों के साथ आती है जो डेली कामों को आसान बना देंगे। सैमसंग के तीसरी पीढ़ी के AI फोन के रूप में, गैलेक्सी S26, S26+ और S26 अल्ट्रा बैकग्राउंड में जटिल कार्यों को संभालते हैं, जिससे यूजर्स फोकस रिजल्ट पाते हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रेसिडेंट और हेड ऑफ डिवाइस एक्सपीरियंस (DX) डिवीजन, टीएम रोह ने कहा कि गैलेक्सी S26 सीरीज के साथ हमारा ध्यान AI को सहज बनाने पर था, जो बैकग्राउंड में शांति से काम करे ताकि लोग उन चीजों पर ध्यान दे सकें जो उनके लिए मायने रखती हैं। गैलेक्सी S26 अल्ट्रा सैमसंग का सबसे स्लिम अल्ट्रा डिवाइस है, जिसकी मोटाई मात्र 7.9 mm है। यह मोबाइल फोन के लिए दुनिया का पहला इन-बिल्ट प्राइवेसी डिस्प्ले पेश करता है।

सफर, कैफे और सार्वजनिक स्थानों जैसी स्थितियों के लिए डिजाइन किया गया यह प्राइवेसी डिस्प्ले हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के तालमेल से यूजर की प्राइवेसी सुरक्षित रखता है। अल्ट्रा में स्नैपड्रैगन 8 एलीट जेन 5 प्रिसेसर है और यह सुपर फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करता है।

PMO में CAFE-III का प्रस्ताव, छोटी कारों पर ऑटो इंडस्ट्री में रार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : गाड़ियों में ईंधन के किफायती खर्च को बढ़ावा देने और उत्सर्जन घटाने से जुड़े नियमों का मामला प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंच गया है। हेवी इंडस्ट्रीज मिनिस्टर एच डी कुमारस्वामी ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि CAFE-III नियमों के बारे में पावर मिनिस्ट्री सहित संबंधित पक्षों से बातचीत की गई और पावर मिनिस्ट्री ने इस बारे में प्रस्ताव पीएमओ को भेज दिया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब ऑटो इंडस्ट्री छोटी कारों को मिलने वाली रियायत और तकनीकी बदलावों को लेकर दो हिस्सों में बंटी नजर आ रही है। कॉरपोरेट ऐवरेज फ्यूल एफिशिएंसी (CAFE)-III को अगले साल से लागू करने की तैयारी है। हालांकि कंपनियों में इसको लेकर विवाद है। कुमारस्वामी ने इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर FICCI के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि इंडस्ट्री को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स का लाभ लेते हुए ग्लोबल EV सप्लाई चेन में अपनी स्थिति मजबूत करनी चाहिए।

AI Image

क्या है विवाद?

इन नियमों को लेकर विवाद काफी पुराना है। जहां मारुति सुजुकी इंडिया जैसी कंपनियां छोटी कारों के लिए इन नियमों में वजन और कीमत के आधार पर छूट दिए जाने पर जोर दे रही है। वहीं टाटा मोटर्स का कहना है कि ऐसी छूट नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि इससे सेफ्टी फीचर्स पर आंच आएगी।

क्या हैं CAFE नियम?

CAFE नियमों की शुरुआत साल 2017 में हुई थी। इसके तहत किसी भी कार निर्माता कंपनी की सभी कारों को मिलाकर औसत ईंधन खपत और कार्बन उत्सर्जन (CO_2 Emission) की एक सीमा तय की जाती है। इसका मकसद कंपनियों को ऐसी कारें बनाने के लिए प्रेरित करना है जो कम तेल पीती हों और प्रदूषण कम फैलाती हों। CAFE के दूसरे चरण (CAFE-II) की शुरुआत 2022 में हुई थी। अब इसका अगला चरण CAFE-III अप्रैल 2027 से शुरू होने की उम्मीद है। इसके नए मानकों को लेकर फिलहाल चर्चा चल रही है।

बीमा कंपनियों को IRDAI की दोटूक

बीमा पॉलिसी सस्ती हो, 'मिस-सेलिंग' बंद करो

AI Image

■ पीटीआई, नई दिल्ली : बीमा नियामक इरडा (IRDAI) ने बीमा कंपनियों को सख्त हिदायत दी है कि वे अपनी पॉलिसी को सस्ता और आम लोगों की पहुंच में बनाएं। रेगुलेटर का कहना है कि कंपनियां मार्केटिंग और मैनेजमेंट पर होने वाले भारी खर्चों को कम करें ताकि ग्राहकों को सस्ती पॉलिसी मिल सके। साथ ही, गलत जानकारी देकर पॉलिसी बेचने (Mis-selling) पर भी लगाम लगाने को कहा गया है जिससे ग्राहकों का भरोसा बना रहे।

कोलकाता में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इरडा के सदस्य (नॉन-लाइफ) दीपक सूद ने कहा कि मार्केटिंग और प्रशासनिक खर्चों के बहुत ज्यादा होने की वजह से यह सेक्टर एक ऐसे चक्र में फंस गया है जहां 'खर्च ज्यादा है और पहुंच कम'। इसी वजह से बीमा का दायरा बढ़ नहीं पा रहा है।

सूद ने कहा, सभी कंपनियों को ग्राहक बनाने के खर्च और मैनेजमेंट के खर्चों पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। मुनाफे में सुधार करने और ग्राहकों को सस्ती और बेहतर वैल्यू वाली पॉलिसी देने के लिए यह बहुत जरूरी है। उन्होंने कंपनियों से अपील की कि वे देखें कि उनकी पॉलिसी और उसे बेचने के तरीके ग्राहकों को कितना फायदा पहुंचा रहे हैं।

सूद ने कहा कि कंपनियों को उन मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए सस्ती हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी लाने को प्राथमिकता देनी चाहिए, जो न तो बहुत अमीर हैं और न ही 'आयुष्मान भारत' जैसी सरकारी योजनाओं के दायरे में आते हैं। उन्होंने गौर किया कि इस वर्ग के बहुत से लोग आज भी अच्छी हेल्थ पॉलिसी लेने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि रेगुलेटर ने नियमों को आसान बनाने और नई तरह की पॉलिसी लाने के लिए कई सुधार किए हैं।

देश

फटाफट खबरें

इन्फेक्शन रोकने को SC सख्त

■ भाषा, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने देश भर के सरकारी अस्पतालों में खून चढ़ाने से होने वाले HIV और हेपेटाइटिस जैसे इन्फेक्शन का पता लगाने के लिए न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट (NAT) की सुविधा और उसके खर्च से जुड़ी जानकारी मांगी है।

आतंकी फंडिंग पर SC के सवाल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए NIA से सवाल किया। 1990 के दशक के कुछ कथित भड़काऊ भाषणों का हवाला देने पर सुप्रीम कोर्ट ने एनआईए से सवाल किया।

अस्पताल से मिली शरद पवार को छुट्टी

■ भाषा, पुणे : एनसीपी (SP) प्रमुख शरद पवार की सेहत में सुधार है और बुधवार सुबह उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्हें अगले कुछ दिनों तक आराम करने की सलाह दी गई है। शरीर में पानी की कमी होने से सबंधी समस्याओं के कारण रविवार को उन्हें भर्ती कराया गया था।

अफसर के फ्लैट से ₹4.27 करोड़ मिले

■ भाषा, भुवनेश्वर : भ्रष्टाचार में गिरफ्तार ओडिशा खान विभाग के उप निदेशक देवव्रत मोहंती के फ्लैट से करीब 4.27 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की गई। उन्हें विजिलेंस ने मंगलवार को अरेस्ट किया था।

बंगाल SIR: 10वीं के रिजल्ट कार्ड के साथ एडमिट कार्ड भी होगा ID

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान के तहत पहचान सत्यापन के लिए सहायक दस्तावेज के रूप में कक्षा 10 का एडमिट कार्ड, पास प्रमाणपत्र के साथ प्रस्तुत किया जा सकता है।

CJO सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने यह आदेश वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एस. नायडू द्वारा मामले का उल्लेख किए जाने के बाद पारित किया। वकील ने इस बात पर चिंता व्यक्त की थी कि क्या प्रवेश पत्र को स्वतंत्र (स्टैंडअलोन) पहचान दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि वह पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि प्रवेश पत्र केवल एक सहायक दस्तावेज होगा।

बेंच ने कहा कि 24 फरवरी 2026 के आदेश के पैरा 3(iii) में उल्लिखित सभी दस्तावेज, जो अब तक अपलोड नहीं किए गए हैं और 15 फरवरी से पहले प्राप्त हुए हैं, उन्हें निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों द्वारा गुरुवार शाम 5 बजे तक संबंधित पीठासीन न्यायिक अधिकारियों को सौंपा जाए। इसी प्रकार, पैरा 3(iii)(c) को स्पष्ट किया जाता है कि माध्यमिक (कक्षा 10) प्रवेश पत्र को जन्म प्रमाणपत्र और माता-पिता के संबंध के प्रमाण के उद्देश्य से पास प्रमाणपत्र के साथ प्रस्तुत किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में चल रहे एसआईआर अभियान के तहत मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का सामना कर रहे लोगों के 80 लाख दावों और आपत्तियों से निपटने के लिए 250 जिला न्यायाधीशों के अतिरिक्त पश्चिम बंगाल के सिविल न्यायाधीशों की तैनाती के अलावा, झारखंड और ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की अनुमति दी थी।

SC ने कहा- देश में हो सकती है मतदान को अनिवार्य बनाने की आवश्यकता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मौखिक रूप से टिप्पणी की कि मतदान को अनिवार्य बनाने की आवश्यकता हो सकती है, ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने बहुमूल्य मताधिकार का प्रयोग करें।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें यह अनुमति देने की मांग की गई है कि यदि केवल एक ही उम्मीदवार हो तब भी चुनाव कराए जाएं, ताकि मतदाता उपरोक्त में से कोई नहीं (NOTA) विकल्प का प्रयोग कर सकें। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने यह भी कहा कि यदि कोई उम्मीदवार केवल 35% मतों से जीतता है तो इसका अर्थ है कि 65% लोगों ने उसके विरुद्ध मतदान किया।

हेमंत सोरेन के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी द्वारा शुरू की गई आपराधिक कार्रवाई पर बुधवार को रोक लगा दी। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत जारी समन की कथित जानबूझकर अवहेलना के आरोप में की गई थी।

किसी खास समुदाय को नहीं बना सकते निशाना: सुप्रीम कोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता के लिए 'बंधुत्व' (fraternity) को एक महत्वपूर्ण तत्व बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे सार्वजनिक व्यक्ति धर्म, भाषा, जाति या क्षेत्र के आधार पर किसी भी विशेष समुदाय को निशाना नहीं बना सकते।

संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को कोर्ट ने दी नसीहत

शीर्ष अदालत ने कहा कि स्टेट या नॉन स्टेट एक्टर सहित कोई भी व्यक्ति भाषण, मीम, कार्टून या दृश्य कला जैसे किसी भी माध्यम से किसी समुदाय को बदनाम या अपमानित नहीं कर सकता। धर्म, भाषा, जाति या क्षेत्र के आधार पर किसी भी समुदाय को निशाना बनाना, चाहे वह कोई भी हो, संविधान का उल्लंघन होगा। ये टिप्पणियां जस्टिस उज्जवल भुइयां ने नेटफ्लिक्स की आगामी क्राइम थ्रिलर फिल्म घूसखोर पंडत की रिलीज को चुनौती देने वाली याचिका पर अपने अलग से लिखे फैसले में की।

BSNL डायरेक्टर को VIP ट्रीटमेंट पर सिंधिया सख्त

■ आईएएनएस, नई दिल्ली

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने BSNL के डायरेक्टर विवेक बंसल को VIP ट्रीटमेंट मिलने पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इसे अनुचित और स्थापित नियमों का उल्लंघन बताया। सिंधिया ने कहा कि ऐसा आचरण अस्वीकार्य है और अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्हें 7 दिन में जवाब देने को कहा गया है।

■ BSNL के डायरेक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी, दो वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भारत संचार निगम लिमिटेड के डायरेक्टर विवेक बंसल की प्रस्तावित यात्रा के लिए विस्तृत इंतजाम किए गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, दो दिन में 50 कर्मचारियों को 21 अलग-अलग कामों के लिए लगाया गया। योजना में नौका विहार, मंदिर दर्शन, संगम स्नान और स्नान किट की तैयारी तक शामिल थी। गाड़ियों में पानी, चॉकलेट और अन्य सामान रखने की व्यवस्था भी की गई थी। इस निजी यात्रा से जुड़े दस्तावेज सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद विवाद बढ़ा और यात्रा रद्द कर दी गई। BSNL ने पिछली तिमाही में 1,300 करोड़ रुपये से ज्यादा घाटा दर्ज किया था।

वहीं, विवेक बंसल के प्रयागराज दौरे को निरस्त किए जाने के बाद दो वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले की खबर है। हालांकि सूत्रों ने कहा कि इन विभागीय तबादलों को अदालत में चुनौती दी जा सकती है। सूत्रों के अनुसार, जोगेश्वर वर्मा और बृजेंद्र कुमार सिंह का तबादला किया गया है, जो प्रयागराज में तैनात थे। बृजेंद्र को आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में स्थानांतरित किया गया है, जबकि जोगेश्वर को राष्ट्रीय दूरसंचार क्षेत्र में स्थानांतरित किए जाने की संभावना है।

बीएसएनएल के एक सूत्र ने बताया कि जोगेश्वर ने विवादित कार्यालय आदेश पर हस्ताक्षर किये थे, जिसमें बंसल की यात्रा के लिए लगभग 20 कार्य सौंपे गए थे। मामले को लेकर 59-वर्षीय बंसल से संपर्क नहीं हो सका। वह इस साल सितंबर में सेवानिवृत्त होंगे।

अंसल प्रॉपर्टीज की 598 करोड़ की संपत्ति अटैच

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: डायरेक्टोरेट ऑफ एनफोर्समेंट (ईडी) ने मेसर्स अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एपीआईएल) के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट के तहत आगरा स्थित 598 करोड़ से अधिक मूल्य की भूमि प्रोविजनली अटैच कर ली।

गुरुग्राम भूमि घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

यह कार्रवाई सीबीआई की एसीबी, नई दिल्ली द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई, जो सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में 23 जनवरी 2019 को दर्ज हुई थी। मामला हरियाणा के गुरुग्राम में सेक्टर 58 से 63 और 65 से 67 तक की जमीन अधिग्रहण और रिलीज में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं से जुड़ा है। जमीन को शुरू में लैंड एक्विजिशन एक्ट, 1894 के तहत एचयूडीए द्वारा पब्लिक पर्पज के लिए नोटिफाई किया गया था। बाद में मिलीभगत और फ्रॉड प्रक्रिया से अधिकांश जमीन प्राइवेट कॉलोनाइजरों को सौंप दी गई।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एकीन सूचि/लॉट: लखनऊ-पूर्वोत्तर-मण्डल-वाणिज्य/पूर्वोत्तर, नीलामी सूची सं० / लॉट सं० LJN-FSLR-05-26, नीलामी सूची प्रकाशन तिथि: 20-02-2026 समय 12:47 बजे, नीलामी प्रारम्भ तिथि (सम्भव लॉट) 09-03-2026 समय 12:00 बजे, नीलामी बन्द करने की तिथि व समय 09-03-2026 समय 13:00 बजे, नीलामी का प्रकार: Close Ended, [illegible] ई-Auction Module of www.ireps.gov.in [illegible]

"पॉलिसी है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार" G-26389/25

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सिंगरौली (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण ई-टेन्डरिंग

म.प्र. शासन

निविदा सूचना क्रमांक 30/ई-टेन्डरिंग/2025-26 सिंगरौली, दिनांक 17.02.2026

निम्नलिखित कार्यों की निविदा ऑनलाइन के माध्यम से पंजीकृत संविदाकारों एवं कम्पनियों पूर्ण पंजीकरण मापदण्ड से आमंत्रित किये जाते हैं।

स. क्र.	जिला	ऑनलाईन टेंडर क्रमांक	निविदा आमंत्रण का काल	कार्य का नाम	पी.ए.सी. (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने का समय	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	सिंगरौली	2026_PWDRB_483231	द्वितीय आमंत्रण	उपसंभाग देवसर अंतर्गत हर्दीपाता गोदाम से गोपद पुल गोतरा पहुंच मार्ग लं. 3.24 कि.मी. का निर्माण कार्य।	292.74	292740	15000	04 माह	भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। निविदा मुख्य अभियता कार्यालय रीवा में खोली जावेगी।
				योग-	292.74				

1. ऑनलाईन पोर्टल https:mpetenders.gov.in/nicgep/app के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाईन बिड सबमिशन की प्रारंभिक तिथि दिनांक 24.02.2026 से अंतिम तिथि दिनांक 10.03.2026 सांय 17:30 तक निर्धारित है। निविदा दिनांक 12.03.2026 को खोली जावेगी।
2. निविदा संबंधी दस्तावेज केवल आनलाईन ही मान्य किये जायेंगे।
3. निविदा से संबंधित संशोधित सम्पय परिवर्तन आदि की सूचना केवल वेबसाईट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारियाँ उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

Sd/- कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग सिंगरौली (म.प्र.)

लखनऊ नगर निगम

लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)

e-tenderportal : https://etender.up.nic.in

पत्रांक: 1280/वी0कल्या0अ0/26 दिनांक : 24.02.2026

पुन: (चौथी बार) ई-निविदा सूचना

लखनऊ नगर निगम की सीमा में अवारा विचरण करने वाले श्वानों की संख्या-वृद्धि के प्रबंधन, रैबीज उन्मूलन एवं मानव-श्वानों के संघर्ष आदि में कमी लाने के लिए पशु (श्वान) जन्म नियंत्रण रूल्स 2023 के नियमों के पालन कराए जाने हेतु अमौसी, लखनऊ में स्थापित कराए जा रहे नए ए0बी0सी0 सेन्टर पर ए0बी0सी0 कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। श्वानों की संख्या-वृद्धि के प्रबंधन, रैबीज उन्मूलन, श्वानों की माइक्रोचिपिंग करवाने व मानव-श्वानों के संघर्ष आदि में कमी लाने हेतु संस्था का चयन करने के लिए ई-निविदा उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 26.02.2026 से दिनांक 06.03.2026 को अपराह्न 05.00 बजे तक डाली जा सकती है एवं दिनांक 07.03.2026 को तकनीकी निविदा पूर्वाह्न 11.00 बजे खोली जाएगी तथा वित्तीय निविदा तकनीकी निविदा के परीक्षण के उपरान्त ही खोली जाएगी।

पशु कल्याण अधिकारी

लखनऊ नगर निगम

लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)

e-tenderportal : https://etender.up.nic.in

पत्रांक: 1279/वी0कल्या0अ0/26 दिनांक : 24.02.2026

पुन: (तीसरी बार) ई-निविदा सूचना

लखनऊ नगर निगम की सीमा में अवारा विचरण करने वाले श्वानों की संख्या-वृद्धि के प्रबंधन, रैबीज उन्मूलन एवं मानव-श्वानों के संघर्ष आदि में कमी लाने के लिए पशु (श्वान) जन्म नियंत्रण रूल्स 2023 के नियमों के पालन कराए जाने हेतु जरहरा, इन्दिरानगर में संचालित ए0बी0सी0 सेन्टर पर ए0बी0सी0 कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। श्वानों की संख्या-वृद्धि के प्रबंधन, रैबीज उन्मूलन, श्वानों की माइक्रोचिपिंग करवाने व मानव श्वानों के संघर्ष आदि में कमी लाने हेतु संस्था का चयन करने के लिए ई-निविदा उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 26.02.2026 से दिनांक 06.03.2026 को अपराह्न 05.00 बजे तक डाली जा सकती है एवं दिनांक 07.03.2026 को तकनीकी निविदा पूर्वाह्न 11:00 बजे खोली जाएगी तथा वित्तीय निविदा के परीक्षण के उपरान्त ही खोली जाएगी।

पशु कल्याण अधिकारी

SBI

आईटी-साझेदार संबंध विभाग, भारतीय स्टेट बैंक, ग्लोबल आईटी सेन्टर, सेक्टर 11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई - 400614

शुद्धिपत्र - 1

कृपया बैंक द्वारा बैंक के कोअलवार विभिन्न अनुप्रयोगों और आईटी पहलों के लिए विशिष्ट प्रौद्योगिकी संसाधन प्रदान करने के लिए आईटी कंपनियों के पैनल के लिए दिनांक 02.02.2026 की आरएफपी SBI/GITC/IT-Partner Relationship/2025-26/1042/III देखें। शुद्धिपत्र अपलोड किया गया है और इसे बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in पर प्रोक्योरमेंट न्यूज के तहत देखा जा सकता है।

बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 02.03.2026 दोपहर 2.00 बजे तक

तकनीकी बोलियां खोलने की तिथि एवं समय: 02.03.2026 दोपहर 03.30 बजे

स्थान: नवी मुंबई उप महाप्रबंधक

दिनांक: 26.02.2026 आईटी-साझेदार संबंध विभाग

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

रोजगार अधिसूचना

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अकाउंट्स डिपार्टमेंट में कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर वॉक-इन इंटरव्यू के जरिए अलग-अलग पोस्ट के लिए 20.02.2026 को अधिसूचना क्र. सीओ/पी-आर/2सी/2026 जारी किया है। विवरण नीचे दी गई है।

अधिसूचना संख्या सीओ/पी-आर/2सी/2026, दिनांक 20.02.2026

क्र. सं.	पद का नाम/ ग्रेड	यूआर	ईडब्ल्यूएस	ओबीसी	एससी	एसटी	कुल पदों की संख्या	वॉक-इन इंटरव्यू की तिथि
1	लेखा सहायक	2	1	1	0	0	4	10.03.2026
2	सहायक लेखा अधिकारी	0	0	1	0	0	1	11.03.2026
3	डिप्टी जनरल मैनेजर /अकाउंट्स	2	0	0	0	0	2	12.03.2026
4	अनुभाग अधिकारी	2	1	1	0	0	4	12.03.2026

उम्मीदवार अधिसूचना, पात्रता मानदंड आदि का विवरण केआरसीएल की वेबसाइट www.konkanrailway.com पर दिए गए लिंक ➔ भर्ती ➔ वर्तमान अधिसूचना अंतर्गत अवलोकन करें और तदनुसार आवेदन करें।

मुख्य कार्मिक अधिकारी

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 26-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG14 User: cci Time: 02-25-2026 23:32 Color:

"अहमदाबाद में परिस्थितियां लगातार बदलती रही है। मुझे नहीं लगता है कि हमें वहां चार मैच खेलने का फायदा मिल रहा है। हमारे लिए परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाकर प्रदर्शन करना जरूरी है। -केशव महाराज, स्पिनर, सा. अफ्रीका

कुल मैच 46 | टोटल रन 14094 | विकेट गिरे 594 | 4: 1160 | 6: 581 बाउंड्री मीटर | हाईएस्ट स्कोर: प्लेयर 110 (युवराज सामरा, कनाडा) टीम 254/6 (वेस्टइंडीज vs जिंबाब्वे) | बैटर नंबर-1: 283 एस फरहान (पाकिस्तान) | बोलर नंबर-1: 13 शैडली वान (यूएसए)

*आंकड़े बुधवार को न्यूजीलैंड vs श्रीलंका मैच तक

230 रन का टारगेट चेज किया था इंग्लैंड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ साल 2016 के टी20 वर्ल्ड कप में। यह टूर्नामेंट के इतिहास में रेकॉर्ड चेज है

वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के विकेटकीपर कौन है?
A) शाई होप B) शिमरॉन हेटमायर C) ब्रेंडन किंग D) शेरफेन रदरफोर्ड

2. इंग्लैंड ने किस टीम के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा टारगेट चेज किया था?
A) भारत B) ऑस्ट्रेलिया C) साउथ अफ्रीका D) वेस्टइंडीज

कल के जवाब
1. D) 16 2. D) वेस्टइंडीज

लकी WINNERS

1 लक्षिता, नजफगढ़, दिल्ली

2. आदित्य जैन, ठाणे, मुंबई

3 प्रमोद भारती, ग्रेटर नोएडा

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

बॉश ने लगाई छलांग

■ नई दिल्ली: टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 चरण के बीच जारी ताजा रैंकिंग्स में सबसे बड़ा फायदा साउथ अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश को हुआ है। उन्होंने 21 स्थान की छलांग लगाकर बोलर्स की रैंकिंग्स में सीधे तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं, वरुण चक्रवर्ती टॉप पर बने हुए हैं। जसप्रीत बुमरा भी टॉप-10 में हैं।

पाक फैंस ने दी धमकी

■ लाहौर: इंग्लैंड से हार के बाद नाराज पाकिस्तानी फैंस ने कप्तान सलमान अली आगा के परिवार को सोशल मीडिया पर धमकी भरे संदेश भेजे। उनकी पत्नी सावें ने इसे निंदनीय बताया। पूर्व कप्तान मोइन खान ने साइबर अपराध विभाग से सख्त कार्रवाई की मांग की। पाकिस्तान में बड़े टूर्नामेंटों में हार के बाद खिलाड़ियों और उनके परिवारों को निशाना बनाने की घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं, जिसकी व्यापक आलोचना हो रही है।

पहली बार प्री-क्वॉर्टर में

■ नई दिल्ली: नॉर्वे के क्लब बोडो/ग्लिम्ट ने इंटर मिलान को 5-2 के एग्रीगेट से हराकर पहली बार चैंपियंस लीग के अंतिम-16 में प्रवेश किया। जेंस पीटर हॉग के अहम गोल ने राह आसान की।

जिंबाब्वे के खिलाफ 'करो या मरो' वाले मैच में टीम इंडिया को चाहिए बड़ी जीत

चेन्नै में पकड़नी है विनिंग एक्सप्रेस

चेन्नै से लाइव
Rupesh.Singh@timesofindia.com

भारत vs जिंबाब्वे सुपर-8 का मैच

■ चेन्नै: सेमीफाइनल की राह को लेकर अगर-मगर के भंवर में फंसी टीम इंडिया को जिंबाब्वे के खिलाफ एक बड़ी जीत हासिल करनी होगी। हालांकि, इतने से ही बात नहीं बनेगी, लेकिन खोया आत्मविश्वास जरूर लौट आएगा, जिसकी वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले मुकाबले में खास जरूरत होगी। टीम इंडिया के लिए फिलहाल सबसे जरूरी है अभिषेक शर्मा के बल्ले का चलना। चार मैच में सिर्फ 15 बनाने वाले इस ओपनर पर टीम मैनेजमेंट का विश्वास अभी भी बना हुआ है और आज मैनेजमेंट अभिषेक को अपने पुराने रंग में लौटते देखना चाहेगी। वर्ल्ड कप से पहले तक अभिषेक लगातार दमदार पारियां खेल रहे थे, जिससे टीम की खामियां नजर नहीं आ रही थीं, लेकिन जैसे ही उनका बल्ला शांत हुआ, टीम के भीतर का शोर बाहर आ गया। कॉम्बिनेशन, स्पिन, लेफ्टी जैसे ऐंगल पर टीम की मजबूती का मखौल बन गया। अब इन सब खामियों पर एक साथ पार पाना मुश्किल है। ऐसे में अभिषेक का चलना ही वो जादू की छड़ी है, जो चल गई तो ये खामियां फिर गायब हो जाएंगी और सेमीफाइनल की राह भी आसान हो जाएगी।

संजू की होगी एंट्री: बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बैटिंग कोच सितांशु कोटक ने तिलक वर्मा की फॉर्म को लेकर चिंताओं को नकारा, लेकिन बुधवार को वैकल्पिक प्रैक्टिस सेशन में सिर्फ तिलक की मौजूदगी ने यही संकेत दिया कि यह चिंता का विषय है। एक दिन पहले प्रैक्टिस सेशन में संजू सैमसन के बल्ले से निकल रही आवाजों ने भी यही संकेत दिया था कि वह फैंस को रोमांचित करने को तैयार हैं। संजू इलेवन में आते हैं तो ओपनिंग में राइट-लेफ्ट कॉम्बिनेशन बनाने के लिए उन्हें अभिषेक के साथ उतारा जा सकता है। तिलक की जगह नंबर-3 ईशान होंगे।

अक्षर इन तो सुंदर आउट: पिछली हार के बाद सबसे अधिक चर्चा में रहे अक्षर पटेल भी इस मुकाबले में वापसी कर सकते हैं। वह सुंदर की जगह लेंगे जिन्होंने अहमदाबाद में उनकी जगह ली थी। लेफ्ट हैंड बैटर्स का सामना करने के लिए सुंदर को खिलाने का फैसला उल्टा पड़ गया था। कोटक ने यह जानकारी दी कि रिंकू सिंह अपने बीमार पिता से मुलाकात करके समय पर चेन्नै लौट आएंगे। इसका मतलब है कि वह इलेवन में होंगे।

पहली पारी में बनते हैं रन: चेपक पर इस वर्ल्ड कप में खेले गए छह मैचों में चार अलग-अलग पिचों का इस्तेमाल हुआ है, जिनमें से दो पर दो-दो बार मुकाबले खेले गए। टीमों ने तीन बार लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत हासिल की है और तीन बार स्कोर डिफेंड करते हुए। भारत को यहां रात में मुकाबला खेलना है। इस लिहाज से दिलचस्प बात यह है कि यहां खेले गए दो नाइट मैचों में पहले बैटिंग करने वाली टीम जीती है। ग्रुप स्टेज में यहां खेले गए छह मैचों में पहले बैटिंग करने वाली टीम का औसत स्कोर 200 है।

T20 टी20 वर्ल्ड कप 2026

चेन्नै में प्रैक्टिस सेशन के दौरान टीम इंडिया के खिलाड़ी

C Suresh Kumar

कुछ ऐसा है समीकरण

अंतिम चार में पहुंचने के लिए भारत के लिए पहली शर्त अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने की है। भारत और साउथ अफ्रीका अगर अपने-अपने बाकी बचे दोनों मैच जीत जाए तो ये दोनों टीम अंतिम-4 में पहुंच जाएंगी। भारत अपने दोनों मैच जीत जाए और अफ्रीकी टीम अगले मैच में विंडीज को हराने के बाद जिंबाब्वे से हार भी जाए, तो भी भारत फायदे में रहेगा। यदि वेस्टइंडीज ने साउथ अफ्रीका को और साउथ अफ्रीका ने जिंबाब्वे को हरा दिया, तो फिर भारत के लिए बहुत मुश्किल हो जाएगी। ऐसे में तीनों के बराबर 4-4 अंक हो जाएंगे। तब फैसला नेट रन रेट पर होगा और इस मामले में भारत की स्थिति बहुत खराब दिख रही है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

24 साल और 427 मैच के बाद

जिंबाब्वे और भारत के बीच यह मैच जिंबाब्वे के प्लेयर्स के लिए खास होगा क्योंकि यह टीम करीब 24 साल बाद भारत में भारत के खिलाफ कोई मुकाबला खेलेगी। भारत में दोनों टीमों के बीच पिछली भिड़ंत 19 मार्च, 2002 को गुवाहाटी में हुई वनडे मैच में हुई थी। इसके बाद जिंबाब्वे ने भारत का कोई दौरा नहीं किया। वहीं भारत ने इस दौरान कुल 427 इंटरनैशनल मैच खेल लिए। भारत ने बीच-बीच में अपने दूसरे स्तर की टीम को जिंबाब्वे दौरे पर भेजा है। पिछली बार साल 2024 में शुभमन गिल की अगुआई में एक युवा टीम ने जिंबाब्वे का दौरा किया था और सीरीज जीती थी।

आमना-सामना

भारत 10 | जिंबाब्वे 3 | कुल मैच 13

टेलिकास्ट: शाम 7:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

संभावित प्लेइंग XI

भारत: अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमरा, वरुण चक्रवर्ती

जिंबाब्वे: ब्रायन बेनेट, तादिवानाशे मारुमनी (विकेटकीपर), डियोन मायर्स, रयान बर्ल, सिकंदर रजा (कप्तान), तशिंगा मुसेकिवा, टोनी मुनयोंगा, ब्रैड इवांस, वेलिंग्टन मसाकाद्जा, ग्रेम क्रेमर, ब्लेसिंग मुजरबानी

पिच व मौसम

वर्ल्ड कप से पहले मैदान को खोदा गया था और एक ट्रैक को पूरी तरह से फिर से बनाया गया था। इसके बाद वर्ल्ड कप से पहले चेपक में पांच महीने से अधिक समय तक कोई क्रिकेट नहीं खेला गया, जिससे पिचों की ताजगी बनी हुई है। चेन्नै में अभी तक ओस की भूमिका ज्यादा नहीं रही है। दिन का अधिकतम तापमान 30 के पार जा रहा है, बारिश की आशंका नहीं है।

61* रन बनाए थे सूर्यकुमार यादव ने जब पिछले टी20 वर्ल्ड कप में भारत और जिंबाब्वे के बीच भिड़ंत हुई थी। भारत ने यह मैच आसानी से 71 रन से जीता था

सैंटनर और रविंद्र के कमाल से न्यूजीलैंड की बड़ी जीत

श्रीलंका vs न्यूजीलैंड सुपर-8 का मैच

■ एजेंसियां, कोलंबो: कप्तान मिचेल सैंटनर की साहसिक पारी (47 रन, 26 बॉल, 2 फोर, 4 सिक्स) के बाद प्लेयर ऑफ द मैच रचिन रविंद्र (4/27) की करियर बेस्ट बोलिंग की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मुकाबले में मेजबान श्रीलंका को 61 रनों से शिकस्त देकर सेमीफाइनल के लिए अपनी दावेदारी बरकरार रखी। न्यूजीलैंड के दो मैचों में तीन अंक हो चुके हैं। वहीं, हार के साथ श्रीलंका ग्रुप-2 में सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी है। रविंद्र के अलावा न्यूजीलैंड के लिए तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में सिर्फ 3 रन देकर 2 विकेट लिए।

सैंटनर बने सूत्रधार: पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही जबकि उसका मध्यक्रम भी लड़खड़ा गया। टीम 13वें ओवर में 84 रनों पर छह विकेट गंवाकर मुश्किल स्थिति में घिरी थी। लेकिन, सैंटनर ने प्लेइंग इलेवन में शामिल किए गए कोल मैकॉन्ची (31* रन, 23 बॉल, 3 फोर, 2 सिक्स) के साथ सातवें विकेट के लिए सिर्फ 47 गेंदों पर 84 रनों की बड़ी साझेदारी की, जिसकी बदौलत न्यूजीलैंड 20 ओवरों में सात विकेट पर 168 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही। टॉप ऑर्डर में रचिन रविंद्र ने भी 32 रनों का योगदान दिया।

रचिन का करियर बेस्ट: जवाब में श्रीलंकाई टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह चरमरा गई और वह 20 ओवरों में 8 विकेट पर 107 रन ही बना सकी। ओपनर पथुम निसंका (0) को तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने पारी की पहली ही गेंद पर शून्य पर क्लीन बोल्ड कर श्रीलंकाई पारी के पतन की शुरुआत की। हेनरी ने डबल स्ट्राइक करते हुए तीसरे ओवर की पहली बॉल पर चरिथ असलंका (5) को भी कैच आउट किया। नौवें ओवर में गेंदबाजी के लिए लाए गए रचिन ने कुसल मेंडिस (11) और पवन रत्नायके (10) को एक ही ओवर में पविलियन लौटाकर श्रीलंकाई बैटिंग की रीढ़ तोड़ दी। सैंटनर ने मध्य क्रम में कामिंदु मेंडिस का विकेट लिया जिन्होंने सर्वाधिक 31 रन बनाए।

8 वें प्लेयर बने मिचेल सैंटनर टी20 इंटरनैशनल में 1000+ रन और 100+ विकेट का डबल पूरा करने वाले

ब्रीफ स्कोर
न्यूजीलैंड: 20 ओवर्स में 168/7 (मिचेल सैंटनर 47, रचिन रविंद्र 32, कोल मैकॉन्ची 31*, महीश तीक्षणा 3/30, दुष्मंथा चमीरा 3/38)
श्रीलंका: 20 ओवर्स में 107/8 (कामिंदु मेंडिस 31, दुनिथ वेल्लालागे 29, रचिन रविंद्र 4/27, मैट हेनरी 2/3, मिचेल सैंटनर 1/19)

ग्रुप के लिए समीकरण: सुपर-8 के अपने आखिरी मैच में न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड का सामना करेगी। अगर न्यूजीलैंड यह मैच जीत लेती है तो वह सीधे तौर पर सेमीफाइनल के लिए क्वॉलिफाई कर जाएगी। अगर न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड से 20 रन के अंतर से हारती है तो पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए श्रीलंका को ग्रुप स्टेज के आखिरी मैच में 50 रन से हराना होगा।

जिंबाब्वे की टीम में हैं 3 सबसे बड़े फाइटर

4 बार सिकंदर रजा टी20 वर्ल्ड कप में मैन ऑफ द मैच (तीन 2022 में, एक 2026 में) रहे हैं। सिर्फ पांच प्लेयर ही ऐसे हैं जिन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में सिकंदर से ज्यादा बार यह अवॉर्ड जीता है

■ NBT रिपोर्ट, चेन्नै: क्रिकेट में फिर से अपनी जमीं तलाश रही जिंबाब्वे टीम की इस बार लड़ाई मौजूदा दौर में क्रिकेट जगत पर राज कर रही टीम इंडिया से है। इस अफ्रीकी देश के लोग विषम परिस्थितियों से लड़ने और जिंदा रहने की कला में माहिर होते हैं। पिछले टी20 वर्ल्ड के लिए क्वॉलिफाई नहीं कर पाने का दाग लेकर इस वर्ल्ड कप में पहुंची जिंबाब्वे की टीम ने इस वर्ल्ड कप में अपनी इसी कला का परिचय दिया है। ओमान को हराना अपेक्षित था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया पर जीत बड़ी थी। उनकी इस वर्ल्ड कप की यात्रा उम्मीदों से और आगे तब निकली जब उन्होंने मेजबान श्रीलंका को भी पस्त कर दिया। हालांकि सुपर-8 में वेस्टइंडीज के हाथों हार ने इस स्वर्णिम यात्रा में पहली बाधा बनी। भारत के खिलाफ भी वे कागजों पर कहीं नहीं टिकते, लेकिन वे साबित करने के लिए कि मैदान और कागज में फर्क होता है, शेवरॉन्स (जिंबाब्वे क्रिकेट टीम) अपनी पूरी जान लगाने को तैयार होंगे। उनकी टीम में ऐसे तीन बड़े लड़ाके हैं जिनसे टीम इंडिया को सतर्क रहना होगा।

भारत vs जिंबाब्वे

1-ब्रायन बेनेट: ग्रुप स्टेज में नॉट आउट रहने वाला यह ओपनर भारत के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। अभी तक अपनी टीम की ओर से सर्वाधिक 180 रन बनाने वाले बेनेट ने ओमान के खिलाफ 48* रन की पारी खेलने के बाद मजबूत ऑस्ट्रेलिया और मेजबान श्रीलंका के खिलाफ क्रमशः 64* और 63* रन की पारी खेलकर दो लगातार बड़े उलटफेर की कहानी लिखी।

2-सिकंदर रजा: टीम की धड़कन हैं कप्तान सिकंदर। शुरुआती दो मैच में नाबाद रहने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहम मोड़ पर 45 रन की पारी खेलकर जीत की डोर टूटने नहीं दी। सिकंदर की ऑफ स्पिन गेंदबाजी भारतीय बैटर्स के लिए परेशानी का सबब बन सकती है।

3-ब्लेसिंग मुजरबानी: छह फुट आठ इंच के इस पेसर के ऐक्शन में कागिसो रबाडा की झलक दिखती है। अपनी लंबाई की वजह से एक्स्ट्रा बाउंस पाने वाले मुजरबानी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार बड़े विकेट निकालकर जीत के नायक बने थे। वह कुल 11 विकेट ले चुके हैं।

विंडीज के बैटर्स के लिए साउथ अफ्रीकी रफ्तार की चुनौती

साउथ अफ्रीका vs वेस्टइंडीज सुपर-8 का मैच

■ एजेंसियां, अहमदाबाद: टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मैच में आज वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका का आमना-सामना होगा। इस मुकाबले में अहम फोकस कैरेबियन बैटर्स के अटैक और साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाजों की रफ्तार पर होगा। दोनों टीमें अब तक टूर्नामेंट में अपराजेय हैं और इस मैच का नतीजा सेमीफाइनल की तस्वीर काफी हद तक साफ करेगा।

दोनों ने हासिल की है बड़ी जीत: साउथ अफ्रीका ने इसी मैदान पर पिछले मैच में भारत को 76 रन से हराकर अपने इरादे जता दिए थे। उस मुकाबले में मार्को यानसेन, कागिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी और केशव महाराज ने मिलकर भारतीय बल्लेबाजी को लगातार दबाव में रखा। अब यही अटैक वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाजों के सामने एक और कड़ी परीक्षा पेश करेगा। दूसरी ओर, वेस्टइंडीज ने मुंबई में जिंबाब्वे को 107 रन से हराकर अपने आक्रामक तेवर दिखाए। शिमरॉन हेटमायर, रोवमैन पॉवेल और ब्रेंडन किंग जैसे बल्लेबाज किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को तहस-नहस करने का माद्दा रखते हैं।

कप्तान एडेन मार्करम (बाएं) और डेवाल्ड ब्रेविस

आमना-सामना

साउथ अफ्रीका 14 | वेस्टइंडीज 15 | कुल मैच 29

259 रन का टारगेट हासिल कर चुका है साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज के खिलाफ। यह टी20I में सबसे बड़ा चेज है

642 रन के साथ क्विंटन डीकॉक वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20I में सर्वाधिक रन बनाने वाले साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज हैं

संभावित प्लेइंग XI

वेस्टइंडीज: ब्रेंडन किंग, शाई होप (कप्तान, विकेटकीपर), शिमरॉन हेटमायर, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, जेसन होल्डर, मैथ्यू फोर्ड, अकील होसैन, गुडाकेश मोती, शामार जोसफ

साउथ अफ्रीका: एडेन मार्करम (कप्तान) क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को यानसेन, कॉर्बिन बॉश, कागिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी

टेलिकास्ट: दोपहर 3 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

पाकिस्तानी क्रिकेटर्स के पक्ष में इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड की 'बैटिंग'

■ एजेंसियां, लंदन: इंग्लैंड ऐंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) और 'द हंड्रेड' की फ्रेंचाइजी ने संयुक्त बयान जारी करके कहा है कि खिलाड़ियों को राष्ट्रीयता के आधार पर बाहर नहीं किया जाना चाहिए। ऐसी आशंका है कि इस प्रतियोगिता के लिए अगले महीने होने वाली नीलामी में भारतीय स्वामित्व वाली कम-से-कम चार टीमें पाकिस्तानी क्रिकेटरों को जान-बूझ कर नजरअंदाज कर सकती हैं। आठ फ्रेंचाइजी में से चार के मालिक IPL की टीमों के मालिक भी हैं। ECB और IPL से जुड़े मालिकों सहित 'द हंड्रेड' की सभी आठ फ्रेंचाइजी का स्वामित्व रखने वाले मालिकों ने संयुक्त बयान में कहा, 'द हंड्रेड की शुरुआत नए दर्शकों तक पहुंचने, क्रिकेट को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए की गई थी कि हर कोई, चाहे वह किसी भी जाति, लिंग, धर्म, राष्ट्रीयता या अन्य किसी भी आधार पर हो, हमारे खेल में अपनी जगह महसूस कर सके। खिलाड़ियों को उनकी राष्ट्रीयता के आधार पर बाहर नहीं किया जाना चाहिए।' पिछले सीजन सिर्फ दो पाकिस्तानी प्लेयर्स को 'द हंड्रेड' में मिली थी।

'द हंड्रेड' की नीलामी

अगले मैच में स्ट्रैटिजी बदलनी होगी भारतीय टीम को: शास्त्री

■ एजेंसियां, चेन्नै: भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री का मानना है कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 स्टेज में मिली हार भारत के लिए खतरे की घंटी रही है और अब उसे टीम कॉम्बिनेशन पर पुनर्विचार करना होगा। साउथ अफ्रीका से संडे को 76 रन से मिली हार के बाद भारत अब गुरुवार को जिंबाब्वे से खेलेगा। पिछले टी20 वर्ल्ड कप से चले आ रहे 12 मैचों में जीत के सिलसिले पर भी इससे रोक लग गई।

एक्सपर्ट की राय

शास्त्री ने कहा, 'आपने लगातार 12 मैच जीते तो एक खराब दिन तो आना ही है। लेकिन मुझे खुशी है कि यह जल्दी आ गया। यह भारत के लिए जरूरी खतरे की घंटी रहा। इससे अब टीम को रणनीति और कॉम्बिनेशन पर फिर से विचार करना होगा। टीम ने पिछले अनुभव से सबक ले लिया होगा कि चीजों को हल्के में नहीं लेना है। एक और मैच हारने से काफी दबाव बन जाएगा।' उन्होंने आगे कहा, 'अक्षर पटेल को वापस लाना ही होगा। आपको उसके अनुभव की जरूरत है। मैं तो कहूंगा कि अक्षर और वॉशिंगटन दोनों खेल सकते हैं क्योंकि किसी दिन कोई बोलर तो खराब फॉर्म में होगा ही।'

रवि शास्त्री

FILE

जम्मू-कश्मीर का दबदबा दूसरे दिन भी रहा जारी

कर्नाटक Vs जम्मू-कश्मीर
रणजी ट्रॉफी फाइनल मैच

■ एजेंसियां, हुबली: कप्तान पारस डोगरा की जुझारू पारी और मध्यक्रम की मजबूती के दम पर जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन कर्नाटक के खिलाफ छह विकेट पर 527 रन बनाकर मैच पर पकड़ और मजबूत कर ली। डोगरा ने 166 गेंदों पर 70 रन की अहम पारी खेली। विकेटकीपर बल्लेबाज कन्हैया वाधवान (70) और साहिल लोत्रा (57* रन) ने भी जिम्मेदारी निभाई। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा (3/90) सबसे प्रभावी गेंदबाज रहे। श्रेयस गोपाल ने पारस को आउट किया।

कप्तान पारस (दाएं) और कन्हैया ने 110 रन की साझेदारी की

डोगरा पर फाइन: BCCI ने पारस पर मैच फीस का 50 प्रतिशत फाइन लगाया है। दरअसल, मैच के दौरान पारस ने सब्स्टिट्यूट फील्डर केवी अनीश के कथित तौर पर कुछ कहने पर उनसे हेलमेट से टकराव किया। अंपायर्स ने स्थिति काबू में की।

भारत ने शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया को हराया



■ एजेंसियां, होबार्ट: भारतीय मेंस हॉकी टीम ने FIH प्रो-लीग 2025-26 के होबार्ट राउंड का समापन जीत के साथ किया। टीम ने ऑस्ट्रेलिया को गोलकीपर मोहित के सेव की बदौलत शूटआउट में 3-1 से हराया। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान जेरेमी हेवर्ड ने 49वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल किया, लेकिन भारत ने दो मिनट बाद ही शिलानंद लकड़ा के फील्ड गोल से बराबरी हासिल कर ली। भारत की यह मौजूदा प्रो-लीग सीजन की पहली जीत है। हालांकि, इसके बावजूद टीम अंक तालिका में 7वें स्थान पर है।

हॉकी प्रो-लीग

प्लेयर ऑफ द मैच मोहित

जिंबाब्वे से आया टीम का '12वां खिलाड़ी'

चेन्नै डायरी
Rupesh.Singh@timesofindia.com

■ चेन्नै: रंग-बिरंगे कपड़े, आकर्षक धुन पर थिरकते कदम और लहराते हाथों के साथ जोशीले नारों से गुरुवार को चेपक स्टेडियम का एक कोना गूंज उठेगा। जिंबाब्वे क्रिकेट टीम का '12वां खिलाड़ी' भारत पहुंच चुका है। जिंबाब्वे के श्रीलंका में खेले गए मैचों के दौरान स्टेडियम में अपनी अलग मौजूदगी दर्ज कराने वाला छह सदस्यों का एक ग्रुप, जो कैसल कॉर्नर ग्रुप के नाम से मशहूर है, आर्थिक समस्या के कारण ग्रुप स्टेज के बाद स्वदेश लौट गया था। 'कैसल कॉर्नर' के पांच सदस्य भारत के खिलाफ शेवरॉन्स (जिंबाब्वे टीम) का उत्साह बढ़ाने के लिए यहां मौजूद रहेंगे।

टीम इंडिया के एक फैन क्लब 'लॉन्ग रेंज आर्मी' के फाउंडर कार्तिक कन्नन ने बताया कि उन्होंने खुद कैसल कॉर्नर के सदस्यों से बात की है और इनकी वापसी को लेकर वह बहुत रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, 'एक क्रिकेट फैन होने के नाते मैं बहुत खुश हूं। हमारा ग्रुप भी 'सेल्फ फंडेड' है और हम भी कई बार ऐसी आर्थिक परेशानियों से जूझते हैं। इस ग्रुप की जिंबाब्वे के साथ केमिस्ट्री है अलग लेवल की है। जिंबाब्वे की टीम और कैसल कॉर्नर ग्रुप पहली बार चेन्नै में हैं। बहुत मजा आने वाला है।'

कैसल कॉर्नर का रिश्ता हरारे स्पोर्ट्स क्लब से है। जिंबाब्वे क्रिकेट के फैन पहले अलग-अलग हिस्सों में बैठते थे, लेकिन फिर परिचय होने के बाद उन्होंने एक जगह कैसल कॉर्नर में इकट्ठा होने का फैसला किया। ग्रुप में 200 से अधिक रजिस्टर्ड सदस्य हैं और सदस्यता निःशुल्क है। इस टी20 वर्ल्ड कप में केवल छह सदस्य ही यात्रा कर सके, क्योंकि खर्च बहुत ज्यादा था। क्रिकेट फैंस में अपनी अलग पहचान रखने वाला ग्रुप 'व्हिसल पोडू आर्मी' भी चेन्नै से है और इसके सदस्य प्रभु दामोदरन कहते हैं, 'इस ग्रुप (कैसल कॉर्नर) के जोश ने मुझे बहुत प्रभावित किया। किसी भी मुकाबले में फैंस भी असर डालते हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में वे मौजूद नहीं थे, जिंबाब्वे के उस मैच में निराशाजनक प्रदर्शन के पीछे शायद उनकी गैरमौजूदगी भी एक वजह रही हो। भारत के खिलाफ उनकी मैदान मौजूदगी जिंबाब्वे के लिए ऊर्जा का काम करेगी।'

चेस में बेईमानी की समस्या नहीं: गुकेश

■ पीटीआई, प्राग: वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने साफ तौर पर कहा है कि चेस में बेईमानी की समस्या उतनी बड़ी नहीं है जितनी उसे पेश किया जा रहा है। गुकेश ऑनलाइन खेल को प्रभावित करने वाले बेईमानी के खतरे के खिलाफ रूसी ग्रैंडमास्टर व्लादिमिर क्रैमनिक की विवादास्पद मुहिम के पक्षधर भी नहीं हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश ने कहा, 'मैं किसी भी तरह के अनुचित खेल के खिलाफ हूं। मैंने न तो कभी बेईमानी की है और उम्मीद करता हूं कि कोई गेम में ऐसा नहीं करता होगा। लोग इस समस्या को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं, यह इतनी समस्या है नहीं।'

ग्रैंडमास्टर गुकेश

NBT AI टाइम मशीन

आज हुआ था रडार का सफल प्रदर्शन

आज ही के दिन 1935 को रॉबर्ट वॉटसन-वाट (Robert Watson-Watt) ने रडार का पहला सफल प्रदर्शन किया। इस तकनीक ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान दुश्मन के विमानों का पहले ही पता लगाकर हवाई सुरक्षा को मजबूत किया। युद्ध के बाद, इसने सिविल एविएशन और एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सुरक्षित बनाया। रडार से ही मौसम की भविष्यवाणी संभव हुई। 'माइक्रोवेव ओवन' का आविष्कार भी इसी तकनीक की देन है।

NBT
Front Page-2
कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) | गुरुवार, 26 फरवरी 2026 • पेज 13

रडार से स्पेस की निगरानी हो सकेगी

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में रडार तकनीक बेहद एडवांस हो चुकी होगी। क्वॉन्टम सेंसर और स्पेस-बेस्ड नेटवर्क के जरिए जमीन, आसमान और अंतरिक्ष की एक साथ निगरानी संभव होगी। AI इसका सबसे अहम हिस्सा होगा, जो खुद डेटा पढ़कर असली और फर्जी खतरे में फर्क करेगा और माइक्रोसेकंड में अलर्ट जारी करेगा। DRDO और ISRO जैसी संस्थाओं के सहयोग से रडार पूरी तरह स्मार्ट, स्वचालित और रणनीतिक डिजिटल सुरक्षा कवच बन चुका होगा।

AI Images

फटाफट खबरें

टेलीग्राम के संस्थापक के खिलाफ जांच शुरू

■ एपी, मॉस्को: टेलीग्राम ऐप के संस्थापक पावेल दुरोव के खिलाफ रूस में जांच शुरू हो गई है। मंत्रालय को दावा किया कि रूस की सरकार ने उनके खिलाफ 'आतंकवादी गतिविधियों में सहायता करने' के आरोप में आपराधिक जांच शुरू की है।

वेनेजुएला से 3200 लोग किए गए रिहा

■ एपी, काराकस: वेनेजुएला की नेशनल असेंबली के एक विशेष आयोग ने ऐलान किया है कि नए क्षमा कानून के लागू होने के चार दिन में 3,200 से अधिक लोगों को पूर्ण रूप से रिहा किया जा चुका है। रिहा होने वालों में जेल से छोड़े गए कैदियों के साथ-साथ वे लोग भी शामिल हैं जिन्हें पहले नजरबंद या प्रतिबंधों के तहत रखा गया था।

अग्निवीर की ट्रेनिंग ले रहे 2 युवकों की मौत

■ पीटीआई, शिलांग: यहां असम रेजिमेंटल सेंटर में अग्निवीर प्रशिक्षण ले रहे 2 युवकों की संदिग्ध बैक्टीरियल संक्रमण के कारण मौत हो गई है, जबकि 28 अन्य प्रशिक्षु शिलांग के सैन्य अस्पताल में चिकित्सकीय निगरानी में हैं।

UK: इंडियंस को ई-वीजा जरूरी

■ पीटीआई, लंदन: ब्रिटेन में बुधवार से लागू नए डिजिटल ट्रांजिट सिस्टम के तहत भारतीय यात्रियों के लिए ई-वीजा अनिवार्य होगा। बिना वीजा वाले यात्रियों को इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल ऑथराइजेशन लेना होगा। यह नई व्यवस्था कागज वाले वीजा स्टिकर की जगह लेगी।

IIM नागपुर: 300 छात्रों ने छोड़ा एग्जाम

■ भाषा, नागपुर: IIM नागपुर के एमबीए फर्स्ट ईयर के करीब 300 स्टूडेंट्स ने मध्यावधि एग्जाम का बहिष्कार किया। यह कदम उन 40 सहपाठियों को एग्जाम में बैठने से रोकने के विरोध में उठाया गया, जो संस्थान के नियम तोड़कर विदाई पार्टी में शामिल हुए थे।

क्या है COBOL, जिस पर एक दावे ने IBM को हिला दिया

AI कंपनी एंथ्रोपिक (Anthropic) के एक दावे ने शेयर मार्केट में भूचाल ला दिया। ET के अनुसार, सोमवार रात एक ब्लॉग में दावा किया कि उनका AI मॉडल Claude पुरानी प्रोग्रामिंग लैंग्वेज COBOL को पढ़ और आधुनिक बना सकता है। यही लैंग्वेज दुनिया के करीब 95% ATM लेनदेन और कई बैंक, एयरलाइंस और सरकारी सिस्टम चलाती है। इस दावे से IBM की मार्केट वैल्यू करीब $30 बिलियन घट गई, जो 25 साल की सबसे बड़ी गिरावट है। असर भारत में भी दिखा और NIFTY IT लगभग 5% गिर गया। आइये जानते हैं कि इस दावे के मायने, इस गिरावट के पीछे की वजह...

Anthropic का दावा है कि उनका AI मॉडल पुरानी प्रोग्रामिंग लैंग्वेज COBOL को पढ़ सकता है

शुरुआती लैंग्वेज में से एक

COBOL (Common Business-Oriented Language) एक प्रोग्रामिंग लैंग्वेज है, जिसे 1959 में बनाया गया था। यह प्रोग्रामिंग लैंग्वेज वह भाषा होती है जो कंप्यूटर को समझ आती है। इसी में कोड लिखे जाते हैं। इस तरह की दूसरी भाषाओं में जावा, पाइथन आदि हैं। COBOL शुरुआती लैंग्वेज में से एक थी, जिसे बड़े पैमाने पर व्यापार और सरकारी कामों में अपनाया गया। हालांकि इसे बने 60 साल से ज्यादा हो चुके हैं, फिर भी यह आज तक बैंकिंग, बीमा, टेलीकॉम और सरकारी सिस्टम्स में महत्वपूर्ण इस्तेमाल होती है। एटीएम नेटवर्क, क्रेडिट कार्ड प्रोसेसिंग और एयरलाइन रिजर्वेशन सिस्टम जैसे कई अहम सिस्टम आज भी COBOL पर ही चलते हैं।

AI image

पुराने सिस्टम्स को आधुनिक बनाने का दावा

AI कंपनी **Anthropic** का कहना है कि उसका मॉडल Claude, COBOL में लिखे पुराने सिस्टम्स को तेजी से आधुनिक बना सकता है। आमतौर पर ऐसे सिस्टम अपडेट करना महंगा, जोखिम भरा और कई साल लेने वाला काम होता है, क्योंकि COBOL के जानकार इंजीनियर या तो रिटायर हो चुके हैं या अब बहुत कम बचे हैं। लेकिन कंपनी का दावा है कि Claude यह काम सालों की बजाय कुछ महीनों में कर सकता है। यह पूरे कोड को समझ सकता है, आपसी निर्भरता समझता है, डॉक्यूमेंटेशन तैयार करता है और कोड को नई भाषाओं में बदलने में मदद करता है।

IBM पर क्या होगा असर?

IBM के मेनफ्रेम कंप्यूटर दुनिया के कई COBOL सिस्टम्स की रीढ़ हैं। कंपनी की कमाई का बड़ा हिस्सा इन्हीं पुराने सिस्टम्स की देखभाल, अपग्रेड और धीरे-धीरे मॉडर्न बनाने से आता है। अगर AI टूल्स यह काम तेज और सस्ते में करने लगें, तो IBM के कंसल्टिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर बिजनेस पर दबाव पड़ सकता है। मेनफ्रेम सिस्टम पर निर्भरता कम हो सकती है, जो IBM की ताकत रही है।

AI कंपनियों पर क्या असर?



AI सर्विस कंपनियों के लिए पुराने (legacy) सिस्टम्स को आधुनिक बनाना अरबों डॉलर का बड़ा बिजनेस है। पिछले 2 साल में जब नई टेक्नोलॉजी पर खर्च घटा, तब ऐसे ट्रांसफॉर्मेशन प्रोजेक्ट्स ही उनकी कमाई का मुख्य सहारा बने। दुनिया में आज भी करीब 800 अरब लाइन COBOL कोड चल रहा है। इसे आधुनिक बनाने की लागत आमतौर पर 10-12 डॉलर प्रति लाइन है। **Anthropic** का दावा है कि उसका Claude यह खर्च घटाकर लगभग 2 डॉलर प्रति लाइन कर सकता है। इस आशंका से भारतीय आईटी शेयरों में बिकवाली बढ़ी।

4 बड़ी बातें जो जाननी जरूरी है

1. AI कंपनी Anthropic ने दावा किया कि उसका मॉडल Claude पुरानी प्रोग्रामिंग लैंग्वेज COBOL सिस्टम्स को तेजी से और सस्ते में आधुनिक बना सकता है।
2. IBM का काम इसी से जुड़ा है, जो COBOL सिस्टम्स को संभालती है और अपडेट करती है, लेकिन इसमें अच्छी खासी लागत आती है।
3. निवेशकों को डर लगा कि इससे ऐसे काम करने वाली कंपनियों, खासकर IBM और IT सर्विस फर्मों का बिजनेस प्रभावित होगा।
4. इसी आशंका में IBM के शेयर गिरे और उसकी मार्केट वैल्यू में बड़ी गिरावट आई। असर भारत पर भी पड़ा और NIFTY IT करीब 5% टूट गया।

नेतन्याहू संग तकनीक, मिडल ईस्ट के ताज़ा हालात पर चर्चा की: मोदी

पीएम की इस्राइल यात्रा में डिफेंस पर मेजर फोकस रहने की है उम्मीद

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार से दो दिन के इस्राइल दौरे पर हैं। मोदी ने इस्राइल के पीएम बेन्यामिन नेतन्याहू के साथ बैठक को सार्थक बताया। उन्होंने X पर पोस्ट कर कहा, हमने द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने के लिए तकनीक, जल प्रबंधन, कृषि और टैलेंट पार्टनरशिप जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। क्षेत्र के ताजा घटनाक्रम पर भी बातचीत हुई।

नेतन्याहू ने बताया कि वे गुरुवार को पद ग्रहण जाएंगे और आर्थिक, सुरक्षा और कूटनीतिक क्षेत्रों में कई समझौतों पर साइन करेंगे। बड़ा फोकस डिफेंस पर रहने की उम्मीद है। रक्षा क्षेत्र में सहयोग, ड्रोन, प्रिसिजन गाइडेड एम्युनिशन, डायरेक्ट एनर्जी वेपन पर फोकस रह सकता है। इस्राइल की रक्षा बिक्री में भारत एक बड़ा कस्टमर है। 2020 से 2024 के बीच इस्राइल की कुल रक्षा बिक्री में भारत की हिस्सेदारी 34 पर्सेंट रही।

> 20.5 अरब डॉलर के हथियार बेचे इस्राइल ने भारत को

आयरन बीम की उम्मीद मजबूत: भारत का फोकस डायरेक्ट एनर्जी वेपन की तरफ भी बढ़ा है। इसलिए इस्राइल के आयरन बीम की इस दौरे पर चर्चा होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस्राइल की कंपनी राफेल ने आयरन बीम बनाया है। इस डायरेक्ट एनर्जी वेपन को हाल ही में इस्राइल ने अपने आयरन डोम में इंटीग्रेट किया है। भारत भी डायरेक्ट एनर्जी वेपन पर काम कर रहा है और डायरेक्ट एनर्जी वेपन तीनों फोर्स की विश लिस्ट में है।

PTI

इस्राइल के पीएम बेन्यामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने बैठक की।

हेक्सागन ऑफ अलायंस पर एक्सपर्ट बोले-

'नए अलायंस से जुड़ना मुश्किल'

Alpyu.Singh
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: पीएम मोदी की यात्रा से ठीक पहले इस्राइल के पीएम नेतन्याहू की ओर से घोषित किए गए हेक्सागन ऑफ अलायंस को लेकर जियो पॉलिटिक्स में हलचल है। इसमें छह देशों के शामिल होने का प्रस्ताव है। इसे लेकर खासतौर से पाकिस्तान में इसे लेकर कड़ा विरोध दिख रहा है। इसे मिडिल ईस्ट और आस पास के भीतर गठबंधनों का एक संपूर्ण तंत्र बताया गया है, जो शिया और सुन्नी गुटों के खिलाफ चुनौतियों पर एक साथ सामने आएगा। जानकार मानते हैं भारत के इसमें शामिल होने की संभावना बहुत कम है।

> भारत की विदेश नीति का आधार धर्म नहीं रहा: एक्सपर्ट

'अलायंस में भारत के शामिल होना की उम्मीद कम': अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार अनिल त्रिगुणायत कहते हैं कि इस प्रस्तावित अलायंस में ग्रीस, साइप्रस जैसे भारत के कई रणनीतिक साझेदार शामिल हैं, लेकिन भारत नीतिगत तौर पर ऐसे गठबंधन या अलायंस के पैटर्न में भरोसा नहीं करता। ऐसा लगता नहीं कि भारत इसे लेकर बहुत उत्साहित या उत्सुक है।

'ये भारत की नीति नहीं रही है'

अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार डॉ. ओमैर अनस का कहना है कि ये अलायंस कोई नया कॉन्सेप्ट नहीं है, लेकिन नेतन्याहू ने इसे डिफेंस अलायंस की तरह पेश किया जो शिया और सुन्नी चरमपंथी धुरी के खिलाफ काउंटर का काम करेगा। इस के फॉर्मेट को देखते हुए लगता नहीं कि भारत की विदेश नीति में इसके लिए कोई खास जगह है।

कांग्रेस बोली-

'गाजा हिंसा का मुद्दा उठाएं मोदी'

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने बुधवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने भारत की दशकों पुरानी इस्राइल और फलस्तीन की दो-राष्ट्र सिद्धांत आधारित विदेश नीति की दिशा बदल दी है और इस्राइल के पक्ष में झुकाव दिखाया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मोदी की इस्राइल यात्रा में गाजा में हो रही हिंसा का मुद्दा उठाने की अपील की है।

'जेरूसलम पोस्ट' के फ्रंट पर नमस्ते

मोदी के स्वागत की तैयारी इस्राइल के मशहूर अखबार 'द जेरूसलम पोस्ट' के फ्रंट पेज पर दिखाई दी, जिसमें पीएम मोदी के स्वागत में पूरा स्पेशल एडिशन ही निकाल दिया। अखबार के फ्रंट पेज पर बड़े-बड़े अक्षरों में 'नमस्ते' लिखा गया। अखबार के एडिटर ने X पर इसे शेयर किया।

फाउंडेशन के कर्मियों से बिल गेट्स ने माफी मांगी

> एपस्टीन फाइल में मुझे महिलाओं संग दिखाया है, उनके चेहरे धुंधले हैं। ये तस्वीरें एपस्टीन के कहने पर उसकी सहयोगियों के साथ खिंचवाई गई थीं। मैंने कभी पीड़ितों के साथ समय नहीं बिताया। *-बिल गेट्स*

■ पीटीआई, न्यू यॉर्क

अमेरिकी टेक उद्यमी बिल गेट्स ने दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन (Jeffrey Epstein) के साथ अपने संबंधों को लेकर गेट्स फाउंडेशन के कर्मचारियों से माफी मांगी है। हालांकि उन्होंने कहा कि उन्होंने 'कुछ भी गलत या अवैध नहीं किया।'

> माना कि एपस्टीन विवाद से इमेज खराब हुई है

रिपोर्ट के मुताबिक, गेट्स ने माना कि उनके दो रूसी महिलाओं के साथ संबंध थे और यह उनकी 'बड़ी गलती' थी कि उन्होंने एपस्टीन के साथ समय बिताया। उन्होंने साफ कहा कि उनका एपस्टीन के अपराधों या पीड़ितों से कोई संबंध नहीं था। पिछले महीने अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी दस्तावेजों, जिन्हें 'एपस्टीन फाइल्स' कहा जा रहा है, में कई नाम सामने आए। गेट्स ने कहा कि 2011 में एपस्टीन से मिलने से पहले उन्होंने उसकी बैकग्राउंड की ठीक से जांच नहीं की।

उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि 2014 तक वह एपस्टीन से मिलते रहे और उसके साथ यात्रा भी की, लेकिन कभी उसके द्वीप पर नहीं गए।

मुंबई में अनिल अंबानी का घर कुर्क, कीमत ₹3,716 करोड़

■ भाषा, नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट (PMLA) के तहत रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (ADAG) के चेयरमैन अनिल अंबानी का मुंबई स्थित घर 'एबोड' कुर्क किया है। इसकी कीमत 3,716 करोड़ रुपये है। मुंबई के पाली हिल इलाके में बना यह 17 मंजिला मकान 66 मीटर ऊंचा है।

> **ED की कार्रवाई**: पाली हिल में है 17 मंजिला 'एबोड'

सूत्रों के मुताबिक, ADAG की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) की बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले में अनिल अंबानी का घर कुर्क किया गया है। इसके लिए PMLA के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया गया है।

अब तक ₹15,700 करोड़ की कुर्की: नई कार्रवाई के साथ इस मामले में कुर्क की गई कुल संपत्तियों की कीमत करीब 15,700 करोड़ रुपये पहुंच गई है। सूत्रों के मुताबिक, अनिल अंबानी पूछताछ के लिए जल्द ED के सामने पेश हो सकते हैं। उन्होंने पहली बार अगस्त, 2025 में अपना बयान दर्ज करवाया था।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. पीएम मोदी का किस देश का दो दिवसीय दौरा शुरू हुआ?
A. संयुक्त अरब अमीरात B. इस्राइल C. सऊदी अरब
2. टेलीग्राम के संस्थापक का क्या नाम है, जिनके खिलाफ रूस ने जांच शुरू की?
A. मार्क जुकरबर्ग B. पावेल दुरोव C. एलन मस्क
3. किस देश में माफी कानून लागू हुआ, जिसके बाद 3,200 से अधिक लोग रिहा हो गए?
A. कोलंबिया B. ब्राजील C. वेनेजुएला
4. किस कंपनी के AI मॉडल ने COBOL को पढ़ने का दावा किया, जिससे शेयर बाजार हिल गया?
A. ओपनएआई B. एंथ्रोपिक C. आईबीएम
5. अनिल अंबानी का मुंबई का घर कुर्क किया गया, उसका नाम क्या है?
A. एबोड B. एंटीलिया C. सी-विंड

कल के जवाब
A1 B. केरलम A2 A. प. बंगाल A3 C. चार साल A4 A. उदय भानु चिब A5 B. HPV

लकी विनर्स

1. कबीर मल्होत्रा, नई दिल्ली
2. खालिद नसीम, लखनऊ
3. कमलेश कुमार, नई दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

'क्लाइमेट चेंज से बदल रहा बाघों का मिज़ाज'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सीएसई की 'स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरनमेंट' (एसओई 2026) रिपोर्ट में बुधवार को बाघों के बदलते मिजाज पर बात की गई है। जलवायु परिवर्तन की वजह से बाघों के व्यवहार में भी बदलाव हो रहे हैं। उनके आवासों में आ रहे पारिस्थितिक बदलाव, आवासों में दखलअंदाजी और बिगड़ी दशा भारत के बाघों में व्यवहारिक बदलाव ला रही है।

रिपोर्ट के अनुसार बाघ बहुत कम ही आदतन नरभक्षी बनते हैं। बाघों मनुष्यों पर हमला और उनके खाने की कोशिश तब करते हैं जब वे बूढ़े या घायल हो गए होते हैं। सीएसई की रिपोर्ट के अनुसार बाघों की संख्या बढ़ रही है। जंगलों के पास रहने वाली मानव आबादी भी बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार बाघों की आबादी वाले 20 राज्यों में बाघों के लगभग 40 प्रतिशत क्षेत्र में छह करोड़ लोग रहते हैं।

मुआवजे पर भी सामने आया विरोधाभास: रिपोर्ट के अनुसार जब कोई बाघ मवेशी मारता है तो मवेशी मालिक को अक्सर पर्याप्त मुआवजा मिलता है। इससे एक विरोधाभास पैदा होता है। कुछ क्षेत्रों में इसी वजह से बाघों की पशुधन हानि को बहुत अधिक नापसंद नहीं किया जाता है। मुआवजे की वजह से बाघ गांव की अर्थव्यवस्था का एक अनकहा हिस्सा बन जाते हैं।

> **43** की जान ली जनवरी से जून 2025 तक बाघों ने
> जंगलों से लौटाना कैमरा की झाड़ियों में आ रहे बाघ
> जंगली जानवरों की जगह मवेशियों का कर रहे शिकार

FILE

JEE- MAIN सेशन-1 पेपर-2 का रिजल्ट जारी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने JEE-MAIN सेशन 1 के पेपर 2 (B.Arch और B.Planning) का रिजल्ट जारी कर दिया है। B.Arch में केरल के सूर्य तेजस एम और B.Planning में केरल के ही गौरी शंकर बी ने 100 पर्सेंटाइल स्कोर हासिल किया है। दोनों उम्मीदवार ओबीसी-एनसीएल कैटिगरी से हैं। B.Arch की परीक्षा में 45,452 उम्मीदवार शामिल हुए थे, जबकि B.Planning के पेपर में 21,067 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया।

> B.Arch और B.Planning में केरल के छात्रों को 100 पर्सेंटाइल

12 IITs में AI और डेटा साइंस से जुड़े कोर्स शुरू

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

AI image

■ नई दिल्ली: देश के 23 में से 12 IITs में बीटेक इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और डेटा साइंस कोर्स शुरू हो गए हैं। बीटेक के साथ-साथ एआई में एमटेक, पीएचडी कोर्सेज भी चल रहे हैं। जिन आईआईटी में बीटेक इन एआई का कोर्स शुरू होना बाकी है, वहां शॉर्ट टर्म और दूसरे कई कोर्सेज चल रहे हैं। IITs में अभी कंप्यूटर साइंस इंजिनियरिंग (CSE) छात्रों की पहली पसंद है, जिसमें एआई के बारे में भी पढ़ाया जाने लगा है। CSE कोर्स के लिए टॉपर्स की पसंद आईआईटी दिल्ली और आईआईटी बॉम्बे रहते हैं।

आईआईटी मद्रास में बीटेक इन एआई एंड डेटा एनालिटिक्स, आईआईटी गुवाहाटी, रुड़की में बीटेक और एमटेक इन डेटा साइंस एंड एआई कोर्स का विकल्प है। आईआईटी गांधीनगर में बीटेक इन एआई, एमटेक इन एआई और पीएचडी कोर्सेज हैं। आईआईटी हैदराबाद में भी ग्रेजुएशन से लेकर पीएचडी तक एआई कोर्स है। आईआईटी जोधपुर, आईआईटी रोपड़ में एआई और डेटा इंजिनियरिंग के कोर्सेज हैं। आईआईटी पटना में बीटेक इन एआई एंड डेटा साइंस के साथ बीटेक इन एआई एंड डेटा साइंस+ एमबीए का कोर्स है। IIT पलक्कड़ में एआई में बीटेक, एमटेक है। आईआईटी भिलाई में बीटेक इन डेटा साइंस एंड एआई, एमटेक, पीएचडी तीनों स्तर पर कोर्सेज हैं। IIIT की बात करें तो वहां भी कई विकल्प मौजूद हैं।

IIT में बढ़ेंगी सीटें

2025 में 23 IIT में 18188 सीटें अलॉट की गई थीं। इस बार सीटों की संख्या में इजाफा तय है। जेईई मेन के आधार पर टॉप 2,50,000 कैंडिडेट्स को जेईई एडवांस्ड में शामिल होने का मौका मिलता है। 2026 में यह संख्या ढाई लाख से ज्यादा हो सकती है। 2025 को देखें तो 2,50,243 एलिजिबल कैंडिडेट्स थे, जिसमें से 1.87 लाख ने रजिस्ट्रेशन किया।

इमरजेंसी में अंतिम फैसला पायलट का हो, DGCA ने जारी किए नियम

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार प्लेन क्रैश मामले में वीएसआर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के हवाई जहाज का इस्तेमाल किया जा रहा था। इस तरह की तमाम छोटी एयरलाइंस यानी नॉन-शेड्यूल ऑपरेटर्स (NSOP) उड़ानों में बेहद गंभीर लापरवाही बरत रही हैं। इसे देखते हुए DGCA ने SOP जारी की है। कहा, एक और विशेष सुरक्षा ऑडिट मार्च में शुरू की जाएगी।

28 जनवरी को अजित पवार प्लेन क्रैश और 23 फरवरी को रांची से दिल्ली आ रही एयर एंबुलेंस के क्रैश होने के बाद बुधवार को डीजीसीए ने इन नॉन-शेड्यूल ऑपरेटर्स के साथ मीटिंग कर कड़े सुरक्षा नियमों को जारी किया। इसमें डीजीसीए ने आदेश दिए हैं कि इमरजेंसी के वक्त किसी भी फ्लाइट के रूट को बदलने, डिले या कैंसल करने का अंतिम फैसला पायलट-इन-कमांड का होना चाहिए। एयरलाइंस इनके ऊपर किसी तरह का दबाव नहीं बना सकती।

FILE

क्रैश एयर ऐंबुलेंस के वेदर रेडार में खराबी?

मरीज लेकर रांची से दिल्ली आ रही एयर ऐंबुलेंस के क्रैश मामले में प्लेन का वेदर रेडार खराब होने की आशंका है। रेडबर्ड एयरवेज का यह प्लेन काफी पुराना बताया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि खराब मौसम के दौरान सबसे अधिक खतरा एयरक्राफ्ट के टेक ऑफ और लैंडिंग के दौरान होता है। जिस तरह एयर ऐंबुलेंस क्रैश हुई, उससे वेदर रेडार खराब होने, पायलटों की चूक और इंजन फेल जैसी समस्या लग रही है।

अहमदाबाद प्लेन क्रैश: HC ने ठुकराई मांग

दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें पिछले साल 12 जून 2025 को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे की शुरुआती जांच रिपोर्ट को 'सैनिटाइज्ड' करने की मांग की गई थी। इस हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की डिविजन बेंच ने कहा एक्सपर्ट्स के काम में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता।

इंडिगो की फ्लाइट में हंगामा, 5 घंटे बैठे रहे यात्री

■ NBT रिपोर्ट: चेन्नै से सिंगापुर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6E1025 में मंगलवार को 200 से ज्यादा यात्रियों को करीब पांच घंटे तक विमान के अंदर इंतजार करना पड़ा। यात्रियों का आरोप है कि देरी की स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई और केबिन का एयर कंडीशन बार-बार बंद होने से घुटन जैसी स्थिति बन गई। कुछ यात्रियों ने उतरने की मांग की, लेकिन उन्हें देर तक अनुमति नहीं मिली। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में यात्री नाराजगी जताते दिखे। एयरलाइन के मुताबिक केबिन तापमान ज्यादा था, इसलिए जांच हुई। क्रू की ड्यूटी सीमा पूरी होने पर नया क्रू बुलाया गया। सुबह 11 बजे नया पायलट आया और फ्लाइट रवाना हुई।

LUCKNOW: NEXA SITAPUR ROAD (ONE-UP MOTORS INDIA PVT. LTD. PH: 8429999621), **NEXA MAHANAGAR** (MEGA MOTORS (A UNIT OF AKM MOTORS PVT LTD) PH: 8874900900, 6388905252), **NEXA RING ROAD** (KULDEEP MOTORS LUCKNOW PVT. LTD. PH: 9536022222), **NEXA HAZRATGANJ** (ANAND MOTOR AGENCIES LTD. PH: 7510003884), **NEXA GOMTI NAGAR** (KTL AUTOMOBILE PH: 7290019948), **NEXA ALAM BAGH** (BRIGHT 4 WHEELS PH: 7081111888).

*₹ 10.99 lakh for e VITARA Delta. Battery EMI: ₹ 3.99/km (subject to financier terms). Taxes and statutory charges are extra. Visit dealership for full T&Cs. | *As certified by Kantar IMRB for an OEM platform for end-to-end usage as on November 28, 2025. | *543 km range: Certified range; actual results may vary by driving conditions and usage. | *ADAS features are for driver assistance only. Driver is responsible for safe and attentive driving. | *Always wear your seatbelt. | *Mentioned ownership plan is for e VITARA Delta variant. Calculation is done assuming vehicle is running 60 km per day, excluding charging cost. Valid on retail sales for the e VITARA till 31st March '26, capped at 1 000 units of electricity (kWh) per customer or 1 Year from the purchase of the vehicle, whichever is earlier. Assured buyback plan is available on payment basis with the option of 3 years/45 000 km or 4 years/60 000 km ownership plans (whichever is earlier). The program is offered through an Insurance company. e VITARA comes with standard warranty of 3 years/1 00 000 km with an option of extending the same on payment basis to 5 years/1 40 000 km and service activated coverage for 6th to 8th year for EV related components.

*नियम और शर्तें लागू, बचत 28 फरवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, जीरो प्रोसेसिंग फीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफर्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ पर सेविंग, फायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती है. फायनान्स उपलब्ध है फायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफेशनल सुपरविजन के तहत, आम जनता या अन्य रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफिक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफर नेयॉन और कार्बन फाइबर मॉडल्स पर.

Authorised Dealers For Bajaj Auto Ltd.: Lucknow: • Chowk JPS BAJAJ 8429999037 •Ring Road JPS BAJAJ 8429999044 •Alambagh JPS BAJAJ 8429999051 •Bakshi Ka Talab JPS BAJAJ 8429999048•Buddheshwar JPS BAJAJ 9839030306 • Purania JPS BAJAJ 7521003595 * Raebareli Road NAMDHARI BAJAJ 8572999902 *Indiranagar SRM Bajaj 9151085001 •**Charbagh** SRM Bajaj 9151085011•**Gomtinagar SRM Bajaj 9151085005.**

देवरिया में शिक्षक ने की थी आत्महत्या, प्रदेशभर में लंबे समय से लटके हैं मामले

रिश्वत की भी आती है शिकायतें, फिर भी नहीं होता निस्तारण

Deep.Singh
@timeofindia.com

लखनऊ : देवरिया में कृषक लघु माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह ने 20 फरवरी को आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट से पता चला कि उन्हें पहले बर्खास्त किया गया था। बाद में हाई कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया और तैनाती के आदेश दिए। एक साल से वह बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। इस दौरान उन्होंने जेवर गिरवी रखा और खेत बेच कर 16 लाख रुपये भी दिए, लेकिन उन्हें तैनाती नहीं मिली।

यह मामला तो शिक्षक की आत्महत्या के बाद चर्चा में आ गया, लेकिन शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार की नई कहानी नहीं हैं। नियुक्ति से लेकर वेतन, भत्ते और पेंशन के मामले लंबे समय तक लटके रहते हैं। आत्महत्या, धरना जैसी घटनाओं के बाद मामला जब चर्चा में आ जाता है तो उस पर कार्रवाई होती है, लेकिन कुछ दिन बाद मामला शांत हो जाता है। तय समय में निस्तारण का सिटीजन चार्टर और समय-समय पर अधिकारियों के आदेश भी होते हैं, लेकिन कार्यप्रणाली में अंतर नहीं आता। अब भी बीएसए और डीआईओएस दफ्तरों में कई मामले लंबित हैं।

शिक्षा विभाग का रूटीन है, काम में देर-भ्रष्टाचार का फेर

पहले भी कई मामले रहे चर्चित

पुराने चर्चित मामलों की बात करें तो 2013 में एक रिटायर शिक्षक ने बीएसए के लेखाधिकारी के सामने ही आत्मदाह का प्रयास किया था। वहां भी मामला पेंशन और भत्ते के लिए रिश्वत मांगने का था। हाल ही में सीतापुर के बीएसए को हेडमास्टर द्वारा बेल्ट से पीटे जाने का मामला सामने है। उसमें यह बात सामने आई थी कि स्कूल न आने वाली एक शिक्षिका की हाजिरी लगाने का दबाव उन पर बीएसए बना रहे थे।

मिलता है भ्रष्टाचार को बढ़ावा

इस बारे में प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय कहते हैं कि सिटीजन चार्टर और समय-समय पर विभागीय आदेश भी जारी होते रहे हैं। उनका पालन किया जाए और तय समय पर काम हो तो ये नौबत ही न आए। सिटीजन चार्टर और विभागीय ऐक्ट में हर काम की समय सीमा और प्रक्रिया तय है। मामले लंबित होने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है।

> मामले लंबित न रखने के लिए स्पष्ट निर्देश हैं। इसकी समीक्षा भी की जाती है। फिर भी यदि कोई अधिकारी मामलों को लंबित रखता है या भ्रष्टाचार की शिकायत आती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> *- मोनिका रानी, डीजी-स्कूल शिक्षा*

निधन हुआ, पर पेंशन का पुनर्निर्धारण नहीं : मौलानालगंज के बेसिक स्कूल से रिटायर शिक्षिका मनोरमा देवी का निधन हो गया। डेढ़ साल पहले उनके पति लक्ष्मी नारायण ने पेंशन का पुनर्निर्धारण अपने पक्ष में करवाने के लिए आवेदन किया। जनवरी 2025 में ही बीएसए ने पत्रावली की जांच-पड़ताल करने के लिए मोहनलालगंज के बीईओ को पत्र लिखा। तब से वह दफ्तर के चक्कर लगाते रहे। इस बीच वह बीमार भी हुए। इलाज के लिए पैसे के अभाव की बात भी बताई, लेकिन उनकी पेंशन नहीं मिल सकी और 2 सितंबर 2025 को उनका निधन हो गया। उसके बाद उनकी बहू ने अधिकारियों से लेकर सीएम तक को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उनके श्वसुर से 70 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। उन्होंने बीईओ पर कार्रवाई की मांग की है।

वेतन वृद्धि रोकी : लखनऊ में ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय कमालपुर बिचौलिका में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका शशि सिंह की वेतन वृद्धि पिछले साल जुलाई में रोक दी गई। इसकी वजह ये बताई गई कि उन्होंने एक बच्चे का दाखिला जन्म तिथि में हेरफेर करके लिया। शिक्षिका ने बीएसए को स्पष्टीकरण में लिखा कि आधार कार्ड के अनुसार उन्होंने आयुसंगत कक्षा में प्रवेश लिया। आरटीई के नियमों के आधार पर भी जारी शासनादेश में भी कहा गया था कि टीसी या आयु प्रमाण पत्र के अभाव में दाखिले न रोके और आयु संगत कक्षा में प्रवेश देकर उनको मुख्य धारा में जोड़ें। उन्होंने अभिभावक का एफिडेविट भी दिया है। इसके बाद भी प्रधानाध्यापिका की वेतन वृद्धि रोकने का आदेश अब तक वापस नहीं लिया गया।

विधान परिषद में उठा मुद्दा : विधान परिषद में शिक्षक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने रायबरेली का मामला उठाया। वहीं नकवी इंटर कॉलेज में प्रवक्ता प्रदीप कुमार कार्यवाहक प्रधानाचार्य बने। प्रबंधतंत्र कुछ भर्तियां करवाना चाहता था। शासन से रोक होने के कारण उन्होंने इनकार कर दिया। इसके बाद उनको पहले सस्पेंड और फिर बर्खास्त कर दिया गया। डीआईओएस ने निलंबन समाप्त भी कर दिया, लेकिन उसके बावजूद तीन साल से उनको आज तक न तो कॉलेज में पढ़ाने दिया जा रहा है और न वेतन दिया जा रहा है। मामला कोर्ट भी गया। इस बीच कई बार विधान परिषद में यह मुद्दा उठा। पीठ से मामला निस्तारित करने के आदेश भी हुए। विशेष सचिव और निदेशक के साथ बैठक भी हुई, लेकिन अब भी स्थिति जस की तस है।

फटाफट खबरें

स्टेनोग्राफी-ट्रांसक्रिप्शन परीक्षा 28 को

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने एसआई (गोपनीय) पद के अभ्यर्थियों के लिए स्टेनोग्राफी श्रुतलेख-ट्रांसक्रिप्शन परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। बोर्ड के अनुसार यह परीक्षा 28 फरवरी को गौतमबुद्धनगर के निर्धारित परीक्षा केंद्र पर आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा उन अभ्यर्थियों के लिए है जिन्होंने एसआई (गोपनीय) पद पर आवेदन किया था और कम्प्यूटर टंकण/टाइपिंग परीक्षा में सफल पाए गए हैं। ऐसे सभी योग्य अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट uppbpb.gov.in पर अपलोड कर दिए गए हैं। वे लिंक पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। बोर्ड ने सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा केंद्र पर निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित हों।

छात्रवृत्ति की संशोधित समय-सारिणी जारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : समाज कल्याण विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर कक्षाओं में पढ़ने वाले उन छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति की संशोधित समय सारिणी जारी की है, जो तकनीकी दिक्कतों के वजह से छात्रवृत्ति से वंचित रह गए थे। संशोधित समय-सारणी के मुताबिक, विधि एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन और अपात्र छात्र, पाठ्यक्रम व संस्था को 27 फरवरी 2026 तक लॉक करना होगा। जिला समितियों द्वारा एक मार्च तक डेटा लॉक किया जाएगा। एनआईसी की राज्य इकाई से 11 मार्च 2026 तक मास्टर सृजन किया जाएगा, जबकि 16 मार्च तक छात्रवृत्ति खातों में भेज दी जाएगी।

112 यूपी को मिलेंगी 659 बाइकें

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : घने और संकरे इलाकों में 112 यूपी के रेस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए 659 नई PRV बाइकें खरीदी जाएंगी। 6,19,91,128 रुपये की लागत से आने वाली बाइकें उन पुराने वाहनों की जगह लाई जाएंगी जो अब उपयोग योग्य नहीं रह गए हैं। खरीद 31 मार्च से पहले हो जाएगी। वहीं, नदियों, नहरों और जलाशयों में डूबकर होने वाली मौतों को रोकने के लिए पुलिस विभाग को 10 रबराइज्ड रेस्क्यू बोट और 10 मोटर खरीदी जाएगी। गृह विभाग ने इसकी मंजूरी दे दी है।

गाजियाबाद, हरदोई व कन्नौज में 'संवाद सेतु' शुरू

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच संवाद को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज जिलों में बुधवार को 'संवाद सेतु' (जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर) व्यवस्था शुरू हो गई। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में तीन जिलों में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'संवाद सेतु' व्यवस्था शुरू की। इस दौरान एमएलसी अवनीश कुमार सिंह, तीनों जिलों के जनप्रतिनिधि, हरदोई और कन्नौज के जिलाधिकारी, गाजियाबाद के सीडीओ और अन्य अधिकारी शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि स्टाफ की तैनाती कर दी गई है। सीयूजी नंबर अपडेट कर कॉल मॉनिटरिंग प्रणाली सक्रिय कर दी गई है और सभी को 10 मिनट के अंदर कॉल रिसीव या कॉल बैक करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

'स्पोर्ट्स कॉलेजों के लिए 50 एकड़ जमीन तलाशें'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मुख्य सचिव एसपी गोयल ने निर्देश दिए हैं कि अयोध्या, बरेली, आगरा, मीरजापुर, देवीपाटन, झांसी, बस्ती, मुरादाबाद, मेरठ एवं अलीगढ़ सहित 10 मंडलों में स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए 50-50 एकड़ जमीन तलाश कर प्रस्ताव खेल विभाग को भेजा जाए। जमीन मंडल मुख्यालय के अलावा अन्य जिले में भी हो सकती है, बशर्ते वह सड़क से कनेक्ट हो। गोयल ने बुधवार को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स कॉलेजों को स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी से संबद्ध किया जाए, जिससे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षण एवं अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

गोमती नगर विस्तार में बनेगी HFW की बिल्डिंग

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : जगत नारायण रोड स्थित चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (HFW) का मुख्यालय शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए सीपी 1/13 और सीपी 1/14 आवंटित हो चुका है। महानिदेशालय सूत्रों के मुताबिक इसके लिए एलडीए से जमीन आवंटित हो चुकी है। अब इसके लिए एक अरब 19 करोड़ रुपये जमा किए जाने हैं। इसके लिए शासन से बजट मांगा गया था, जिसके लिए अब 64 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। माना जा रहा है कि अगले महीने तक पैसा जमा कर काम शुरू हो जाएगा। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की जगत नारायण रोड स्थित इमारत काफी पुरानी और जर्जर हो चुकी है। इसके साथ ही यह क्षेत्र ट्रैफिक जाम की समस्या में रहती है। इसके चलते फैसला हुआ है।

'दंगे, कर्फ्यू से बढ़कर दीपोत्सव और निवेश की पहचान बना यूपी'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : निवेश जुटाने के लिए जापान दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तोक्यो में भारतीय समुदाय के लोगों के साथ संवाद किया। इस दौरान सीएम ने उत्तर प्रदेश के अंधेरे से उजाले तक के जाने की गाथा को निवेशकों के सामने रखा। सीएम ने कानून-व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और निवेश के नए अवसरों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज यूपी दंगों या कर्फ्यू की खबरों से आगे बढ़कर दीपोत्सव, महाकुंभ और वैश्विक निवेश की पहचान बन चुका है और यही परिवर्तन भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में आगे बढ़ा रहा है।

■ सीएम योगी आदित्यनाथ ने जापान की राजधानी तोक्यो में भारतीय समुदाय के साथ किया संवाद
■ पहले की सरकारों पर साधा निशाना, कहा- जिनकी प्रवृत्ति डकैती की थी, उन्होंने उत्तर प्रदेश को भी अंधेरे में रखा

'हम सूर्यपुत्र हैं, हमें सूर्य जैसी रोशनी चाहिए'

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कनेक्टिविटी का संकट था, सड़कें नहीं थीं, बिजली नहीं आती थी। लोग भी कहते थे कि बिजली गायब रहती थी। पहले की सरकारें अंधेरे में रहने की आदी थीं, क्योंकि उनके कार्य अंधेरे में होते थे। हम चाहते थे कि प्रदेश डकैती, भय से मुक्त हो। उसके लिए उजाला चाहिए। और हम सूर्यपुत्र हैं, तो हमें सूर्य जैसी रोशनी चाहिए, इसलिए हमने बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करवाई।

कार्यक्रम में लगे योगी-योगी के नारे

कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक आयोजन देख योगी ने कहा कि भारत से हजारों किलोमीटर दूर रहकर जिस प्रकार इन बेटियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वह अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के बाद बच्चियों के साथ फोटो शूट भी करवाया। इस दौरान पूरा प्रांगण 'योगी-योगी' के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने साथ आए प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख सहयोगियों वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', यूपी सरकार के सलाहकार अवनीश अवस्थी मौजूद थे।

यीडा के 500 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगी जापान इंडस्ट्रियल सिटी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : जापान पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तोक्यो में रोड शो कर वहां के उद्योगपतियों और निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित माहौल, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, विशाल बाजार और युवा कार्यबल के कारण उत्तर प्रदेश निवेश के लिए भारत का सबसे बेहतर राज्य बनकर उभरा है। उन्होंने यीडा में प्रस्तावित जापान इंडस्ट्रियल सिटी की जानकारी देते हुए बताया कि नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट के पास 500 एकड़ भूमि पर इसे विकसित किया जा रहा है, ताकि जापानी उद्योग क्लस्टर के रूप में निवेश कर सकें और बेहतर कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स व निर्यात सुविधाएं पा सकें।

निवेशकों के लिए यूपी बड़ा बाजार: मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ आबादी वाला उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। पिछले नौ वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय लगभग तीन गुना बढ़ी है। देश की 11 प्रतिशत कृषि भूमि के बावजूद प्रदेश करीब 21 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन करता है, जिससे फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और एग्री-लॉजिस्टिक्स में बड़े अवसर हैं।

मोबाइल से सेमीकंडक्टर तक अवसर : योगी ने बताया कि मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग का 55% और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट उत्पादन का 60% उत्तर प्रदेश में हो रहा है। डेटा सेंटर, सेमीकंडक्टर, वेयरहाउसिंग और रिन्यूएबल एनर्जी में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं। प्रदेश के पास 75,000 एकड़ लैंड बैंक उपलब्ध है तथा बुंदेलखंड में 56,000 एकड़ में नया औद्योगिक शहर विकसित किया जा रहा है।

15 लाख करोड़ की परियोजनाएं जमीन पर उतरीं : सीएम ने कहा कि 2023 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनमें से 15 लाख करोड़ की परियोजनाएं जमीन पर उतर चुकी हैं और 7 लाख करोड़ प्रक्रिया में हैं। कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी और भारत की राजदूत नग्मा एम. मलिक भी मौजूद रहीं।

रेलवन फैक्ट्री पहुंचे डिप्टी सीएम, देखी ट्रैक और स्लीपर तकनीक



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : वैश्विक मंच पर अपनी पहचान मजबूत करते हुए यूपी सरकार का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को जापान के न्यूमेक्स स्थित रेलवन जीएमबीएच फैक्ट्री पहुंचा।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की अगुआई में इस प्रतिनिधिमंडल ने यहां रेल ट्रैक और कंक्रीट स्लीपरों के उत्पादन की अत्याधुनिक तकनीक को देखा। डिप्टी सीएम ने विशेषज्ञों से बात कर रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में टिकाऊपन, तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसरों पर भी चर्चा हुई। रेलवन के अधिकारियों ने अत्याधुनिक तकनीक और उत्पादन क्षमता से जुड़े अनुभव साझा किए। इस दौरान आईटी मंत्री सुनील शर्मा मौजूद रहे।

संपत्ति का ब्योरा न देने वाले कर्मियों को दिया वेतन, अब होगी कार्रवाई!

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : चल-अचल संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर नहीं देने के बाद भी कर्मचारियों का वेतन देने वाले आहरण-वितरण अधिकारियों पर कार्रवाई हो सकती है। कार्मिक विभाग ने सभी विभागों से ऐसे अधिकारियों की जानकारी मांगी है, जिन्होंने ऐसे कर्मचारियों और अधिकारियों का भी वेतन फरवरी में जारी किया है। विभागों को यह जानकारी बुधवार तक मुहैया करवानी थी।

31 जनवरी तक देनी थी डिटेल, कार्मिक विभाग ने सभी विभागों से मांगा ऐसे आहरण-वितरण अधिकारियों का ब्योरा

कार्मिक विभाग के सूत्रों के मुताबिक अभी कुछ ही विभागों ने ब्योरा भेजा है। कार्मिक विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक कई विभागों से ऐसी सूचनाएं आ रही थीं कि संपत्ति का ब्योरा न देने वाले कई कर्मचारियों और अधिकारियों को फरवरी में वेतन निर्गत किया गया है, जिसके बाद कार्मिक विभाग ने ये ब्योरा सभी विभागों से मांगा है।

47,816 कर्मचारियों-अधिकारियों ने नहीं दिया था संपत्ति का ब्योरा : प्रदेश के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को 31 जनवरी तक अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा देना था। मगर 47,816 कर्मचारियों-अधिकारियों ने संपत्ति का कोई ब्योरा मुहैया नहीं करवाया था। इसकी जानकारी कार्मिक विभाग ने 2 फरवरी के अपने आदेश में दी थी। 31 जनवरी के बाद पोर्टल को बंद कर दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक अभी तो कार्मिक विभाग ऐसे सभी आहरण-वितरण अधिकारियों का ब्योरा जुटा रहा है, जिन्होंने संपत्ति का ब्योरा न देने वाले कर्मचारियों को वेतन निर्गत किया है। आगे ऐसे आहरण-वितरण अधिकारी के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही भी की जा सकती है।

जनगणना में 'फील्ड वर्क' पर जोर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी में 22 मई से 20 जून तक होने वाली जनगणना के लिए नगर निगमों की तैयारियों का जायजा लेने को जनगणना विभाग और नगर विकास विभाग की संयुक्त बैठक हुई। इसमें जनगणना की निदेशक शीतल वर्मा और स्थानीय निकाय निदेशालय के निदेशक अनुज झा के अलावा सभी 17 नगर निगमों के आयुक्त और अपर नगर आयुक्त मौजूद रहे।

जनगणना निदेशक शीतल वर्मा ने बताया कि पहले चरण में मकानों की सूची बनेगी और उनकी गणना होगी। इसके लिए नगर निगमों के जीआईएस-आधारित मानचित्र और गणना ब्लॉक तैयार करने के लिए सीएमएमएस वेब पोर्टल का इस्तेमाल होगा। पहली बार नागरिकों को स्व-गणना (सेल्फ एन्युमरेशन) का विकल्प दिया गया है।

विभोर और विशाल की जमानत खारिज

■ NBT न्यूज, लखनऊ : हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने कफ सिरप मामले में दो अभियुक्तों विभोर राणा व विशाल सिंह की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। न्यायालय ने दोनों को 18 दिसंबर को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। जमानत याचिकाएं खारिज होने के बाद दोनों अभियुक्तों को आत्म समर्पण करना होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने विभोर और विशाल की जमानत याचिका पर पारित किया है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने जमानत का विरोध किया। एसटीएफ की छानबीन में इन दोनों के साथ और भी कई लोगों की इस गोरखधंधे में संलिप्तता सामने आई थी। विभोर को 11 नवंबर 2025 को सहारनपुर से गिरफ्तार किया गया था।

मदरसा परीक्षा : मूल्यांकन केंद्र घटे, सिर्फ छह केंद्रों पर भेजी गईं सात लाख कॉपियां

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी मदरसा शिक्षा परिषद ने वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं (कॉपियां) जांचने के लिए बनाए जाने वाले मूल्यांकन केंद्रों में भारी कमी कर दी है। पहले जहां उनकी संख्या 30 से 35 होती थी, वहीं इस साल सिर्फ छह मूल्यांकन केंद्र ही बनाए गए हैं। इन्हीं छह केंद्रों पर प्रदेशभर के मदरसों से भेजी जा रही उत्तर पुस्तिकाओं की जांच होगी। मूल्यांकन में उस समय होगा, जब मदरसों में रमजान के दौरान अवकाश चल रहे हैं। मदरसा शिक्षकों में इसको लेकर भारी रोष है।

रमजान के अवकाश पर टीचरों से करवाया जा रहा कॉपियों का मूल्यांकन

यूपी में मदरसा शिक्षा परिषद की वार्षिक परीक्षाओं की करीब सात लाख उत्तर पुस्तिकाओं की जांच इन मूल्यांकन किया जाना है। जानकारी के मुताबिक, अब सिर्फ छह केंद्र बनाए गए हैं। एक केंद्र पर 10 से 16 जिलों के मदरसों की उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए भेजी जा रही हैं। टीचर्स एसोसिएशन मदारिस अरबिया (उप्र) के महासचिव हाजी दीवान साहब जमां ने परिषद की इस व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। मूल्यांकन केंद्रों की संख्या कम होने से उत्तर पुस्तिकाओं की जांच सही होने, पर बड़ा सवाल है। अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि उन्हें मूल्यांकन केंद्रों की संख्या कम किए जाने की जानकारी नहीं है। अधिकारियों से वार्ता की जाएगी।

आज की चुनौती 'एआई बनाम एआई': ACS

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : आज की बड़ी चुनौती एआई बनाम एआई की है और प्रदेश इस चुनौती का सामना आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित जनशक्ति और सुदृढ़ कानूनी ढांचे के साथ कर रहा है। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद ने यह बात बुधवार को उप्र स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ फरेंसिक साइंस (UPSIFS) में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय एआई, साइबर सिक्योरिटी एवं फरेंसिक डीएनए कार्यशाला के शुभारंभ के दौरान कही। उन्होंने संस्थान में 'मिनर्वा' लिम और 'दक्ष' इनोवेशन ऐंड इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन भी किया।

न्याय व्यवस्था पेपरलेस की ओर : संजय प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में न्याय प्रणाली तेजी से डिजिटल और पेपरलेस होती जा रही है। पुलिस स्टेशन, जेल, अस्पताल और फरेंसिक लैब एकीकृत इलेक्ट्रॉनिक नेटवर्क से जुड़ चुके हैं, और रिपोर्टिंग अब ऑनलाइन प्लैटफॉर्म पर होती है। उन्होंने बताया कि हर जिले में साइबर थाना और साइबर हेल्प डेस्क स्थापित हैं। अब हर मंडल मुख्यालय पर अत्याधुनिक फरेंसिक लैब स्थापित कर दी गई हैं।

UPSIFS में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला हुई शुरू

कार्यक्रम में वरिष्ठ आईएएस डॉ.हरिओम और वरिष्ठ आईएएस पंधारी यादव ने भी विचार रखे। वहीं, पैनल 'डिजिटल सुरक्षा: प्रमुख बिंदु' में आईआईएम लखनऊ के निदेशक प्रो.एमपी गुप्ता, IIIT लखनऊ के निदेशक प्रो.अरुण मोहन शैरी और RMLNLU कुलपति प्रो.अमर पाल सिंह ने एआई, साइबर सुरक्षा और कानूनी ढांचे के समन्वय पर जोर दिया। पवन शर्मा (क्रैडेंटी डिजिटल इंक, USA), डॉ.निखिल जोशी, प्रो.अविनाश दाधीच, प्रो.अमित कपूर (स्टैनफोर्ड) और आईएएस नेहा जैन, आईजी रेंज किरण एस, कर्नल डॉ.प्रवीणा सिंह ने भी अपनी बात रखी। UPSIFS के अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने अतिथियों का आभार जताया।

QR CODE
स्कैन करें
या 1800 1205474
पर कॉल करें

नवभारत टाइम्स में पढ़ें
प्रगति की कहानियाँ.
राघवेंद्र कुमार, इन्होंने 75000
हेल्मेट्स बाँटकर
हज़ारों जानें बचाईं.

PRAGATI KA PARTNER

महिलाओं, दलित, और OBC की बढ़ेगी भागेदारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

■ होली बाद सामने होंगे भाजपा प्रदेश संगठन के नए चेहरे
■ बचे हुए मंडल अध्यक्ष घोषित, जिला कार्यकारिणी गठन भी शुरू

होली बाद भाजपा प्रदेश संगठन में नए चेहरे सामने होंगे। नई कार्यकारिणी में दलित, ओबीसी और महिलाओं की भागेदारी बढ़ेगी। कार्यकारिणी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। केंद्रीय नेतृत्व की मंजूरी के बाद कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया जाएगा। इस बीच बचे हुए मंडल अध्यक्षों का ऐलान मंगलवार और बुधवार को कर दिया गया। बचे हुए जिलाध्यक्षों और कार्यकारिणी का ऐलान भी इसी हफ्ते हो जाएगा।

केंद्रीय नेतृत्व की मंजूरी का इंतजार : भाजपा संगठन चुनाव की लंबी चली प्रक्रिया के बाद पंकज चौधरी 14 दिसंबर को प्रदेश अध्यक्ष बने थे। उसके बाद से लोगों को अब नई प्रदेश कार्यकारिणी का इंतजार है। सूत्रों के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह केंद्रीय नेतृत्व की सलाह से नई कार्यकारिणी पर लगातार मंथन कर रहे हैं। कार्यकारिणी पर लगभग सहमति बन चुकी है। केंद्रीय नेतृत्व की मंजूरी के बाद होली के बाद नई कार्यकारिणी का ऐलान होने की उम्मीद है।

क्षेत्रीय और जातीय संतुलन : कार्यकारिणी में नए लोगों को जगह देने की कोशिश होगी। जो लंबे समय से कई अध्यक्षों के साथ लगातार पदाधिकारी रहे हैं, उनकी भी लिस्ट तैयार की गई है। नई कार्यकारिणी में दलित, ओबीसी और महिलाओं की भागेदारी बढ़ाने पर भी मंथन किया गया है। साथ ही क्षेत्रीय संतुलन बनाने की भी कोशिश होगी। अभी यह संदेश जा रहा है कि मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर पूर्वांचल का वर्चस्व है। ऐसे में पश्चिमी यूपी से लोगों को कार्यकारिणी में ज्यादा जगह देकर संतुलन बनाने की कोशिश होगी।

मंडल अध्यक्ष घोषित, जिला कार्यकारिणी का गठन शुरू : भाजपा संगठन की दृष्टि से 98 जिले हैं। इनमें से 70 जिलाध्यक्ष पिछले साल मार्च में ही घोषित कर दिए गए थे। उसके बाद 14 का ऐलान पिछले साल नवंबर में कर दिया गया था। बचे हुए 14 जिलाध्यक्षों का ऐलान एक-दो दिन में होने की उम्मीद है। वहीं, बचे हुए करीब 100 मंडल अध्यक्षों में से ज्यादातर का ऐलान मंगलवार और बुधवार को कर दिया गया। जबकि, जिला कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया भी चल रही है। इनमें भी दलित ओबीसी और महिलाओं को तवज्जो देने के लिए कहा गया है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 26-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG3 User: pratik.awasthi@timesofindia.co Time: 02-26-2026 00:11 Color:

स्पेस साइंस में रुचि रखने वाले स्टूडेंट्स के सपनों को ISRO पंख देगा। ISRO ने 'युविका-2026' कार्यक्रम जारी किया है। -p4

शहर में होलिकोत्सव का उल्लास शुक्रवार को 'रंगभरी एकादशी' के साथ शुरू हो जाएगा। -p6

164 रहा लखनऊ का AQI बुधवार को, जो मॉडरेट रहा।

1912 पर बिजली से जुड़ी समस्या के समाधान के लिए कर सकते है शिकायत

फ़र्ज़ी निस्तारण का 'खेल' एक्सपोज़

बिना ऐक्शन बताया शिकायत दूर, 23 पर होगी कार्रवाई, ज़ोनल अफसर भी शामिल

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** नगर निगम के अफसरों को शासन में बैठे उच्च अफसरों की आंखों में धूल झोंकना भारी पड़ गया है। नगर निगम से जुड़ी आम जनता की शिकायतों का फर्जी निस्तारण दिखाने में 23 अफसर दोषी पाए गए हैं। इन अफसरों ने सड़क मरम्मत से लेकर हाउस टैक्स असेसमेंट की शिकायतों के निस्तारण की फर्जी रिपोर्ट लगा दी। इस फर्जीवाड़े में सभी जोन के जोनल अफसरों के अलावा इंजिनियरिंग से लेकर संपत्ति विभाग के अफसर भी दोषी पाए गए हैं। मुख्य सचिव की सख्ती के बाद नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सभी दोषी अफसरों को नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब मांगा है।

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने 17 फरवरी को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए डीएम विशाख जी. को आईजीआरएस के मामले में फर्जी रिपोर्ट लगाने वाले अफसरों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद डीएम ने नगर आयुक्त को पत्र भेजकर कार्रवाई के लिए कहा था। नगर आयुक्त इन अफसरों का जवाब मिलने के बाद शासन को अपनी रिपोर्ट भेजेंगे। इसके बाद ही शासन स्तर से दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। माना जा रहा है कि कुछ अफसरों पर निलंबन तक की कार्रवाई हो सकती है।

300 से ज्यादा शिकायतों का फर्जी निस्तारण : सड़क, सीवर लीकेज, हाउस टैक्स असेसमेंट, संपत्ति, होर्डिंग सहित म्यूटेशन से जुड़े मामलों की आम लोग आईजीआरएस पर शिकायत करते हैं। इन शिकायतों के निस्तारण का जिम्मा नगर निगम के अफसरों पर होता। मुख्य सचिव कार्यालय में की गई तो पाया गया कि अफसरों ने 300 से ज्यादा शिकायतों का फर्जी निस्तारण दिखाया है।

ऐसे होते हैं डिफॉल्टर : शिकायतकर्ता की फीडबैक और संतुष्टिकारी निस्तारण वही माना जाता है जिसमें शिकायतकर्ता संतुष्ट हो। पोर्टल से अफसर शिकायतकर्ता को कॉल जाता है। यदि शिकायतकर्ता कहता है कि काम नहीं हुआ, तो वह शिकायत 'डिफॉल्टर' श्रेणी में आ जाती है और अफसर पर कार्रवाई हो सकती है।



ये पाए गए दोषी

जोनल अफसर : ओपी सिंह, संजय यादव, आकाश कुमार, शिल्पा कुमारी, विनित सिंह, अमरजीत यादव, रामेश्वर प्रसाद (संपत्ति प्रभारी भी), विकास सिंह
चीफ इंजिनियर : मनोज प्रभात
जीएम जलकल : कुलदीप सिंह
एक्सईएन अतुल मिश्रा, संजय पाण्डेय, नजमी, शील श्रीवास्तव, अशोक यादव
एई : आलोक श्रीवास्तव

AI Image

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

कहां की गई गड़बड़ी?

जब कोई नागरिक शिकायत करता है, तो वह संबंधित विभाग के नोडल अफसर के पास जाती है। नोडल अफसर उसे उस क्षेत्र के संबंधित अधिकारी (जैसे नगर निगम में जोनल अफसर या जेई) को मार्क कर देता है। नियम के मुताबिक, जिस अफसर को शिकायत मिली है, उसे मौके पर जाकर समस्या देखनी होती है। अगर सड़क खराब होने की शिकायत है, तो इंजीनियर को वहां जाकर फोटो लेनी चाहिए और समस्या का आकलन करना चाहिए। समस्या देखने के बाद उसे दूर करने का काम शुरू होता है। यदि तत्काल समाधान संभव है (जैसे सफाई या लीकेज), तो उसे तुरंत ठीक किया जाता है। यदि बजट की जरूरत है, तो उसका एस्टीमेट बनाकर शिकायतकर्ता को सूचित किया जाता है। काम पूरा होने के बाद अफसर को एक 'निस्तारण आख्या' अपलोड करनी होती है। इसमें बताना होता है कि समस्या कब और कैसे दूर की गई। नगर निगम वाले मामले में अफसरों ने यही रिपोर्ट बिना काम किए 'फर्जी' लगा दी थी।

पानी सप्लाई सुधरी, पर सड़क नहीं बनवाई

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** खदरा स्थित रामलीला मैदान के आसपास दूषित पानी की समस्या तो जलकल विभाग ने दूर कर दी, लेकिन अब लोगों के आगे दूसरी समस्या खड़ी हो गई है। जलकल ने यहां पाइप लाइन के लिए बिछाने के लिए सड़क खोदकर छोड़ दी है। कॉलोनी में हर तरफ सड़क खुदी होने से लोग रात में हादसे का शिकार हो रहे हैं। दो महीने पहले जलकल ने दूषित पानी की समस्या दूर करने के लिए रामलीला मैदान के पास पाइप लाइन को बदलने का काम शुरू किया था। पाइप लाइन बदलने के लिए इलाके में कई जगह सड़क को खोदा गया। इसके बाद दूषित पानी की समस्या तो दूर हो गई, लेकिन इलाके की सड़कें खस्ताहाल हो गई है। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार नगर निगम और जलकल विभाग में शिकायत भी की, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं, जलकल जोन-3 के एक्सईएन प्रदीप यादव का कहना है कि सड़क मरम्मत के लिए नगर निगम के एक्सईएन को पत्र लिखा जा चुका है। अगर सड़क की मरम्मत नहीं हुई है तो रिमाइंडर लेटर जारी किया जाएगा।

खदरा स्थित रामलीला मैदान के आसपास हर जगह सड़क खस्ताहाल

मकबूलगंज में दूषित पानी की समस्या दूर

■ **NBT न्यूज, लखनऊ :** मकबूलगंज में बीते 25 दिन से जारी दूषित पानी की समस्या मंगलवार को खत्म हो गई। जलकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त भूमिगत पाइपलाइन की मरम्मत की। क्षेत्र के लोगों ने नलों से साफ पानी आने पर NBT का आभार जताया।

NBT ने विश्वकर्मा वाली गली सहित आसपास के कई मोहल्लों में नलों से आ रहे गंदे और बदबूदार पानी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। 23 फरवरी के अंक में 'नल खोलते ही निकल रहे कीड़े, गुस्से में प्यासा मकबूलगंज' शीर्षक से खबर प्रकाशित होने के बाद जलकल टीम हरकत में आई। बुधवार को जेई हरेंद्र की अगुआई में टीम मौके पर पहुंची। टीम ने इलाके का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों की मरम्मत करवाई।

NBT असर

NBT ने 23 फरवरी के अंक में उठाया था मुद्दा।

इस वर्ल्ड प्रोटीन डे पर पाएं हर बाइट में दूध से 15X ज़्यादा प्रोटीन।
fortune soya chunks
fortune सोया बड़ी

मजार हटाने का फैसला ईद तक टला

■ **NBT न्यूज, लखनऊ :** केजीएमयू परिसर स्थित मजारों को हटाने का मामला फिलहाल टाल दिया गया है। अब इस पर अंतिम फैसला ईद के बाद लिया जाएगा। विश्वविद्यालय परिसर में 8 मजारें हैं। इन्हें हटाने के लिए पहले ही नोटिस चस्पा किया जा चुका है। 28 फरवरी तक इन्हें हटाने का अल्टीमेटम दिया गया था। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि फिलहाल रमजान तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जाएगी। ईद के बाद पूरे मामले की समीक्षा कर आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी।

अमूल दही
उपलब्ध है सिर्फ़ ₹50* / 800 g
₹50
Amul DAHI

शहर में आज

- श्री खाटू श्याम मंदिर की ओर से श्याम ध्वज यात्रा का आयोजन, डीएवी डिग्री कॉलेज, आर्य नगर, सुबह 9:30 बजे।
- लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय समाज की ओर से रक्तदान शिविर, रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केंद्र, बाजारखाला, सुबह 10 बजे।
- इंस्टिट्यूट ऑफ इंजिनियर्स इंडिया की ओर से कार्यक्रम, परिसर सभागार, रिवर बैंक कॉलोनी, सुबह 10:30 बजे।
- एग्रोटेक की ओर से कृषि एवं एग्री बिजनेस पर 3 दिवसीय कार्यक्रम, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कैंपस, तेलीबाग, सुबह 11 बजे।
- सावरकर विचार मंच यूपी की ओर से आयोजित पुष्पांजलि, इंडियन मेडिकल असोसिएशन, सभा कक्ष, शहीद स्मारक के सामने, शाम 4 बजे।
- फूलों की होली, संदोहन मंदिर, चौपटिया, शाम 6 बजे।
- चंद्रशेखर वर्मा की घट रही है रोज मेरी चेहरगी पुस्तक का विमोचन, जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट सभागार, विनीतखंड, गोमती नगर, शाम 6 बजे।
- विजय बेला की ओर से नाटक विजय पर्व का मंचन, संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह, संगीत नाटक अकादमी, गोमतीनगर, शाम 7 बजे।

शहर में हो रहे कार्यक्रम की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com

अब आशियाना में मीटर लगा रहे कर्मचारियों से मारपीट

■ **NBT न्यूज, लखनऊ**

कैसरबाग के बाद अब बुधवार को आशियाना क्षेत्र में स्मार्ट मीटर का लोगों ने विरोध किया। आरोप है कि लोगों ने मीटर लगा रहे कर्मचारियों से मारपीट की। लेसा अधिकारियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करवाया। मामले में मीटर एजेंसी की ओर से दो अज्ञात लोगों के खिलाफ आशियाना थाने में तहरीर दी गई है।

AI Image

आशियाना सेक्टर-M के किला गांव में स्मृति प्लाजा के सामने स्थित घरों में बुधवार को पुराने मीटर हटाकर नए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे थे। काम निजी एजेंसी की ओर से किया जा रहा है। एजेंसी के टेक्निशन रोहित गौतम ने बताया कि वह एक सहयोगी के साथ एक उपभोक्ता के घर पर मीटर लगा रहे थे, तभी दो लोग आए और सड़क पर अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर कर्मचारियों को पीटा। घटना की सूचना लेसा अधिकारियों को दी गई। बाद में मौके पर पुलिस ने मामला शांत कराया। लेसा के एक्सईएन (टेस्ट) योगेश जायसवाल का कहना है कि मामला जानकारी में है। एजेंसी को जरूरी सहयोग दिया जाएगा।

पहले भी हुई मारपीट

- 24 फरवरी को कैसरबाग स्थित रेजीडेंसी के निकट बिजलीकर्मियों के परिवारीजन और एजेंसीकर्मियों के बीच विवाद।
- 23 फरवरी को ठाकुरगंज, कृष्णा नगर झलोक कॉलोनी में मीटर लगाने के दौरान एजेंसी और लेसाकर्मियों बीच नोक-झोंक।
- 21 फरवरी को इंदिरा नगर में विभागीय कर्मचारी के परिवारीजन और एजेंसीकर्मियों के बीच झड़प।
- 19 फरवरी को बीकेटी के लुधौली गांव में मीटर लगाने के दौरान मारपीट। ग्रामीणों ने कर्मियों को बनाया बंधक।

मांझे की चपेट में आकर चिकित्सक और युवती घायल

■ **NBT न्यूज, लखनऊ :** चाइनीज मांझे की चपेट में आकर स्कूटी सवार युवती और केजीएमयू के एक चिकित्सक घायल हो गए। सोशल मीडिया पर इसके विडियो वायरल हुए हैं।

वायरल विडियो बुधवार दोपहर के बताए जा रहे हैं। स्कूटी सवार युवती डीएवी कॉलेज ओवरब्रिज से गुजर रही थी। इसी दौरान युवती मांझे की चपेट में आ गई। मांझे से हाथ बुरी तरह रगड़ गया। वहीं, केजीएमयू के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉक्टर दीपक गुप्ता बुधवार को टुड़ियागंज ओवरब्रिज से आलमबाग की ओर जा रहे थे। ओवरब्रिज पर वह मांझे की चपेट में आ गए। मांझा उनकी नाक रगड़ता हुआ गुजर गया। पीड़ितों ने निजी अस्पताल में अपना इलाज करवाया। स्थानीय थाना प्रभारियों ने बताया कि घायलों ने तहरीर नहीं दी है।

AI Image

रिटायर्ड वरिष्ठ अभियंता पर FIR

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** उप्र राज्य चीनी निगम मुख्यालय के प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी आरके श्रीवास्तव ने रिटायर्ड वरिष्ठ अभियंता संजय सिन्हा के खिलाफ गोमतीनगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। उन पर कार्यालय में घुसकर अभद्रता व सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप है। गोमती नगर पुलिस को दी तहरीर में उप्र राज्य चीनी निगम मुख्यालय के प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी ने कहा है कि अलीगंज निवासी संजय सिन्हा वरिष्ठ अभियंता, सिविल के पद से रिटायर हुए हैं। वह अपने कार्य से कार्यालय आए थे। वह कक्ष के दरवाजे में लात मारकर भीतर घुस गए और कहा कि अगर मेरा काम नहीं हुआ तो मैं बवाल कर दूंगा। कर्मचारियों ने बीच बचाव कर किसी तरह से मामला शांत करवाया।

13,050 किलो खोवा की बिक्री जांच रिपोर्ट आने तक रोकी

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** एफएसडीए की टीम ने बुधवार को अलग-अलग इलाकों में 2,028 किलो खराब मिठाई, खोवा व अन्य खाद्य सामग्री नष्ट करवाई। इसके अलावा 1,600 किलो खाद्य पदार्थ सीज भी किया गया और खाद्य पदार्थों के 16 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए। 13,050 किलो खोवा की बिक्री जांच रिपोर्ट आने तक रोकी गई है।

FSDA की कार्रवाई, 2,028 किलो खाद्य पदार्थ नष्ट, 1,600 किलो सीज किया गया

यहां हुई कार्रवाई

- जेहटा में माल रोड पर दो पिकप से 113 किलो खोवा पकड़ा गया। कोई दावेदारी पेश करने नहीं आया। लिहाजा, उसे खराब मानकर नष्ट करवा दिया गया।
- ट्रांसपोर्टनगर में पराग मिल्क फूड प्रॉडक्ट्स लि. के गोदाम से 1,198 किलो गुलाबजामुन व पिज्जा चीज, 3,240 लीटर डबल टोन्ड मिल्क और 1,551 किलो घी सीज किया गया।
- सरोजनीनगर में नैक्सजन फूड प्रॉडक्ट के गोदाम से 49 किलो खराब हो चुका पौष्टिक चिप्सी सीज।
- ऐशबाग स्थित स्वरूप कोल्ड स्टोर से 10 कारोबारियों के 12,800 किलो खोवा की बिक्री जांच रिपोर्ट आने तक रोकी गई।
- बुद्ध विहार पॉश कॉलोनी में पंकज गुप्ता की दुकान से 30 किलो बदबूदार खोवा नष्ट करवाया। दुकानों में 25 किलो खोवा की बिक्री जांच रिपोर्ट आने तक रोकी गई।

गुड न्यूज लखनऊ म्यूजियम ऑफ हेरिटेज ऐंड आर्ट तैयार, 1 मार्च को आम जनता के लिए खुलेगा

म्यूज़ियम में दिखेगा अवध की संस्कृति का संगम

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** हुसैनाबाद में बनकर तैयार हुए लखनऊ म्यूजियम ऑफ हेरिटेज ऐंड आर्ट में अवध की संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा। एलडीए ने लगभग 4,973 वर्गमीटर क्षेत्रफल में म्यूजियम का निर्माण किया है। 1 मार्च, 2026 को लोकार्पण के बाद इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। म्यूजियम का निर्माण 41.43 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।

एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बुधवार को म्यूजियम का निरीक्षण किया। वीसी ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस म्यूजियम का निर्माण करवाया गया है। यह म्यूजियम लखनऊ की समृद्ध विरासत, कला, शिल्प परंपरा को संरक्षित करते हुए नई पीढ़ी से जोड़ेगा। इस दौरान एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

इसलिए खास होगा म्यूज़ियम

- यह प्रदेश की पहली ऐसी आइकॉनिक बिल्डिंग होगी, जिसमें बिना किसी कॉलम या पिलर के सहारे के 45 मीटर लंबा कैंटिलीवर निर्मित किया गया है। कैंटिलीवर एक बीम या ऐसा स्ट्रक्चर होता है जो एक सिरे (end) से स्थिर (fixed) होता है। दूसरा सिरा बिना किसी सहारे (free) के होता है।
- आकर्षक डिजाइन इस इमारत को एक अलग पहचान देता है। म्यूजियम में अवध की ऐतिहासिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।
- म्यूजियम में विभिन्न तरह की गैलरी विकसित की गई है, जिनके नाम मूल धारा, हुनर का सफर, हस्तशिल्प, शाही आस्था, गंगा-जमुनी तहजीब, कारीगरी, महफिल-ए-अवध, नृत्यकला, नाट्यशाला, सोच एवं संवाद और जायका-ए-अवध है।
- इन गैलरी के माध्यम से अवध की संस्कृति को दर्शाया जाएगा। म्यूजियम में वीआर गेमिंग अरीना भी बनाया गया है, जो दर्शकों को इतिहास से जोड़ेगा।

एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बुधवार को म्यूजियम का निरीक्षण कर लोकार्पण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

HIND INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
हिन्द अस्पताल
HIND INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
Safedabad, Barabanki. Ataria, Sitapur
WELCOMES !!
POST GRADUATE STUDENTS - BATCH 2026-2027
•M.D. MEDICINE •M.D. PEDIATRICS •M.D. RADIOLOGY •M.S. GENERAL SURGERY •MS ORTHOPAEDICS
•M.S. OPHTHALMOLOGY •M.D. SKIN DERMA •M.S. ENT •M.D. PHARMACOLOGY •M.D. FORENSIC MEDICINE
•M.D. PATHOLOGY •M.S. ANATOMY •M.D. BIOCHEMISTRY •M.D. COMMUNITY MEDICINE •M.D. MICROBIOLOGY
•M.D. PHYSIOLOGY •M.D. PSYCHIATRY •T B & CHEST (M.D. RESPIRATORY MEDICINE) •M.D. OBS & GYN. •M.D.ANESTHESIA
•Superspeciality courses •MCh. Neurosurgery •Mch. PLASTIC & RECONSTRUCTIVE SURGERY •MCh. SURGICAL ONCOLOGY •Mch. UROLOGY
DR. RICHA MISHRA Trustee/CHAIRPERSON HIND INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES MOB- +91 99363 06999
DR. AMOD KUMAR SACHAN Trustee/CHAIRMAN HIND CHARITABLE TRUST MOB- +91 99360 16999
Registered Office: SHEKHAR HOSPITAL PVT. LTD. B-Block, Church Road, Indira Nagar, Lucknow - 226 016, U.P. India
9089083333, 9089084444

लोकबंधु अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर जल्द, प्रस्ताव भेजा

■ NBT न्यूज, लखनऊ : लोकबंधु अस्पताल में जल्द 50 बेड का नया ट्रॉमा सेंटर बनने जा रहा है। इसका सबसे बड़ा फायदा सड़क हादसों या गंभीर हालत में आने वाले मरीजों को मिलेगा। गंभीर मामलों को अब दूसरे अस्पताल रेफर नहीं करना पड़ेगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि ट्रॉमा सेंटर में मुफ्त उपचार किया जाएगा।

चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि अस्पताल परिसर में ट्रॉमा सेंटर बनाने का प्रस्ताव CMO डॉ. एनबी सिंह को भेजा गया है। अभी अस्पताल में सिर्फ इमरजेंसी सेवा है, लेकिन ट्रॉमा के गंभीर मरीजों को रेफर करना पड़ता है। ट्रॉमा सेंटर बनने के बाद आईसीयू, वेंटिलेटर के अलावा सीटी स्कैन, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और सभी जरूरी जांचें एक ही जगह मुहैया रहेंगी।

एलयू में 'साहित्य-संस्कृति महोत्सव' का आगाज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: कवि जयशंकर प्रसाद की स्मृति में लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय हॉल में साहित्य-संस्कृति महोत्सव की शुरुआत बुधवार से की गई। पहले दिन मालवीय पार्क में चित्रकला शिविर एवं प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसमें कला संकाय के डीन प्रो. रतन कुमार ने चित्रकला व साहित्य के अंतर्संबंधों के बारे में बताया और छात्रों को कला की बारीकियां सिखाईं। राज्य संगीत नाट्य अकादमी की डॉ. विभा सिंह के काव्य पाठ के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इसके बाद शकुंतला विवि के प्रो. अवधेश मिश्र और ललित कला अकादमी के कमलेश पाठक ने छात्रों को कला के तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया। चार दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में नाटक, कला व साहित्य पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

स्पेस साइंटिस्ट बनना है... ISRO पूरा करेगा सपना

कक्षा 9 के बच्चों के लिए मौका, युविका-2026 का शेड्यूल जारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

AI Image

स्पेस और रॉकेट साइंस में रुचि रखने वाले स्टूडेंट्स के सपनों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) पंख देने जा रहा है। ISRO ने अपने विशेष कार्यक्रम 'युविका-2026' (युवा विज्ञानी कार्यक्रम) के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। 27 फरवरी से रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे और 31 मार्च तक आवेदन किए जा सकते हैं। चयनित छात्र न केवल ISRO के अलग-अलग केंद्रों का भ्रमण कराया जाएगा, बल्कि उन्हें देश के दिग्गज वैज्ञानिकों से सीधे संवाद के साथ उनकी प्रयोगशालाओं को करीब से देखने का मौका भी मिलेगा। खास बात यह है कि छात्रों के रहने, खाने और यात्रा का पूरा खर्च ISRO उठाएगा।

कल से शुरू होंगे रजिस्ट्रेशन, रहने-खाने-यात्रा का खर्च ISRO उठाएगा

DIOS को निर्देश जारी, अधिक से अधिक को जोड़ें

मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कक्षा 9 के विद्यार्थियों को कम उम्र में ही अंतरिक्ष तकनीक और रॉकेट साइंस से जोड़ना है। संयुक्त शिक्षा निदेशक (लखनऊ मंडल) डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, उन्नाव और हरदोई के जिला विद्यालय निरीक्षक (DIOS) को निर्देश दिए हैं कि वे अधिक से अधिक मेधावी छात्रों को इस प्रोग्राम से जोड़ें।

ऐसे करें आवेदन

इच्छुक छात्र ISRO की आधिकारिक वेबसाइट jigyasa.iirs.gov.in/yuvika पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। फॉर्म सबमिट करने के बाद उसका प्रिंट आउट और पीडीएफ कॉपी जरूर सुरक्षित रख लें। ऐसे सभी छात्र जो 1 जनवरी 2026 को कक्षा 9 में पढ़ रहे हों और किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल के विद्यार्थी हों, इस रोमांचक सफर के लिए पात्र हैं।

प्रफिशिएंसी टेस्ट पास करेंगे, तब मिलेगी इंजिनियरिंग की डिग्री

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : AKTU में अब स्टूडेंट्स को बर्ताव और को-करिकुलर ऐक्टिविटी के भी अंक दिए जाएंगे। विवि में इसके लिए प्रफिशिएंसी टेस्ट की शुरुआत होने जा रही है। अगले सत्र से हर सेमेस्टर में यह टेस्ट स्टूडेंट्स को पास करना होगा। हालांकि, इसके लिए अलग से कोई परीक्षा नहीं होगी, बल्कि उन्हें बर्ताव और को-कैरिकुलर ऐक्टिविटी में प्रतिभाग करने पर अंक दिए जाएंगे। इसके बिना उन्हें डिग्री नहीं मिल सकेगी। विवि के डीन (यूजी) प्रो. अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि विवि में काफी स्टूडेंट्स अलग अलग प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं। इसमें उन्हें मेडल व सर्टिफिकेट दिए जाते हैं। इसे अब प्रफिशिएंसी टेस्ट में कवर किया जाएगा। यह टेस्ट 50 अंक का होगा और हर कैटिगरी के लिए अलग-अलग अंक विभाजित किए जाएंगे। इसके अलावा अनुशासन, सोशल ऐक्टिविटी और बिहेवियर के भी अंक होंगे।

BBAU में शुरू हुए 13 हॉबी क्लब

■ NBT रिपोर्ट,लखनऊ: बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में अब क्लब के माध्यम से छात्रों को स्किल्ड बनाया जाएगा। इसके लिए विवि में 13 नए हॉबी क्लब की शुरुआत की गई है। इन क्लबों में म्यूजिक, अर्बन गार्डनिंग, पेंटिंग, फोटोग्राफी, डिजिटल लिटरेसी एवं कंपिटिसी, योग थेरेपी, क्रिएटिव राइटिंग, कम्युनिटी सर्विस, मेंटल हेल्थ एंड वेलबीइंग, नेच्युरोपैथी वेलनेस, बेकर्स क्राफ्ट (नो ओवन नो प्रॉब्लम), डिजास्टर रिस्क रिडक्शन तथा स्पोर्ट्स क्लब को शामिल किया गया है। न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत इन क्लबों की शुरुआत की गई है जिसमें विवि के छात्र प्रतिभाग कर सकेंगे। विवि वीसी प्रो राज कुमार मित्तल की ओर से बुधवार को इन सभी क्लब का उद्घाटन किया गया।

विवि की ओर से छात्रों को को-कैरिकुलर एक्टिविटी व स्किल सिखाने के लिए शुरुआत

हॉबी क्लब की अध्यक्ष प्रो. संगीता सक्सेना ने बताया कि यह क्लब विद्यार्थियों को अपनी रुचि की पहचान करने, उन्हें निखारने और नई विधा सीखने का सृजनात्मक मंच प्रदान करेगा। जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नवाचार की भावना एवं व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल क्लासरूम शिक्षा तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़ते हुए समग्र रूप से विकसित करना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु विश्वविद्यालय में हॉबी क्लब की शुरुआत की गई है, जिससे छात्र-छात्राएं अपनी रुचियों को प्रोत्साहित कर सकें और अपने पैशन को प्रोफेशन में रूपांतरित करने का प्रयास करें।

7 दिन में 14 पेपर, 240 बार हुआ इंस्पेक्शन, नकलची मिले 'सिफर'

कैमरों से केंद्रों की मॉनिटरिंग की कवायद साबित हो रही मददगार

■ आयुष तिवारी, लखनऊ

AI Image

राजधानी में यूपी बोर्ड परीक्षाएं शुचिता पूर्वक चल रही हैं। यहां 121 केंद्रों पर 18 फरवरी से शुरू हुई परीक्षाओं में अबतक हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं की सात-सात विषयों की 14 से अधिक परीक्षाएं हो चुकी हैं। परीक्षाओं की निगरानी के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर पर 5 सचल दल गठित किए गए हैं, जो स्कूलों में परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं।

परीक्षा शुरू हुए छह दिन बीत चुके हैं और इस बीच सचल दल की टीमों ने अलग अलग पालियों में 240 इंस्पेक्शन कर चुके हैं। सचल दलों के निरीक्षण में किसी भी दिन कोई नकलची पकड़ में नहीं आया है। अब लोगों में यह चर्चा शुरू हो गई है कि यह सख्ती का असर है या फिर सचल दलों के निरीक्षण कागजी हैं। यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले प्रशासन ने सख्त अडवाइजरी जारी की थी। परीक्षा केंद्रों और स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर सशस्त्र बलों और पुलिस का पहरा था। केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक और स्टैटिक मैजिस्ट्रेट और कक्ष निरीक्षक स्तर पर निगरानी की जा रही है। परीक्षा में नकल करने और कराने वालों के खिलाफ रासुका में कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी।

8,668 कैमरों से रखी जा रही है नजर : जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश पांडेय ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा में सघन निगरानी के लिए 121 परीक्षा केंद्रों के परीक्षा कक्षों में 8,668 कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों की निगरानी जिला स्तरीय कंट्रोल रूम राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में होने के साथ ही प्रयागराज और पार्क रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को जा रही है। इतने बड़े पैमाने पर कैमरों से मॉनिटरिंग के पॉजिटिव परिणाम मिल रहे हैं। इसके अलावा हमारी टीम अतिरिक्त सतर्कता भी बरत रही है। परीक्षा में सम्मिलित सभी विभागों से समन्वय बनाकर काम किया जा रहा है।

शिक्षकों ने की पारिश्रमिक बढ़ाने की मांग

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बोर्ड परीक्षाओं में ड्यूटी कर रहे केंद्रव्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षकों समेत अन्य शिक्षक व कर्मचारियों के लिए शिक्षक संगठन ने पारिश्रमिक बढ़ाने की मांग की है। संगठन का तर्क है कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने प्रति परीक्षार्थी बोर्ड का शुल्क तीन गुना बढ़ा दिया है, लेकिन पारिश्रमिक दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। ऐसे में पारिश्रमिक की सभी दरों को आनुपातिक रूप से बढ़ाया जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा ने कहा कि पारिश्रमिक बढ़ाने की मांग संगठन लगातार कर रहा है। जिस तरह बोर्ड परीक्षा शुल्क को 200 से बढ़ाकर 600 रुपये कर दिया गया है, उसके मुकाबले ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों का पारिश्रमिक बेहद कम है। हमारी मांग है कि बोर्ड की ड्यूटी में कक्ष निरीक्षक को प्रति पाली 200 रुपये और कन्वेंस प्रतिदिन की दर से 100 रुपये दिया जाए। अगर सरकार ने इस मांग पर तुरंत कार्यवाही नहीं की तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

शिक्षक संगठनों का तर्क, बोर्ड का शुल्क तीन गुना बढ़ा पर पारिश्रमिक नहीं

2024 में बढ़ाई गई दी दरें: यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में ड्यूटी करने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों के पारिश्रमिक में 2024 में इजाफा किया गया है। राज्य सरकार ने करीब 5 साल के लंबे इंतजार के बाद सभी पदों के लिए पारिश्रमिक दरों में बढ़ोतरी की थी।

चयन वेतनमान को लेकर नाराजगी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : छह महीने बीत जाने पर भी कई जिलों में चयन वेतनमान नहीं लगाया गया है। सबसे बुरा हाल तो राजधानी लखनऊ का है, जहां BSA की ओर से कई आदेश हो जाने के बाद भी वित्त एवं लेखा अधिकारी की ओर से फाइलों पर आपत्तियां लगाकर वापस किया जा रहा है। इससे शिक्षकों में नाराजगी है। शिक्षकों का कहना है कि शासन स्तर से कई आदेश हो चुके हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। पिछले 6 महीने से कई बार आग्रह के बाद भी जिला स्तर के अधिकारी आश्वासन के अलावा और कुछ नहीं दे रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने अधिकारियों की लापरवाही की वजह से शिक्षकों को आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ता है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, लखनऊ मेट्रो

द्वितीय तल, बड़ौदा हाउस, बी-23, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010, फोन: 0522-6877636, मो0:7565008656, ई मेल - sarluc@bankofbaroda.co.in

अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए बिक्री सूचना

परिशिष्ट-IV-A नियम 8(6) के प्रावधान देखें

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभार युक्त सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक/सांकेतिक कब्जे में लिया गया है को बैंक के बकाया बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा "जो है जहाँ है, जो है जैसे है एवं जो कुछ भी है" के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी/जमानतकर्ता/प्रतिभूति आस्ति/देय/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है:-

ई-नीलामी की तिथि 24-03-2026 — **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 24-03-2026 दोपहर 02:00 बजे तक**

क्र. सं.	ऋणियों/जमानतदारों का नाम एवं पता	अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, ज्ञात भार सहित, यदि कोई हो	कुल बकाया	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित धनराशि/अग्रिम धनराशि/बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जा की स्थिति (सांकेतिक/भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय
1	ऋणकर्ता- स्व० मनीष कुमार मिश्रा पुत्र शिव कुमार मिश्रा, इसके कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा प्रतिनिधित्व /प्रतिनिधि श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी शिव कुमार मिश्रा निवासी मकान सं. 5/75 सेक्टर-5, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ-226021	साम्यिक बंधक मकान प्लॉट सं. ई-7/202 पर, सेक्टर-ई-7, आम्रपाली योजना, हरदोई रोड, लखनऊ। क्षेत्रफल: 40.74 वर्ग मीटर। मालिक: स्व० मनीष कुमार मिश्रा पुत्र शिव कुमार मिश्रा चौहद्दी (सेल डीड के अनुसार): पूर्व: प्लॉट संख्या ई-7/203, पश्चिम: प्लॉट संख्या ई-7/201, उत्तर: 6 मी0 चौड़ी रोड, दक्षिण: प्लॉट संख्या ई-7/190	रू. 60,86,336.34 + दिनांक 22.02.2026 तक तथा उस पर अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य व्यय	24.03.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	रू. 22,00,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 2,20,000/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	भौतिक	26.02.2026 से 23.03.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM
2	ऋणकर्ता- मेसर्स यूनिवर्सल बुकलैंड एंड स्कूल स्टोर प्रो0. श्रीमती प्रिया गुप्ता पत्नी श्री दीपक गुप्ता पता: मकान नंबर 1/17, सेक्टर-I, जानकीपुरम पुलिस चौकी के पास, जानकीपुरम, लखनऊ-226021 जमानतकर्ता: श्री दीपक गुप्ता पुत्र श्री सुरेश गुप्ता निवासी मकान नंबर 1/17, सेक्टर-I, जानकीपुरम पुलिस चौकी के पास, जानकीपुरम, लखनऊ- 226021	सम्पत्ति का सभी भाग एवं खण्ड निहित यूजीएफ पर स्थित दुकान संख्या 21 जो प्लॉट संख्या सी.पी.-ए. आशीर्वाद प्लाजा, सेक्टर-ए, सीतापुर रोड, योजना, लखनऊ पर निर्मित है। क्षेत्रफल:10.223 वर्ग मीटर (110.00 वर्ग फीट) मालिक: श्रीमती प्रिया गुप्ता पत्नी श्री दीपक गुप्ता। चौहद्दी (सेल डीड के अनुसार): पूर्व: दुकान संख्या यूजीएफ-22; पश्चिम: गलियारा; उत्तर: गलियारा; दक्षिण: दुकान संख्या यूजीएफ-20	रू. 75,14,812.95 + दिनांक 22.02.2026 तक तथा उस पर अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य व्यय	24.03.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	रू. 20,00,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 2,00,000/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	भौतिक	26.02.2026 से 23.03.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM
ई-नीलामी की तिथि 16-04-2026		**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 16-04-2026 दोपहर 02:00 बजे तक**					
3	ऋणकर्ता: श्रीमती शहनाज़ खान पत्नी श्री परवेज़ आलम एवं श्री परवेज़ आलम पुत्र मो0 मुस्तफा खान दोनों निवासी 7बी/88 वृन्दावन योजना, लखनऊ-226025	(1) सम्पत्ति का सभी भाग एवं खण्ड निहित मकान सं. 7बी/225 टाईप ईडब्ल्यूएस सेक्टर-7बी, वृन्दावन योजना-2 वार्ड इब्राहिमपुर, लखनऊ। क्षेत्रफल: 25.01 वर्ग मी0। मालिक: श्रीमती शहनाज़ खान पत्नी श्री परवेज़ आलम खान। चौहद्दी (सेल डीड के अनुसार): पूरब: 6 मी0 चौड़ी रोड, पश्चिम: मकान सं. 7बी/216, उत्तर: मकान सं. 7बी/226, दक्षिण: मकान सं. 7बी/224 (2) सम्पत्ति का सभी भाग एवं खण्ड निहित मकान सं. 7बी/226 टाईप ईडब्ल्यूएस सेक्टर-7बी, वृन्दावन योजना-2 वार्ड इब्राहिमपुर, लखनऊ। क्षेत्रफल: 25.01 वर्ग मी0। मालिक: श्रीमती शहनाज़ खान पत्नी श्री परवेज़ आलम खान। चौहद्दी (सेल डीड के अनुसार): पूरब: 6 मी0 चौड़ी रोड, पश्चिम: मकान सं. 7बी/215, उत्तर: मकान सं. 7बी/227, दक्षिण: मकान सं. 7बी/225	रू. 76,57,575.57 दिनांक 22.02.2026 तक तथा उस पर अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य व्यय	16.04.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	सम्पत्ति सं0 1 व 2 हेतु संयुक्त आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि रू. 39,40,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 3,94,000/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	भौतिक	26.02.2026 से 15.04.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM
	नोट: दोनों सम्पत्तियां संयुक्त है और इनका क्षेत्रफल 50.02 वर्ग मी0 है। वर्तमान में संयुक्त चौहद्दी: पूरब: 6.00 मी0 चौड़ी रोड; पश्चिम: अन्य सम्पत्तियां; उत्तर: मकान सं0- 7बी/227; दक्षिण: मकान सं0- 7बी/224						
4	ऋणकर्ता- मेसर्स श्री विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज प्रो. श्री अवधेश कुमार शर्मा पता: प्लॉट संख्या 51 भूमि का हिस्सा खसरा नंबर 867, स्थित ग्राम पलिया मसूदपुर, परगना देवां, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी-225002, श्री अवधेश कुमार शर्मा, श्री अभिषेक शर्मा एवं श्री जितेंद्र कुमार शर्मा सभी पुत्रगण स्व० परमानंद शर्मा सभी निवासी 631/173, शिव मंदिर के पास, शिवपुरी, कमता चिनहट, लखनऊ-226028 जमानतकर्ता: श्रीमती शोभा देवी पत्नी इंद्रजीत शर्मा निवासी ग्राम नरकटिया नौतन, सेमरिया, सीवान, बिहार-841243	सम्पत्ति का सभी भाग एवं खण्ड निहित प्लॉट संख्या 51 भूमि का हिस्सा खसरा नंबर 867, स्थित ग्राम पलिया मसूदपुर, परगना देवां, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी। क्षेत्रफल: 185.80 वर्ग मीटर चौहद्दी (सेल डीड के अनुसार): पूर्व: अन्य रोड; पश्चिम: विक्रेता का प्लॉट; उत्तर: विक्रेता का प्लॉट; दक्षिण: कच्चा रास्ता 25 फिट।	रू. 1,05,67,958.80 + दिनांक 22.02.2026 तक तथा उस पर अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य व्यय	16.04.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	रू. 50,20,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 5,02,000/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	भौतिक	26.02.2026 से 15.04.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM
5	ऋणकर्ता: मेसर्स एएमडीएस फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, पता: प्लॉट संख्या-जी-13, इण्डस्ट्रियल एरिया, एग्रो पार्क फेज-II, ग्राम: गुग्गौर, तहसील: फतेहपुर, जिला: बाराबंकी- 225305 मेसर्स एएमडीएस फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक: श्री मोहित पोद्दार एवं श्री आदित्य पोद्दार, दोनों पुत्रगण सुनील पोद्दार, निवासी 18/525, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016	1. सम्पत्ति का सभी भाग एवं खण्ड निहित साम्यिक बंधक फैक्ट्री भूमि एवं भवन जो कि लीज होल्ड प्लॉट संख्या जी-13 पर निर्मित है स्थित इण्डस्ट्रियल एरिया एग्रो पार्क, फेज-II, ग्राम गुग्गौर, तहसील फतेहपुर, जिला बाराबंकी। क्षेत्रफल 626.56 वर्ग मीटर। मालिक: मेसर्स एएमडीएस फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड। चौहद्दी: पूर्व: प्लॉट संख्या जी-12; पश्चिम: प्लॉट संख्या जी-14; उत्तर: 18 मीटर चौड़ी सड़क संख्या 20; दक्षिण: प्लॉट संख्या एच-13 2. प्लांट एवं मशीनरी जो फैक्ट्री में प्लॉट सं.-13 पर स्थित भूमि एवं भवन पर स्थित है, जो इंडस्ट्रियल एरिया एग्रो पार्क, फेज- II, ग्राम गुग्गौर, तहसील: फतेहपुर, जिला: बाराबंकी में मेसर्स एएमडीएस फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर है।	रू. 97,24,167.37 + दिनांक 22.02.2026 तक तथा उस पर अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य व्यय	16.04.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	रू. 67,32,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 6,73,200/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	भौतिक	26.02.2026 से 15.04.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM
6	ऋणकर्ता: श्री वसीम अहमद खान पुत्र श्री सलीम अहमद खान एवं श्रीमती मेहताब बानो पत्नी श्री वसीम अहमद खान दोनों निवासी मकान संख्या 418, ए-ब्लॉक, आजाद नगर, कैम्पबेल रोड, बालागंज, लखनऊ-226003	आवासीय मकान सं. एच-5/225, आम्रपाली योजना, हरदोई रोड, लखनऊ का सभी भाग एवं खण्ड। क्षेत्रफल: 40.74 वर्ग मी0। मालिक: श्री वसीम अहमद खान पुत्र श्री सलीम अहमद खान एवं श्रीमती मेहताब बानो पत्नी श्री वसीम अहमद खान। चौहद्दी (सेल डीड के अनुसार): पूर्व: मकान सं. एच-5/236, पश्चिम: 6 मीटर चौड़ी रोड; उत्तर: मकान सं. एच-5/226, दक्षिण: मकान सं. एच-5/224	रू. 66,92,403.78 + दिनांक 22.02.2026 तक तथा उस पर अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य व्यय	16.04.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	रू. 22,00,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 2,20,000/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	26.02.2026 से 15.04.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखित लिंक का अवलोकन करें:- www.bankofbaroda.com & Baanknet website https://baanknet.com तथा इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल नं0 7565008656 से सम्पर्क करें।

दिनांक: 25.02.2026, स्थान: लखनऊ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

'तकनीक संग शिक्षा का एलाइनमेंट ज़रूरी'

कालीचरण कॉलेज के वार्षिकोत्सव में विस अध्यक्ष ने किया छात्रों से संवाद

■ NBT न्यूज, लखनऊ

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा है कि वर्तमान समय AI का है। ऐसे में शिक्षा का तकनीक और आधुनिकता के साथ एलाइनमेंट जरूरी है, अगर ऐसा नहीं होता है तो वह भटक जाएगी। सतीश महाना चौक स्थित कालीचरण पीजी कॉलेज के वार्षिकोत्सव में छात्रों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तकनीक तेजी बढ़ रही है। जरूरी नहीं आज हम जिस मशीन का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह कल भी हमारे उपयोग में आए इसलिए हमें समय के साथ बदलना होगा।

इस अवसर पर महाविद्यालय के पुरातन छात्र रहे डॉ. सौरभ मौर्य, डॉ. अखिलेश सिंह, भरत भारती, सोमेश कुमार और रूप कुमार शर्मा को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इसके अलावा महाविद्यालय के मेधावियों में मौली दीक्षित को बैंक पीओ बनने, महिमा गुप्ता को राजस्व परिषद में चयनित होने और प्रशांत गुप्ता को नेट उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय, प्रबंधक इंजिनियर वीके मिश्रा, प्रबंध समिति के सदस्य अमित टंडन, प्रो. वीएन मिश्रा, डॉ. अल्पना द्विवेदी, प्रो. मनोज पांडेय और अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

'जिंदगी में नहीं होता डिलीट का विकल्प'

विधानसभा अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं से कहा कि उनके मोबाइल में डिलीट का ऑप्शन है लेकिन जिंदगी में नहीं है। एक गलती जीवनभर आपसे चिपकी रहती है, इसलिए कोई भी काम बड़ी सावधानी से करें। उन्होंने विधानसभा के बारे में बातचीत करते हुए कहा कि आज एक सामान्य व्यक्ति और विधायिका के बीच बहुत अंतर हो गया है, जो बीते कुछ वर्षों का फेल्योर है। उन्होंने प्राचार्य को शिक्षकों और छात्रों के साथ विधानसभा भ्रमण और उसकी कार्यशैली जानने के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रफेसर जेपी सैनी ने कहा कि एलयू और डीयू के छात्रों की प्रतिभा में विशेष अंतर नहीं है। हमारे छात्र प्रतिभाशाली हैं लेकिन वे अपने व्यक्तित्व विकास पर काम करें तो वे हर लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।

प्रियंका बनी सर्वश्रेष्ठ छात्रा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज में बुधवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। इस दौरान शैक्षिक सत्र 2024-25 की मेधावी छात्राओं को उनकी शैक्षणिक और पाठ्येतर उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. अश्विनी कुमार मिश्रा, विशिष्ट अतिथि आनंद कुमार सिंह (रजिस्ट्रार, चिट फंड सोसाइटी) और प्राचार्य प्रो. रचना श्रीवास्तव ने की। प्राचार्य प्रो. रचना श्रीवास्तव ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। मुख्य अतिथि प्रो. मिश्रा ने युवा पीढ़ी से भारतीय संस्कृति और मूल्यों को संजोए रखने का आह्वान किया, वहीं विशिष्ट अतिथि आनंद कुमार सिंह ने शिक्षा को समाज के विकास का आधार बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. उषा पाठक ने किया। इस मौके पर प्रबंध तंत्र के सदस्य देबाशीष मुखर्जी सहित कई लोग मौजूद रहे।

एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

'ध्रुव तारे के समान अटल है ध्रुपद'

■ NBT न्यूज, लखनऊ : भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के सुजान सभागार में बुधवार को पंडित विष्णु नारायण भातखंडे की स्मृति में ध्रुपद गायन पर चार दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई।

मुख्य विशेषज्ञ, राजस्थान की प्रथम ध्रुपद गायिका प्रो. मधु भट्ट तैलंग ने ध्रुपद की दार्शनिक व व्याकरणिक गहराई समझाते हुए कहा कि 'ध्रुपद' वास्तव में 'ध्रुव पद' है। 'ध्रुव' का संबंध उस अटल तारे से है जो अपनी प्रधानता के कारण अलग चमकता है और नीति निर्धारक होता है। विषय की उत्पत्ति पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि छंद से प्रबंध और प्रबंध से ध्रुव पद का विकास हुआ। संगीत और भाषा की दैवीय उत्पत्ति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज हम जो गाते-बजाते हैं, वह भगवान शिव के आशीर्वाद से प्राप्त 14 माहेश्वर सूत्रों की देन है।

राजवीर और अत्रिका बने मिस्टर ऐंड मिस एमिटी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: एमिटी विश्वविद्यालय में बुधवार को वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'एमिफोरिया-2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्निवाल से हुई जिसमें भारत के अलग-अलग राज्यों की सांस्कृतिक झांकियां और लोकनृत्य प्रस्तुत किए। पहले दिन के समापन पर एमिटी बिजनेस स्कूल की 'एक्सक्लूसिव मिस्टर ऐंड मिस एमिटी' प्रतियोगिता के साथ हुआ। इसमें कड़े मुकाबले के बाद एमिटी बिजनेस स्कूल के छात्र राजवीर सिंह ने 'मिस्टर एमिटी 2026' और एमिटी लॉ स्कूल की छात्रा अत्रिका तिवारी ने 'मिस एमिटी 2026' का खिताब जीता। कार्यक्रम में मिस दिवा इंटरनेशनल-इंडिया 2025 एवं गायिका अपूर्वा चौहान की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर कई अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

The candidate can download the prescribed application form from the University website.

NAAC 'A++' 3.63 | THE 2025 | QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA | nirf All India Rank | THE WEEK University Ranking 2

http://www.banasthali.org

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(महारत्न सीपीएसई)
ADVT. NO. HPCL/OPEN/HR/3/2025-26

Delivering Happiness

नई विचारधारा. अनुभवी विशेषज्ञ.
एक सशक्त भविष्य. हमारे साथ जुड़ें

महत्त्वपूर्ण तिथियाँ
ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि **25 फरवरी 2026**
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि **25 मार्च 2026**

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एक महारत्न केंद्रिय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई), ऊर्जा क्षेत्र में रोमांचक करिअर की तलाश कर रहे जोशीले और प्रतिभाशाली उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

उपलब्ध पदे

फ्रेशर्स
- ग्रेजुएट इंजीनियर्स
- डिप्लोमा इंजीनियर्स
- गुणवत्ता नियंत्रण
- अग्निशमन एवं सुरक्षा
- वित्त
- मानव संसाधन
- सूचना प्रणाली
- हिंदी अधिकारी
- कनिष्ठ कार्यकारी सहायक

अनुभवी व्यावसायिक
- सुरक्षा अधिकारी
- बिक्री
- मा.सं. विधि
- जैवईंधन
- सायबर सुरक्षा
- कंपनी सचिव
- परियोजना
- पेट्रोकेमिकल्स
- हिंदी अधिकारी
- एचएसई
- सिटी गैस वितरण
- ल्यूब ऑपरेशन्स

इस विज्ञापन के संबंध में ज्यादा जानकारी, पात्रता मापदंड एवं उससे जुड़ी जानकारी के लिए उम्मीदवार 25 फरवरी 2026 से https://hindustanpetroleum.com पर हमारे करियर पेज पर जा सकते हैं। इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ठ केवल हमारी वेबसाइट के करियर पेज पर अद्यतित किया जाएगा।

पंजीकृत कार्यालय : 17, जमशेदजी टाटा रोड, मुंबई - 400020
सीआयएन क्रमांक : एल23201एमएच1952जीओआई008858

/hpcl | /hpcl | /hpcl
www.hindustanpetroleum.com

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 26-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG8 User: amit.jaiswal1@timesofindia.com Time: 02-26-2026 00:26 Color:

फटाफट खबरें

संघ के पूर्व प्रांत प्रचारक प्रेम सागर का निधन

■ NBT न्यूज, मोहनलालगंज : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक और भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ नेता प्रेम सागर मिश्र का 85वर्ष की उम्र में मंगलवार देर शाम निधन हो गया। उन्होंने एसजीपीजीआई में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। सीतापुर के मूल निवासी प्रेम सागर कई दशक से मोहनलालगंज के माधवखेड़ा में अपने परिवार के साथ रह रहे थे।

बार काउंसिल का चुनाव 11 से 15 मार्च तक

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राजधानी में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। हाईपावर इलेक्शन कमिटी के अनुसार, मतदान की प्रक्रिया 11 मार्च से 15 मार्च तक चलेगी। यह पूरी चुनाव प्रक्रिया हाई कोर्ट, इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ परिसर स्थित ऑडिटोरियम हॉल और अवध बार एसोसिएशन की लाइब्रेरी के निकट स्थित हॉल में संपन्न होगी। मतदान रोजाना सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक किया जाएगा।

सिपाही को दबंगों ने पीटा, FIR

■ NBT न्यूज, काकोरी : यूपी-112 मुख्यालय में तैनात सिपाही ज्ञानेंद्र यादव पर दबंगों ने हमला कर दिया। घटना मंगलवार शाम हुई, जब सिपाही पत्नी संध्या सिंह के साथ कार से घर लौट रहे थे। आरोप है कि गांव के प्रवीण, भगवती प्रसाद, आशु और शीलू ने कार रोककर गाली-गलौज के बाद मारपीट की। शीलू ने लोहे की रॉड से ज्ञानेंद्र के सिर पर वार किया। चौकी इंचार्ज छत्तजीत ने बताया कि गांव में रास्ते से निकलने को लेकर विवाद है। सिपाही की पत्नी संध्या की तहरीर पर प्रवीण, शीलू, आशु व भगवती प्रसाद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

सेना में भर्ती के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सेना में भर्ती के नाम पर बेरोजगार युवकों को ठगने वाले जालसाज को एसटीएफ ने बुधवार को कैंट से कन्नौज निवासी आलोक को दबोच लिया। उसके पास से पांच मार्कशीट और एक आधार कार्ड बरामद हुआ है। एसटीएफ के डीएसपी दीपक कुमार के मुताबिक गैंग से जुड़े अन्य लोगों के बारे में छानबीन कर रही है। आरोपित हर एक अभ्यर्थी से भर्ती के नाम पर एक से डेढ़ लाख रुपये वसूलता था।

शंकराचार्य के समर्थन में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के समर्थन में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर नारेबाजी की। शहर कांग्रेस कमेटी, लखनऊ (उत्तरी) के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव 'त्यागी' और शहर कांग्रेस कमेटी (दक्षिणी) के अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पार्टी का झंडा लेकर नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे।

युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

■ NBT न्यूज, गोसाईंगंज : गोसाईंगंज क्षेत्र में बीमारी से परेशान एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। मगहुवा गांव निवासी धीरेंद्र वर्मा (42) खेती-किसानी करते थे। घरवालों के अनुसार वह लंबे समय से किडनी रोग से पीड़ित थे। केजीएमयू में उनका इलाज चल रहा था। बीते एक माह से अस्पताल में भर्ती धीरेंद्र मंगलवार देर रात अस्पताल से बिना बताए चले गए। बुधवार सुबह गोसाईंगंज स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक किनारे उनका शव मिला। धीरेंद्र के परिवार में पत्नी सुभाषिनी और एक बेटा है।

केंद्रीय मंत्री ने किया NBFGR का दौरा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने ICAR-NBFGR (नेशनल ब्यूरो ऑफ फिश जेनेटिक रिसोर्सेज) का दौरा किया। उन्होंने प्रगति समीक्षा बैठक में संस्थान के वैज्ञानिकों और अधिकारियों के साथ बातचीत की। केंद्रीय मंत्री ने मत्स्य पालन क्षेत्र को मजबूत करने, मछली किसानों और संबंधित समुदायों की आय बढ़ाने के लिए लगातार अनुसंधान और नवाचार करने पर जोर दिया। इस दौरान संस्थान के निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती ने संस्थान की प्रमुख गतिविधियों, उपलब्धियों और भविष्य के रोडमैप की प्रस्तुति दी।

दानिश के पंजे से ध्रुव अकैडमी ने यूपी टिम्बर को 6 विकेट से हराया

सिटी स्पोर्ट्स

मो. दानिश ने चटकाए 5 विकेट।

■ NBT न्यूज, लखनऊ : बीबीडी ए डिवीजन लीग में बुधवार को स्पोर्ट्स गैलेक्सी बी ग्राउंड पर ध्रुव क्रिकेट अकैडमी ने यूपी टिम्बर क्रिकेट क्लब के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज कर अहम अंक बटोरे। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी टिम्बर ने 40 ओवर में सभी विकेट खोकर 178 रन बनाए, जिसमें रिजुल पटेल ने 56 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली।

बीबीडी लीग

ध्रुव अकैडमी के मोहम्मद दानिश ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 5.1 ओवर में 32 रन देकर 5 विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। जवाब में ध्रुव अकैडमी ने 31.1 ओवर में चार विकेट खोकर 181 रन बना लिए और मुकाबला अपने नाम किया। टीम की ओर से हर्ष त्यागी ने 51 और अनमोल आनंद ने 38 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

उधर बीबीडी बी डिवीजन लीग में बुधवार जीसीआरजी क्रिकेट ग्राउंड पर नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे (एनईआर) लखनऊ और इंडियन इलेवन क्रिकेट क्लब के बीच फाइनल मुकाबला शुरू हुआ। जिसमें कृतिश कुमार सिंह की घातक गेंदबाजी की बदौलत एनईआर ने इंडियन इलेवन पर दबाव बनाते हुए सस्ते में समेट कर पहले ही दिन बढ़त हासिल कर ली।

नीतीश, लक्ष्य और आराध्या ने जीते स्वर्ण पदक

■ NBT न्यूज, लखनऊ

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देशीय हॉल में बुधवार से प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक व बालिका जूडो प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। प्रतियोगिता के पहले दिन नीतीश कुमार, लक्ष्य त्यागी और आराध्या भारद्वाज ने अपने-अपने भारवर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी जीत हासिल की। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता का उद्घाटन खेल विभाग के विशेष सचिव कुमार विनीत ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश

प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक व बालिका जूडो प्रतियोगिता

जूडो संघ के अध्यक्ष सुधीर हलवासिया मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा, यूपी जूडो संघ के महासचिव मुनव्वर अंजार, अंतरराष्ट्रीय निर्णायक दीपक गुप्ता, प्रतियोगिता निदेशक प्रकाश चंद्र, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज बाल्मीकि और उप क्रीड़ाधिकारी राजेश गौड़ सहित कई खेल प्रेमी और प्रशिक्षक उपस्थित थे।

मुकाबलों के परिणाम

बालक वर्ग (60 किग्रा): सहारनपुर हॉस्टल के नीतीश कुमार ने स्वर्ण पदक जीता। मुरादाबाद मंडल के कृष्ण दूसरे स्थान पर रहे, जबकि आगरा के रितिक सिंह और मेरठ के नवनिश ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

बालक वर्ग (66 किग्रा): मेरठ के लक्ष्य त्यागी ने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया।

बालिका वर्ग (40 किग्रा): मेरठ की आराध्या भारद्वाज विजेता बनीं। वीर बहादुर स्पोर्ट्स कॉलेज की हर्षांशी को दूसरा स्थान मिला, जबकि गोंडा की माही गौड़ और सहारनपुर की सुहाना तीसरे स्थान पर रहीं।

शतरंज : अल्फैज और प्रियांशी का चला जादू

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नगर निगम डिग्री कॉलेज में चल रहे वार्षिक क्रीड़ा समारोह ने बुधवार को शतरंज की बिसात बिछी। प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र पांडेय ने बताया कि शतरंज प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 12 और बालिका वर्ग में 13 टीमों ने दावेदारी पेश की। बालक वर्ग में बीकॉम तृतीय वर्ष के मो. अल्फैज ने शानदार खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में बीए तृतीय वर्ष की प्रियांशी सिंह ने बाजी मारी। बालक वर्ग में दूसरा स्थान अब्दुर रज्जाक बीकॉम थर्ड ईयर, सम्यक मौर्य को तीसरा स्थान मिला। बालिका वर्ग में दूसरा स्थान शेफाली शुक्ला को मिला।

लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह) की असल शाखा में बुधवार को स्पोर्ट्स डे का आयोजन हुआ। बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह से भाग लिया।

अवध ईगल्स और BBD रेंजर्स ने मारी बाजी

गोल्फ क्लब में जारी लखनऊ गोल्फ लीग (LGL) के 5वें संस्करण में बुधवार का दिन बेहद रोमांचक रहा। नॉकआउट से पहले के निर्णायक मुकाबलों में अवध ईगल्स और बीबीडी रेंजर्स ने सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर लिया है। दिन के पहले मुकाबले में अवध ईगल्स ने अमेजिंग ओरिजिंस को 4-1 के अंतर से शिकस्त दी। समशेर बहादुर सिंह व आनंद शुक्ला, सचिन दत्त तिवारी व हार्दिक सिंह, नवीन चरण व राजीव कुमार और स्वप्निल राज व इंद्र पाल पांडेय ने अपने-अपने मैच जीतकर टीम को जीत दिलाई। दिन के आखिरी मुकाबले में बीबीडी रेंजर्स ने फेयर हुड्डई जी रॉयल्स को 4-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रभजीत सिंह व साद अहमद की जोड़ी ने शानदार खेल दिखाया।

निजी संस्था ने करवाया शवों का अंतिम संस्कार

गोसाईंगंज बस हादसा

■ आरोप-शासन से नहीं मिली मदद, पुलिस ने फोन और रुपये भी नहीं लौटाए

वीरेंद्र

विगन

■ NBT न्यूज, लखनऊ : गोसाईंगंज में सोमवार शाम हुए बस हादसे में मृतक परिवारीजनों ने आरोप लगाया कि उन्हें शासन से मदद नहीं मिली है। निजी संस्था ने शवों का अंतिम संस्कार करवाया है। मृतकों के मोबाइल और रुपये भी पुलिस ने उन्हें नहीं लौटाए गए है।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सोमवार शाम गोसाईंगंज के पास हरियाणा से बिहार जा रही बस अनियंत्रित होकर पलट गई थी। हादसे में तीन बच्चों और दो युवकों की मौत हो गई थी। पुलिस ने बुधवार को पुलिस ने शिनाख्त कर दो शवों का पोस्टमॉर्टम करवाया है। बिहार सीतामढ़ी के रहने वाली लालो देवी ने बताया कि उनका बेटा वीरेंद्र हरियाणा में मजदूरी करता था। सोमवार सुबह वीरेंद्र की बात फोन के जरिए पत्नी रिंकू से हुई थी। वीरेंद्र की चार बेटियां और दो बेटे हैं। पीड़ित मां ने बताया कि वीरेंद्र के पास फोन और 25 हजार रुपये थे। हादसे के बाद पुलिस ने वीरेंद्र का सामान नहीं लौटाया है। वहीं नेपाल के रहने वाले मृतक विगन के भाई महेश और अवधेश का आरोप है कि विगन के पास दो फोन और करीब 30 हजार रुपये थे। उन्हें विगन का फोन और रुपये नहीं मिले हैं। बुधवार को दोनों शवों का अंतिम संस्कार वर्षा वर्मा की संस्था 'एक कोशिश ऐसी भी' ने करवाया। थाना प्रभारी केडी सिंह ने बताया कि हादसे में घायल हुए लोगों और मृतकों के परिवारीजनों को शिनाख्त कर सामान लौटाया जा रहा है। वहीं पीड़ित परिवारीजनों का आरोप है कि शासन स्तर से उन्हें मदद नहीं मिली है।

सीट लगाकर बंद किया गया था इमरजेंसी गेट, सीटें भी बढ़ाई थीं

■ NBT न्यूज, लखनऊ : पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सोमवार को हादसे का शिकार हुई बस के स्ट्रक्चर में कई बदलाव की बात सामने आई है। पंजाब से बिहार जा रही इस डबल डेकर बस के इमरजेंसी गेट को सीट लगाकर ब्लॉक करने के साथ स्लीपर सीटों की संख्या से छेड़छाड़ की गई थी। बस हादसे की बुधवार को जारी तकनीकी जांच की रिपोर्ट में इसका जिक्र किया गया है।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे में बस हादसे की तकनीकी जांच रिपोर्ट में हुआ खुलासा

जांच रिपोर्ट के मुताबिक बस के इमरजेंसी गेट को स्लीपर सीट लगाकर ब्लॉक कर दिया गया था। इमरजेंसी गेट के आगे अतिरिक्त स्लीपर सीटें लगाई गई थीं। बस में 16 स्लीपर सीटों से भी छेड़छाड़ मिली है। 16 स्लीपर के अनुसार बस में 32 यात्रियों की सिटिंग व्यवस्था होनी चाहिए थी, लेकिन जांच में 43 सीटें पाई गई हैं।

बस के हुए थे 67 चालान, एक भी जमा नहीं

आरटीओ प्रवर्तन प्रभात पांडेय ने बताया कि जांच में बस के 67 चालान भी पता चले हैं, जिन्हें जमा तक नहीं किया गया है। हालांकि, बस की वायरिंग, ब्रेक, इंजन व टायर जांच में पूरी तरह फिट मिले हैं। बस की तकनीकी जांच रिपोर्ट संभागीय निरीक्षक विष्णु कुमार से करवाई गई थी। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि बस ड्राइवर नशे और नींद में था। हादसे के बाद ड्राइवर व कंडक्टर दोनों फरार हो गए थे। बस में 40 सवारियां थीं, जिनमें पांच की मौत हो गई थी।

छात्र का सिर फोड़ा, नाराज लोगों ने घेरा काकोरी थाना

■ NBT न्यूज, काकोरी : दुबग्गा के अंधे की चौकी इलाके में रंजिश और वर्चस्व को लेकर बुधवार रात जमकर बवाल हुआ। गढ़ी बगिया निवासी दबंगों ने साथियों के साथ एलएलबी के छात्र पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में छात्र का सिर फट गया। घटना से भड़के छंदोईया गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने काकोरी थाने का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान फायरिंग और कार में तोड़फोड़ का भी आरोप है। पुलिस ने कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत कराया।

छंदोईया निवासी फय्याज अली के अनुसार, उनका बेटा नुमान बुधवार रात 9 बजे किसी काम से अंधे की चौकी गया था। वहां पहले से घात लगाए बैठे सुफियान, रेहान और उनके साथियों ने नुमान पर हमला कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि बीती 25 जनवरी को ग्लोब कैफे पर हुए विवाद के बाद दबंगों ने गांव के युवकों को पीटने की धमकी दी थी। तनाव की सूचना पर काकोरी के साथ-साथ दुबग्गा, पारा और ठाकुरगंज थाने की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। दुबग्गा इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि यह दो पक्षों के बीच वर्चस्व का विवाद है। पीड़ित के पिता की तहरीर के आधार पर सुफियान, रेहान गनी समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

क्रिकेट के दौरान विवाद, युवक ने बच्चे को पटका, हालत गंभीर

■ NBT न्यूज, लखनऊ : वजीरगंज थाना क्षेत्र में क्रिकेट खेलने के दौरान युवक द्वारा 10 वर्षीय बच्चे को उठाकर सड़क पर पटकने का मामला सामने आया है। बच्चे के सिर में अंदरूनी चोटें आई हैं और हालत गंभीर बताई जा रही है। पीड़ित मां रूही खान की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जगतनारायण रोड निवासी हैयात हुसैन की पत्नी रूही के अनुसार बेटा अब्दुल नासिर नमाज से लौटकर बच्चों संग क्रिकेट खेल रहा था। आरोप है कि बॉलिंग कर रहे फहाद उर्फ प्रिंस ने रन लेने को लेकर विवाद के बाद नासिर को उठाकर सड़क पर पटक दिया। बच्चा तड़पने के बाद बेहोश हो गया। घरवाले उसे अस्पताल ले गए, जहां जांचें कराई गईं। रूही का कहना है कि घटना के बाद बच्चा सहमा हुआ है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सरकारी प्रॉजेक्ट से करोड़ों की कमाई का झांसा देकर लाखों रुपये ठगे

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गोमती नगर क्षेत्र में सरकारी प्रॉजेक्ट में पैसा लगाकर करोड़ों कमाने का झांसा देकर कई लोगों से ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

अयोध्या रोड स्थित संजय गांधीपुरम निवासी कुणाल सिंह समेत उनके सात परिचित इस ठगी का शिकार हुए हैं। पीड़ितों ने डीसीपी नॉर्थ को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कुणाल के अनुसार विश्वासखंड निवासी अभिषेक मिश्रा उनके दोस्त हैं। अभिषेक ने बताया कि उनके एनजीओ 'अर्पणम सेवा संस्थान' पर अक्सर सरकारी प्रॉजेक्ट आते हैं, जिनमें निवेश कर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। आरोप है कि अभिषेक ने कुणाल की मुलाकात अपने चचेरे भाई सुदीप मिश्रा से करवाई। सुदीप ने 'डिजिटल पाठशाला' प्रॉजेक्ट का हवाला देकर निवेश के लिए प्रेरित किया। भरोसे में आकर कुणाल ने करीब 60 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

शिकायत के बाद एसीपी ने शुरू की मामले की जांच

इसके बाद अभिषेक ने अपने दोस्त, बैंक मैनेजर शैलेंद्र से मिलवाया, जिसने 20 लाख रुपये का लोन करवाया। पूरी रकम गोमतीनगर स्थित होटल में ली गई। काफी समय बीतने के बावजूद न मूलधन मिला, न मुनाफा। रकम मांगने पर आरोपित टालमटोल करते रहे और कथित तौर पर नेताओं के साथ तस्वीरें दिखाकर धमकाते रहे। बाद में बताया गया कि पैसा 'राइस पुलिंग' में लगाया गया, जो जांच में फर्जी निकला। एसीपी गाजीपुर अरविंद विक्रम सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों को बुलाकर जांच की जा रही है।

होटल की पहली मंजिल से युवती ने लगाई छलांग

■ NBT न्यूज, लखनऊ : नजीराबाद में स्थित निजी होटल की पहली मंजिल से युवती ने मंगलवार देर छलांग लगा दी। कानपुर से आई युवती बॉयफ्रेंड के साथ आई थी। हादसे के बाद बॉयफ्रेंड भाग निकला।

होटल के चौकीदार रईस ने बताया कि कानपुर निवासी युवक उससे अक्सर मिलने आता था। मंगलवार रात 9:30 बजे उसने होटल का कमरा लिया था। रात 10 बजे युवक की गर्लफ्रेंड आई थी। रात करीब 1:30 बजे युवती ने पहली मंजिल से छलांग लगा दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवती को अस्पताल पहुंचाया। इस बीच युवती का बॉयफ्रेंड भाग निकला। थाना प्रभारी सुनील आजाद ने बताया कि सूचना पाकर युवती के परिवारीजन बुधवार को थाने पहुंचे थे। उन्होंने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है।

www.timesascent.com
TIMES ascent
अपने करियर को दें उड़ान
To book your Ad logon to: ads.timesofindia.com
READER ENGAGEMENT INITIATIVE
For advertising queries: Call 18001205474

वर्कप्लेस पर आपके साथ कई अन्य वर्कर्स और डिपार्टमेंट मिलकर काम करते हैं, ऐसे में कई तरह के डिस्ट्रैक्शन होना लाजमी है। ऐसे में, डिस्ट्रैक्शन को मात देने के लिए प्रैक्टिकल अप्रोच के साथ आगे बढ़ना जरूरी है। साथ ही कुछ ऐसे तरीके भी अपनाने होंगे, जो आपको अपने इस प्रयास में सफलता दिला सकें।

डिस्ट्रैक्शन से बचने के लिए अपनाएं ये उपाय

Amul Rastogi
@timesofindia.com

वर्कप्लेस पर डिस्ट्रैक्शन के हालात कभी भी उभर सकते हैं। ऐसी स्थिति कभी टीम मेंबर्स के कारण या सहयोगियों के कारण हो सकता है और कभी-कभी ऑफिस में होने वाले शोर और ऐसे माहौल भी इसकी अहम वजह बन सकती है। आप किसी अहम प्रॉजेक्ट पर काम कर रहे हैं और बार-बार आपके नंबर, मेल पर मैसेज आ रहे हैं, जिसने आपका कोई वास्ता नहीं है, तो निश्चित रूप से यह बात आपको परेशान कर सकती है। मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि जब आप किसी प्रॉजेक्ट पर काम कर रहे होते हैं, तो उसके बीच में बाधा आने पर आप आसानी से चिड़चिड़ेपन का शिकार हो सकते हैं। यही नहीं, ऐसी स्थिति में इसका प्रभाव आपके साथ-साथ पूरे वातावरण पर भी पड़ता है। आप अपने फोकस से दूर हो जाते हैं। इससे आपको अपने प्रॉजेक्ट पूरा करने में ज्यादा समय देना पड़ सकता है। डिस्ट्रैक्शन के समय ध्यान भटक जाता है और काम की रफ्तार धीमी पड़ जाती है। इसलिए, जरूरी है कि ऐसी स्थिति में आप बेहतर विकल्प ढूंढें। इससे आप अपने टारगेट से विचलित नहीं होंगे और धीरे-धीरे इन बातों को इग्नोर करने लगेंगे। ये टिप्स आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

प्लानिंग को दें अहमियत

अपने डेली वर्क शेड्यूल के मुताबिक पूरी समझदारी और कुशलता का परिचय देते काम को अंजाम देना सीखें। इसलिए वर्कप्लेस पर जाने से पहले परफेक्ट प्लानिंग करें। एक्सपर्ट कहते हैं कि अपने काम को व्यवस्थित करने के लिए रिमांइडर का प्रयोग करें। आज के दौर में हर किसी के फोन में यह ऑप्शन होता है। काम के प्रेशर में कई बार दिमाग से जरूरी बातें स्किप कर जाती हैं। इसके साथ-साथ डायरी में भी जरूरी बातों को दर्ज करें। इससे जरूरी प्रॉजेक्ट से संबंधित बातों के भूलने के चांस कम हो जाएंगे। इसके साथ ही आजकल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एप्स मार्केट में उपलब्ध हैं। इसका इस्तेमाल वे प्रोजेक्ट को अपडेट करने के लिए कर सकते हैं।

डिस्ट्रैक्टशन एलिमेंट्स को पहचानें

यह जरूरी है कि आप डिस्ट्रैक्ट करने वाली चीजों को पहचानें। मान लें कि आपने वीकेंड प्लान बनाया है और उसी दौर में आपको किसी अहम प्रॉजेक्ट का हिस्सा बनना पड़ सकता है, तो आप थोड़ी देर के लिए विचलित हो सकते हैं। जीवन में ऐसी ही कई वजहें हैं, जो वर्कप्लेस या घर पर विचलन का कारण बन सकती हैं। ऐसे में प्रैक्टिकल अप्रोच के साथ आगे बढ़ना जरूरी है। पहला तो खुद को शांत रखें, तब जाकर आप सार्थक हल तक पहुंच सकेंगे। एक्सपर्ट कहते हैं कि जब आप ऐसी किसी भी परिस्थिति का सामना सफलता पूर्वक करते हैं और इससे बाहर आ जाते हैं, तो खुद का आत्म विश्वास बढ़ता है। आपको लगता है कि आपने खुद पर जीत हासिल की है। इससे आपका माइंडसेट बदलने लगता है और आप मजबूत इरादों के साथ ऐसी किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

उनसे ऐसे बनाएं दूरी

पूरी तरह से ध्यान भंग करने वाली चीजों से खुद को दूर रखें। आप एक वॉल तैयार करें। जब आप खुले ऑफिस का हिस्सा होते हैं, तो काफी चीजें आपके ध्यान को भटकाने के लिए होती हैं। ऐसे में आपने खुद को भीतर से मजबूत बना लिया है, तो भटकाव की स्थिति पैदा ही नहीं होगी। दूसरा, ऑफिस में किसी अहम प्रॉजेक्ट पर कार्य कर रहे हैं, तो ऐसे समय आपका पूरा ध्यान आपके वर्क पर ही होना चाहिए। आप सोशल मीडिया के दौर में हैं और चाहकर भी आप इससे खुद को अलग नहीं कर सकते हैं। एक कम्यूनिकेशन एक्सपर्ट कहते हैं कि सोशल मीडिया का महत्व अपनी जगह है, लेकिन ऑफिस ऑवर में इससे ज्यादा जुड़े होने से प्रॉजेक्ट पर आप अच्छे से ध्यान नहीं दे पाते हैं। खास तौर पर ऑनलाइन शॉपिंग ऑप्शन के बाद से ज्यादातर एम्प्लॉई इसका उपयोग ऑफिस ऑवर में करते हैं, जो कि सही नहीं है। इससे आपके ऊपर ही वर्क प्रेशर क्रिएट होता है। इससे यहां पर समय निर्धारित करें और जरूरी मैसेज पर ही ध्यान दें।

सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
छठी मंजिल, प्लेट-बी, एनबीसीसी ऑफिस कॉम्प्लेक्स टावर-2, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023 (एक शेड्यूल 'ए' मिनीरत्न कंपनी) CIN No. U40106DL2011GOI225263

अधिसूचना संख्या. 01/2026

अनुभवी पेशेवरों के लिए भर्ती

सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (जिसे आगे सेकी कहा जाएगा) नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक नवरत्न अनुसूची 'ए' केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है। सेकी कार्यकारी निदेशक (वित्त) के पद हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। इसका विवरण नीचे दिए गए हैं:

क्र. सं.	पद	ग्रेड	आईडीए पैटर्न में वेतनमान	पदों की संख्या
1.	कार्यकारी निदेशक (वित्त)	ई-9	₹150000–300000/– (आईडीए)	01 (अना)

ओबीसी/एससी/एसटी/ईडब्ल्यूएस/दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण/छूट/रियायत भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार प्रदान की जाएगी। अधिक विस्तृत सूचना हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.seci.co.in के 'Career' अनुभाग पर जाएं।

ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक 09.02.2026 (प्रातः 11:00 बजे) से प्रारंभ होगा तथा 10.03.2026 (सायं 5:00 बजे) को बंद हो जाएगा।

स्वच्छ भारत – स्वच्छ ऊर्जा

राष्ट्र की रक्षा के लिए
बेहतरीन तकनीकी समाधान

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
(CIN: L32309KA1954GOI000787)

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एक नवरत्न पीएसयू है और भारत की रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी है और यह बेंगलूरु और गाजियाबाद में स्थित अपनी केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला के लिए स्थायी आधार पर उत्कृष्ट अनुभवी पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करती है।

पद/ग्रेड	पदों की संख्या	आरक्षण	योग्यता	31.12.2025 को योग्यता पश्चात अनुभव	01.01.2026 को सामान्य/अनारक्षित अभ्यर्थी के लिए ऊपरी आयु
सदस्य (अनुसंधान स्टाफ) ई-III	10	अनारक्षित-6 अ.प.व (गै.क्री.व)-2 अनुसूचित जाति -1 अनुसूचित जनजाति-1	किसी भी विश्वविद्यालय कॉलेजों से निम्नलिखित क्षेत्रों में पी.एच.डी. डिग्री की मान्यता प्राप्त करी हो: एयरोस्पेस/नागरिक उड्डयन-1 पद, एआई-3 पद, संचार-3 पद, साइबर सुरक्षा-1 पद, रोबोटिक्स/स्वायत्त प्रणाली-1 पद, क्वांटम प्रौद्योगिकी-1 पद	न्यूनतम 4 वर्षों का उद्योग अनुभव	37 वर्ष

आवेदन करने के लिए, वेतनमान और अन्य विवरण के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट www.bel-india.in देखें। केवल भारतीय नागरिकों को आवेदन करने की आवश्यकता है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 02.04.2026 है।

उप महाप्रबंधक (मा सं.व प्रशा)

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम)

सांकेतिक विज्ञापन

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, दिल्ली की जीवन रेखा, निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है–

क्र. सं.	पदनाम	पद की संख्या	पद वेतनमान (आईडीए)	आधार	आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि
1.	मैनेजर/सेफ्टी	एक (01)	₹ 25,000 – 80,000/–	सीधी भर्ती के आधार पर	09.03.2026

यह विज्ञापन केवल सांकेतिक है। विस्तृत रिक्त अधिसूचना और पात्रता मानदंड, योग्यता, अनुभव, चयन की आयु सीमा, आधार आदि का विवरण दिल्ली मेट्रो की वेबसाइट www.delhimetrorail.com के कैरियर सेक्शन पर विज्ञापन संख्या डीएमआरसी/पीस/22/एचआर/2026 (222) के अंतर्गत उपलब्ध है।

महाप्रबंधक (मानव संसाधन)/परियोजना
दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
मेट्रो भवन, फायर ब्रिगेड लेन,
बाराखंभा रोड, नई दिल्ली

विज्ञापन सं.: डीएमआरसी/983/2026

मुंबई पत्तन प्राधिकरण

नियमित आधार पर **हिंदी अनुवादक ग्रेड-II के वर्ग-III के 04 पदों (03 अनारक्षित, 01 अनुसूचित जनजाति)** हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

विस्तृत विज्ञापन एमबीपीए की वेबसाइट **www.mumbaiport.gov.in (People & Career/Jobs/Advertisement menu)** पर उपलब्ध है। उक्त पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारोंको विस्तृत विज्ञापन में दी गई प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करना आवश्यक है।

आवेदन तथा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि **18/03/2026** है।

MbPA-53-2025 प्रबंधक (मानव संसाधन)

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 26-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG9 User: cci Time: 02-26-2026 00:09 Color:

फटाफट खबरें

पेड़ से टकराई बाइक, तीन युवकों की मौत

■ NBT न्यूज, सीतापुर : महमूदाबाद इलाके में शादी से लौट रहे तीन युवकों की बाइक बाकरनगर के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में रयान सुहेल (23) की मौके पर मौत हो गई, जबकि गंभीर घायल शुभम (21) और देवकांत (30) ने लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में दम तोड़ दिया। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे से तीन गांवों में मातम है।

'त्योहारों पर बरती जाएगी सतर्कता'

■ NBT न्यूज, अमेठी/सुलतानपुर : पुलिस उपमहानिरीक्षक (DIG) अयोध्या रेंज सोमेन बर्मा बुधवार को अमेठी और सुलतानपुर के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अमेठी एसपी सरवणन टी. और सुलतानपुर एसपी चारु निगम व सभी थाना प्रभारियों, पुलिस उपाधीक्षकों के साथ मीटिंग कर त्योहारों के लिए निर्देश दिए। DIG ने कहा है कि पुलिस त्योहारों पर पूरी सतर्कता बरतेगी जिससे त्योहार शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न हो सकें।

PSIT में हंगामा, पुलिस ने संभाले हालात

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर : सचेंडी स्थित प्रणवीर सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलजी (PSIT) में बुलडोजर से टकराकर छात्र प्रखर सिंह (21) की मौत के बाद छात्रों ने बुधवार को जमकर हंगामा किया। नाराजगी और तोड़फोड़ के बीच पुलिस से धक्कामुक्की हुई। हालात काबू करने को पुलिस ने लाठियां पटकीं। कुछ छात्र घायल हुए। डीसीपी कासिम आबिदी ने बताया कि कॉलेज 8 मार्च तक बंद कर दिया गया है। दुर्घटना सोमवार शाम हुई थी।

₹25 हजार रिश्वत लेते लेखपाल अरेस्ट

■ NBT न्यूज, बस्ती : रुधौली तहसील में तैनात लेखपाल प्रेमपाल को ऐंटी करप्शन टीम ने 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए अरेस्ट किया है। टीम आरोपित लेखपाल को हिरासत में लेकर वॉल्टरगंज थाने ले गई और रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता बिहारीलाल का आरोप है कि राजस्व संबंधी काम के लिए लेखपाल प्रेमपाल ने 75 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। इसके बाद ऐंटी करप्शन टीम से शिकायत की।

पत्नी के प्रेमी की बाजार में गोली मारकर हत्या

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ : खसूम इलाके में बुधवार दोपहर बाजार में बाइक सवार युवक ने पत्नी के प्रेमी सुरेंद्र उर्फ टूला की ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या कर दी। हमले में सुरेंद्र के सिर व कमर में चार गोलियां लगी और उसकी मौके पर मौत हो गई। आरोपित वारदात के बाद फरार हो गया। मृतक के भाई ने सनौता निवासी प्रदीप धीमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस के अनुसार, पत्नी को लेकर पुरानी रंजिश में घटना हुई। आरोपित की तलाश जारी है।

शिवराज सिंह ने किए रामलला के दर्शन

■ NBT न्यूज, अयोध्या : केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को हनुमानगढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन-पूजन किया। राम मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों से संवाद कर गन्ना, आलू व दौहरी फसल के लाभ पर चर्चा की। किसानों को अन्नदाता बताते हुए विकसित भारत के संकल्प को दोहराया।

छात्राओं सहित तीन को कुचला, एक की मौत

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: टिकैतनगर के बसंत क्रांति इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की परीक्षा देने एक साइकल से जा रही दो छात्राओं सहित तीन लोगों को बुधवार सुबह तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने रौंद दिया। हादसे में शेखपुर की निवासी कामिनी रावत(15) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साइकल चला रहे उमरौली निवासी अभिषेक व उसकी बहन जान्सी (16) घायल हो गई।

बजगहनी से बड्डूपुर तक चौड़ी होगी सड़क

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: लोक निर्माण विभाग बजगहनी से बड्डूपुर तक रोड के 14 किमी लंबी सड़क को साढ़े पांच मीटर चौड़ा करेगा। अभी सड़क तीन मीटर चौड़ी है। इससे 25 राजस्व ग्रामों के नागरिकों को राहत मिलेगी। PWD खंड तीन के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राय ने बताया कि शासन ने 38 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें से 22.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस रास्ते में आने वाली 1712 पेड़ और 588 बिजली पोल जल्द ही हटाए जाएंगे।

वाराणसी में खुलेगा NFSU का कैंपस

■ NBT न्यूज, वाराणसी : नेशनल फरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (NFSU) गुजरात का कैंपस वाराणसी में खुलेगा। उत्तर भारत के इस पहले केंद्र में यूपी, बिहार समेत आसपास के राज्यों के फरेंसिक सैंपलों की जांच की जाएगी। फरेंसिक और संबंधित 70 से अधिक कोर्स संचालित होंगे। NFSU के निदेशक डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि अप्रैल में जाल्हूपुर स्थित समेकित विद्यालय परिसर में ट्रांजिट कैंपस शुरू होगा।

'AI समिट की नहीं थी पर्याप्त तैयारी'



■ NBT रिपोर्ट, कानपुर : सपा प्रमुख अखिलेश यादव बुधवार को उन्नाव और कानपुर के दौरे पर थे। कानपुर के बिरहाना रोड की एक नामी दुकान पर अखिलेश ने समोसे खाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट की पर्याप्त तैयारी नहीं की थी। अविमुक्तेश्वरानंद पर कहा कि शंकराचार्य का सम्मान होना चाहिए। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल के गाय काटने वाले बयान पर कहा कि भाजपाई कसाई बन गए हैं।

अयोध्या: रोजगार मेला आज, 5 हजार को मौका

■ NBT न्यूज, अयोध्या : क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय और डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विवि के संयुक्त तत्वावधान में 26 फरवरी को आईईटी परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन होगा। 50 से अधिक कंपनियां 5,000 से ज्यादा पदों पर भर्ती करेंगी।

अविमुक्तेश्वरानंद पर आरोप लगाने वाले आशुतोष बोले-

'विदेश और राजनीतिक पार्टियों से चंदा लेते हैं'

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के ऊपर बाल यौन शोषण का केस दर्ज करवाने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी ने शंकराचार्य को तत्काल जेल भेजने की मांग की है। बुधवार को लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान आशुतोष ब्रह्मचारी ने आरोप लगाया कि अविमुक्तेश्वरानंद सनातन धर्म का चोला ओढ़कर विदेश और राजनीतिक दलों से पोषित हैं। इसी कारण माघ मेले में गंगा में उन्हें स्नान करने से रोका गया।

आरोप लगाया कि अविमुक्तेश्वरानंद के गुरु को ही शंकराचार्य की उपाधि नहीं मिली थी। कहा कि पुलिस प्रशासन को अविमुक्तेश्वरानंद को गिरफ्तार कर तत्काल जेल में डालना चाहिए। यह भी आरोप लगाया कि वह मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर विद्यामठ सहित अन्य स्थानों पर यौन शोषण करते हैं।

एआई से बनी थी फोटो

प्रयागराज के एक पुलिस अधिकारी के साथ वायरल फोटो पर कहा कि वह एआई से बनी थी। इसके खिलाफ वह कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने कहा कि वह कोई हिस्ट्रीशीटर नहीं हैं न ही उनके ऊपर कोई अपराध साबित हुआ है। बल्कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर आठ मुकदमे हैं। आशुतोष ने दावा किया कि बटुकों से कुकर्म में अविमुक्तेश्वरानंद समेत कई कांग्रेस-सपा के नेता व वीआईपी लोग भी शामिल हैं। इसमें उनके आश्रम के दो और लोग भी शामिल हैं। आशुतोष ने अविमुक्तेश्वरानंद को पर्दे के पीछे से सहयोग करने वाले प्रदेश के एक उप मुख्यमंत्री के शामिल होने की बात कही। हालांकि उनका नाम बताने से परहेज किया।

आशुतोष ब्रह्मचारी | स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

शंकराचार्य ने जांच पर उठाए सवाल

'पुलिस विवेचना की जानकारी लीक हो रही'

■ NBT न्यूज, वाराणसी : बाल यौन शोषण के आरोपों से घिरे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बुधवार शाम श्रीविद्या मठ में मीडिया से बात कर पॉक्सो ऐक्ट के मुकदमे की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि मुकदमा दर्ज कराने वाले आशुतोष महाराज ने एक वीडियो में पुलिस पर जोर बनाया है, जिसमें विवेचना से जुड़ी गोपनीय जानकारी साझा की जा रही है। स्वामी ने एक कथित स्क्रीनशॉट दिखाते हुए कहा कि पुलिस की जांच की सूचनाएं पीड़ित-पक्ष तक पहुंच रही हैं, जिससे जांच की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। अविमुक्तेश्वरानंद ने प्रशासन से मांग की कि सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उनका कहना था कि जिन बच्चों के यौन शोषण की बात कही जा रही है, वे लंबे समय से आशुतोष महाराज के साथ रह रहे हैं और उनके शिष्य के रूप में कार्य करते हैं। श्रीविद्या मठ में शीशमहल और स्विमिंग पूल होने के आरोपों को भी उन्होंने खारिज किया। स्वामी ने कहा कि मठ सभी के लिए खुला है। यहां कोई रहस्य या विशेष सुविधा नहीं है।

फोटो पर पलटवार

हिंदुत्व के मुद्दे पर कहा कि केवल वेशभूषा धारण कर स्वयं को हिंदू बताने वाले से ही हिंदुत्व को खतरा है। उन्होंने आशुतोष महाराज के एआई जनरेटेड फोटो संबंधी बयान पर भी पलटवार किया। उनका कहना था कि प्रयागराज के अधिवक्ता पुलिस कमिश्नर के साथ फोटो आशुतोष महाराज के सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट की गई थी, ऐसे में उसकी जिम्मेदारी भी उन्हीं की है।

'शंकराचार्य विवाद को सुलझाने के लिए अखाड़े करें पहल'

■ NBT न्यूज, अयोध्या : अयोध्या के श्रीसंकट मोचन हनुमान किला के महंत परशुराम दास ने कहा है कि अविमुक्तेश्वरानंद के विवाद को राजनीतिक न बना कर इसका हल निकालने के लिए अखाड़ों को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि विवाद से आपसी कटुता बढ़ रही है। जो संतों में चिंता का विषय है। इस तरह के विवाद से सनातन धर्म की एकता और ताकत प्रभावित होती है।

शंकराचार्य के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन

■ NBT न्यूज, वाराणसी : बाल यौन शोषण के आरोपों से घिरे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन और भाजपा सरकार के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता बुधवार को सड़क पर उतरे। शास्त्री घाट से जुलूस निकालते हुए वे जिला मुख्यालय पहुंचे और सड़क पर प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश को लेकर पुलिस से नोकझोंक भी हुई। बाद में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में सौंपा। महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

दोनों नाबालिग के बयान दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मामले में पुलिस ने दूसरे नाबालिग का मेडिकल करवा लिया है। एसीपी झूंसी विमल कुमार मिश्र टीम के साथ स्वरूपरानी स्थित एक अस्पताल में नाबालिग को लेकर पहुंचे। पुलिस को अब रिपोर्ट का इंतजार है। वहीं दोनों बालकों को कोर्ट के समक्ष पेश कर बयान दर्ज करा दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक एक टीम जल्द ही स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के मठ में जाकर पूछताछ करेगी।

अलंकार बोले-अविमुक्तेश्वरानंद को साजिश करके फंसाया जा रहा

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : बरेली के पूर्व सिटी मैजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को सोची-समझी साजिश के फंसाया जा रहा है और उन्हें अपमानित करने का प्रयास किया जा रहा है। कहा कि गौतस्करी, दुष्कर्म का आरोपी शंकराचार्य को अपमानित करने का दुस्साहस कर रहा है। यह सनातन धर्म पर प्रहार है। जो खुद हिस्ट्रीशीटर रहा हो वह दूसरे पर कैसे आरोप लगा सकता है। बुधवार को वह संगमनगरी पहुंचे और श्री बड़े हनुमानजी का आशीर्वाद लिया।

बंदरों के आतंक पर हाई कोर्ट सख्त, मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने गाजियाबाद, मथुरा समेत प्रदेश में बढ़ते मानव-बंदर संघर्ष पर तैयार एसओपी के तहत की गई कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की है। न्यायमूर्ति एम.सी. त्रिपाठी व न्यायमूर्ति कुणाल रवि सिंह की बेंच ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से शपथपत्र मांगा।

सरकार ने बताया कि रीसस मकाक (बंदर) की संख्या और हॉटस्पॉट क्षेत्रों के वैज्ञानिक आकलन हेतु विस्तृत सर्वेक्षण जरूरी है, जिसमें लगभग एक साल लगेगा। उच्च स्तरीय समिति गठित कर एसओपी के तहत कार्रवाई की जा रही है। कोर्ट ने विशेष रूप से गाजियाबाद व मथुरा सहित अन्य जिलों में उठाए गए ठोस कदमों का विस्तृत एक्शन प्लान अगली तारीख से पहले पेश करने को कहा।

'बिना वैध चुनौती के शासनादेश असंवैधानिक नहीं'

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सहानुभूति के आधार पर मृतक आश्रित कोटे में सहायक अध्यापक नियुक्ति न देने संबंधी एकल जज के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। आदेश जस्टिस एस.डी. सिंह और जस्टिस इंद्रजीत शुक्ला की बेंच ने मेरठ निवासी अनिरुद्ध यादव की विशेष अपील पर दिया।

अपील में दलील दी गई कि 4 सितंबर 2000 और 15 फरवरी 2013 के शासनादेशों की उनकी वैधता को प्रत्यक्ष चुनौती दिए बिना असंवैधानिक नहीं ठहराया जा सकता। बेंच ने माना कि विधिवत चुनौती के अभाव में शासनादेश को अल्ट्रा वायर्स (असंवैधानिक) घोषित नहीं किया जा सकता।

गाजियाबाद के स्कूल में घुसा तेंदुआ

गाजियाबाद में गोविंदपुरम के जी ब्लॉक स्थित एक स्कूल में बुधवार सुबह तेंदुआ दिखाई दिया। गार्ड ने पुलिस और वन विभाग को सूचना दी। टीम मौके पर पहुंची और करीब 7 घंटे बाद ट्रेंकुलाइजर गन से तेंदुए को बेहोश कर पिंजड़े में कैद किया गया। बाद में उसे सहारनपुर की शिवालिक पहाड़ियों में छोड़ा जाएगा।

PTI

स्कूल के CCTV में तेंदुआ दिखा था।

पिता-बेटी के स्नेह से खफा सौतेली मां ने मासूम को मार डाला

■ NBT न्यूज, गोरखपुर : पिपराइच थाना क्षेत्र के बिजहरा गांव में एक दिल दहला देने वाली वारदात में सौतेली मां ने तीन वर्षीय अदिति की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित महिला पूजा को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया गया कि त्रिवेणी मौर्य की पहली पत्नी का दो वर्ष पूर्व निधन हो गया था और उन्होंने एक माह पहले दूसरी शादी की थी। परिवारीजनों के अनुसार, पिता-बेटी के स्नेह से खफा होकर पूजा ने वारदात को अंजाम दिया। घटना मंगलवार आधी रात की है। ग्रामीणों ने आरोपित को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर ली गई है।

राज्यपाल ने ग्रीन आर्मी की महिलाओं से किया संवाद

राज्यपाल आनंदीबेन ने महिलाओं को ठेला और बच्चियों को साइकल दी।

■ NBT न्यूज, वाराणसी : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल बुधवार देर शाम वाराणसी पहुंचीं। शहर से दूर शहर से दूर असवारी गांव में चौपाल लगाकर उन्होंने ग्रीन आर्मी की महिलाओं के साथ सीधा संवाद किया। राज्यपाल ने समाज को बदलने में ग्रीन आर्मी के योगदान की सराहना करते हुए उनका हौसला बुलंद किया। कहा कि नशा मुक्ति अभियान हो या बालिका शिक्षा या फिर समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ ग्रीन आर्मी का प्रयास अनुकरणीय है।

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने ग्रीन आर्मी की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद के स्टॉल और सिलाई सेंटर देखा और गरीब महिलाओं को रोजगार के लिए ठेला और बालिकाओं को स्कूल जाने के लिए साइकल दी। ग्रीन आर्मी पर पुस्तक का विमोचन भी किया। ग्रीन आर्मी का गठन करने वाले होप वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव दिव्यांशु उपाध्याय ने बताया कि काशी को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान को साकार करने को घाटों पर पर्यटकों द्वारा स्नान कर छोड़े गए कपड़ों से ग्रीन आर्मी की महिलाएं द्वारा बनाए जाने वाले आकर्षक बैग नगर निगम को दिया जाता है। कार्यक्रम के दौरान डीएम सत्येंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

बाराबंकी: BSNL के VIP मोबाइल नंबरों के ई-सिम स्वैपिंग का केस

अंबेडकरनगर की फ्रेंचाइजी की भी मिलीभगत, जांच तेज

■ चंद्रकांत मौर्य, बाराबंकी: भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के पूर्वी परिमंडल के 101 वीआईपी सिमों की ई-सिम स्वैपिंग मामले में अंबेडकरनगर के एक फ्रेंचाइजी एसके कम्युनिकेशन की भूमिका भी सामने आई है।

विभागीय जांच में पता चला है कि प्रयागराज के सुरेश चंद्र के नाम जारी वीआईपी सिम नंबर (9473999999) की ई-सिम स्वैपिंग फर्जी आधार कार्ड के जरिए की गई थी। इस नंबर पर अन्य आठ वीआईपी नंबरों की ई-सिम स्वैपिंग के लिए ओटीपी मंगवाया गया। बीएसएनएल के उप महाप्रबंधक परिचालन डीके सिंह ने अंबेडकरनगर के उप महाप्रबंधक परिचालन को पत्र लिखकर फ्रेंचाइजी की भूमिका की जांच का आग्रह किया है। वहीं, साइबर थाना के इंस्पेक्टर अच्छे लाल सरोज ने बताया कि ई सिम स्वैपिंग मामले में शामिल लोगों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

48 सिम बीएसएनएल में वापस पोर्ट कराए गए : बाराबंकी के ग्राहक सेवा केंद्र पर तैनात जेटीओ भूपेंद्र वर्मा की लॉगिन आईडी से पूर्वी परिमंडल के 31 जिलों के 101 वीआईपी नंबरों की ई-सिम स्वैपिंग की गई। 10 फरवरी को मामला सामने आने के बाद गोंडा के एक ग्राहक को उसका मूल सिम वापस करा दिया गया। 52 सिम कार्डों की पोर्ट करने की प्रक्रिया रोककर ब्लॉक कर दिया गया था। शेष 48 सिम की पोर्ट प्रक्रिया निरस्त कर बीएसएनएल को वापस करा लिया गया। इन्हें पहचान पत्र मुहैया कराए जाने पर मूल ग्राहकों को जारी किया जाएगा।

80 कर्मचारियों की लॉगिन आईडी निरस्त

फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद बीएसएनएल बाराबंकी डिवीजन ने अपने अधीनस्थ 80 कर्मचारियों व अधिकारियों को जारी प्वाइंट ऑफ सेल (पॉस) निरस्त कर दिया है। अब केवल 10 अधिकारी व कर्मचारियों को ही यह सुविधा मिली हुई है।

₹21.25 करोड़ से निखरेगा 14 कोसी परिक्रमा मार्ग

■ NBT न्यूज, अयोध्या : करीब 45 किमी लंबे 14 कोसी परिक्रमा मार्ग को श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक 'आस्था पथ' के रूप में विकसित किया जा रहा है। कार्तिक माह की अक्षय नवमी पर आयोजित इस परिक्रमा में हर वर्ष लगभग 30 लाख श्रद्धालु नंगे पांव शामिल होते हैं। ऐसे में निर्माण कार्य इस तरह किया जा रहा है कि श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और आकर्षक अनुभव मिल सके।

यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा के अनुसार, योजना की कुल लागत 21.25 करोड़ रुपये है। परियोजना में विश्राम गृह, स्तंभ, कुंडों का निर्माण व सौंदर्यीकरण, इंटरप्रिटेशन वॉल, शिलालेख, डायरेक्शनल साइनेज, पाथवे, स्टोन बेंच, डस्टबिन, लाइटिंग, प्रवेश द्वार, बाउंड्रीवॉल और छतरी निर्माण शामिल है। डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने कहा कि यह प्रोजेक्ट धार्मिक महत्व के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगा।

ऐतिहासिक महत्व पर भी जोर

मार्ग पर लक्ष्मी सागर कुंड, वैतरणी कुंड, निर्मली कुंड, गिरिजा कुंड और विभीषण कुंड का विशेष रूप से जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इंटरप्रिटेशन वॉल और शिलालेखों के माध्यम से रामायण प्रसंगों व ऐतिहासिक महत्व की जानकारी दी जाएगी।

---

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का दिन है, इसलिए प्रयत्नशील रहें। कारोबार के लिए छोटे मोटे पार्ट टाइम कार्य के लिए समय निकालना आसान रहेगा। काफी संघर्ष के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। अब धीरे-धीरे आपका भाग्य साथ देगा। बढ़ते हुए आर्थिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज आपके परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन की चर्चा चलेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थायी प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की ही खरीदारी करनी चाहिए। शाम के समय किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है। यात्रा का योग भी बन रहा है।

GEMINI 21 May - 21 Jun
आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। स्वयं आपकी नजर भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। प्रगति की इस गति को स्थायी रखना आपका प्रमुख कार्य होना चाहिए अन्यथा आगे चलकर प्रतिष्ठा को धक्का लग सकता है।

CANCER 22 Jun - 22 July
आज का दिन किसी बहन भाई की चिंता व्यतीत होगा, क्योंकि आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए तत्पर रहते हैं। आज भी यह चिंता आपको परेशान कर सकती है। यदि सबकी सहमति हो जाए तो कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बनाएं। इससे भविष्य में आपको लाभ हो सकता है। मित्रों से सहयोग मिलता रहेगा।

LEO 23 July - 22 Aug
आज आपको कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान करेगी क्योंकि पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं है। अस्थिरता आपका पीछा नहीं छोड़ रही है। नौकरी, व्यवसाय आदि के क्षेत्र में यदि आप पूर्ण सुधार चाहते हैं तो आपको आलस्य व आराम को त्यागना पड़ेगा। काम में तेजी लानी होगी।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आपकी राशि का स्वामी पंचम पद में आ चुका है, मंगल के साथ पाप के प्रभाव में है। इसलिए विशेष प्रकार की भागदौड़ आपको करनी पड़ेगी। हालांकि, उसके नतीजे भी लाभदायक होंगे। फिलहाल तो आप अपने कार्यों को उत्साहपूर्वक पूरा करें। कुछ समय बाद इससे भी बेहतरीन अनुबंध आपको प्राप्त होगा।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज आप अकारण ही चिंतित और परेशान रहेंगे। शुक्र के कारण कुछ परेशानियां तो वास्तविक हैं ही कुछ आप अपने अदूरदर्शी स्वभाव के कारण स्वयं भी खड़ी कर लेते हैं। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में विरोधी खड़े हो सकते हैं। आप अपने साहस और बुद्धिमानी से ही इन लोगों को पराजित कर सकते हैं। इसलिए मन की दुर्बलता व दुर्गुणों का त्याग करें।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आज अकस्मात मनलायक समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव आपके ऊपर हावी न होने दें। बनते-बिगड़ते परिवेश में नवीन योजना सफल होगी। पुराने झगड़े झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का फायदा भी मिल सकता है। रुका हुआ धन वाणिज्य से मिलेगा, रोजमर्रा के कामों में लापरवाही न बरतें। व्यावसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रात के समय मांगलिक उत्सवों में जाने का अवसर मिलेगा।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज सामाजिक, धार्मिक कार्यों में भाग लेते रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा। ग्रह चाल भाग्य विकास में सहायक है। क्रय-विक्रय के व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें। धार्मिक स्थानों की यात्रा की भूमिका आज बन सकती है।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
उच्चाधिकारियों की घनिष्ठता से लाभ उठाने का सुअवसर आज दिन भर बना रहेगा। आयात निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। अध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा, मनोरंजन का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका मिलना सुखद होगा।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आपकी राशि का स्वामी-देवगुरु बृहस्पति ज्ञान विज्ञान का भंडार है। इसलिए उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खुलेंगे। अध्ययन व अध्यात्म में रुचि बढ़ना स्वाभाविक है। विवादग्रस्त प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को उधार रुपया उधार न दें वापस नहीं मिलेगा। माता-पिता और गुरु की सेवा, देव पूजन में भी ध्यान लगाना न भूलें।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

नया वर्ष रजत पाद से प्रवेश कर रहा है। करारी शेष में राजनीतिक क्षेत्र में लाभ मिल सकता है। मार्च में ग्रह चाल मध्यम है, गुप्त शत्रुओं के षड्यंत्र से बचें। अप्रैल, मई और जून पूर्वार्ध शुभ रहेगा। व्यय से अधिक लाभ होगा। कुशल जातकों के भाग्य का उदय जुलाई से लेकर अगस्त तक होगा। बुध के सहयोग से अधिकांश जातकों के बौद्धिक, धार्मिक और व्यावसायिक प्रयास सार्थक होंगे। सितंबर, अक्टूबर में कुछ अनावश्यक प्रश्नों के कारण परेशानी रहेगी। बौद्धिक कामों से जुड़े महानुभाव इस वर्ष नवंबर में अपने काम काज का विस्तार करेंगे। जो जातक नौकरी पेशा हैं, उनका मनोवांछित जगह पर बदलाव भी दिसंबर और जनवरी तक मामूली प्रयासों से हो जाएगा। 1 फरवरी 2027 से लेकर 28 फरवरी तक सभी स्थितियां सामान्य सुखद रहेंगी। महिलाओं के लिए वर्ष अधिक लाभप्रद है। विद्यार्थियों को नियमित सहज परिश्रम से ही सफलता प्राप्त हो जाएगी। मंगल आपकी राशि के अनुकूल नहीं है इसलिए श्री सुंदरकांड पाठ एक नित्य रात में 8 बजे के बाद शुद्ध घी का दीपक जलाकर 40 दिन तक करें। शनिवार को शाम के समय पीपल के नीचे सरसों के तेल का दीया जलाएं। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(शुक्रवार, 27 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति फाल्गुन 8, शक संवत 1947, फाल्गुन शुक्ल एकादशी, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082। सौर फाल्गुन मास प्रविष्टे 16, रमजान 9, हिजरी 1447 (मुस्लिम), एवं अनुसार अंग्रेजी तारीख 27 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, वसंत ऋतु। राहु काल पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजे तक एकादशी तिथि रात 10 बजकर 33 मिनट तक के बाद द्वादशी तिथि का आरंभ। आर्द्रा नक्षत्र पूर्वाह्न 10 बजकर 49 मिनट तक के बाद पुनर्वसु नक्षत्र का आरंभ। आयुष्मान योग शाम 7 बजकर 44 मिनट तक के बाद सौभाग्य योग का आरंभ। वणिज करण पूर्वाह्न 11 बजकर 34 मिनट तक के बाद बव करण का आरंभ। चंद्रमा अर्धरात्रोत्तर 3 बजकर 53 मिनट तक मिथुन के बाद कर्क राशि पर संचार करेगा।

सुडोकू

	1				2	4	5	
		2	6			7		
				5				
6			1		3	9		
	5	9				1	7	
		3	5		8			4
				3				
		6			5	2		
	4	1	8				6	

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू
10:00 बड्डूपुर बुझक्कड़
11:00 सद्‌ के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्ण
13:30 भ से भाई
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
16:30 प्यार मोहब्बत हैपी लकी
19:30 रुद्र के रक्षक
21:00 वीरा

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in